चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 272, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज बुधवार 1 नवंबर 2023 विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## योगी कैबिनेट ने प्रत्यक्ष विदेशी निवेश नीति को दी मंजूरी

**लखनऊ**

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को यहां लोकभवन में हुई कैबिनेट बैठक में 20 प्रस्ताव पास हुए हैं। कैबिनेट के समक्ष कुल 21 प्रस्ताव अनुमोदन के लिए रखे गए थे। कैबिनेट की बैठक के बाद वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने कैबिनेट के फैसलों के बारे में विस्तार जानकारी दी है। मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि अवस्थापना एवं औदयोगिक निवेश नीति अंतर्गत सैमसंग इंडिया इलेक्ट्रॉनिक लिमिटेड व एलजी समूह के सबंध में प्रस्ताव को मंजूरी मिली है। एफडीआई के माध्यम से निवेश पॉलिसी को मंजूरी। 100 करोड़ रुपये के पूंजी निवेश से अधिक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश पर यह नीति लागू होगी। लैंड परचेज सुविधा, स्टाम्प ड्यूटी में छूट, कैपिटल इन्वेस्टमेंट मे 25 से 30 फीसदी की सुविधा दी जाएगी। यह नीति 05 वर्ष के लिए लाई गयी है। जनपद मिजार्पुर, सोनभद्र में जनजातीय संग्रहालय स्थापना का प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी है। केंद्रीय सहायता प्राप्त प्रोजेक्ट होगा। संग्रहालय में थारु, बुक्सा, गोंड, खरवार, सहरिया, बैगा, अगरिया, पटारी, चेरो, कोल आदि 15 जनजातियां शामिल होंगी। कुल बजट 2486 लाख 46 हजार रुपये निर्धारित है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के जनपदों में नए थाना भवनों को मंजूरी मिली है। वाराणसी में थाना शिवपुर, गाजियाबाद में थाना टीला मोड़, फिरोजाबाद थाना दक्षिण, आगरा थाना शाहगंज, गोरखपुर के कैम्पियरगंज में अग्निशमन केंद्र, जनपद मथुरा के वृन्दावन में नवीन थाना, लखनऊ गोमती नगर विस्तार के सेक्टर 04 में मॉडर्न थाना हेतु नवीन मंजिल बनाने को मंजूरी दी गयी है। कैबिनेट से प्राइवेट सुरक्षा अभिकरण नियमावली को भी मंजूरी मिली है। योगी कैबिनेट ने जनपद रामपुर में मुर्तजा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आवंटित भवन भूमि को मौलाना मो जौहर ट्रस्ट को वापस किये जाने के संबंध मे प्रस्ताव को अनुमोदन दिया है। इस भूमि को सरकार द्वारा वापस ली जाएगी। भवन भूमि का स्वामित्व राज्य सरकार माध्यमिक शिक्षा विभाग में निहित किये जाने का अनुमोदन हुआ है। वहीं मथुरा में निजी क्षेत्र के एस के एस



इंटरनेशनल विश्विद्यालय को मान्यता प्रदान की गयी है। प्रदेश में तीन नए राज्य विश्वविद्यालय की स्थापना को मंजूरी दी गयी है। देवी पाटन मंडल, विंध्याचल मंडल, मुरादाबाद मंडल में एक-एक विश्वविद्यालय की स्थापना होगी।

पीएम उज्वला योजनाः लाभार्थियों को मिलेगी निशुल्क सिलेंडर

पीएम उज्व्वला योजना के लाभार्थियों हेतु निशुल्क सिलेंडर दिये जाने को मंजूरी मिली है। आबकारी विभाग हेतु नई शीरा नीति को मंजूरी दी गयी है। इससे किसानों को लाभ होगा।

मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण योजना अंतर्गत छह प्राधिकरण को भूमि अर्जन हेतु राशि उपलब्ध करवाए जाने के संबंध में प्रस्ताव पास हुआ। अयोध्या विकास प्राधिकरण को 30 करोड़, मेरठ विकास प्राधिकरण को 200 करोड़, आगरा प्राधिकरण को 150 करोड़, वाराणसी आवास विकास परिषद को 400 करोड़, मुरादाबाद प्राधिकरण को 200 करोड़, कानपुर न्यू सिटी योजना हेतु 150 करोड़ को मंजूरी दी गयी है।

### एसएसआईटी के विलय प्रस्ताव को मंजूरी मिली

**ई.ओ.डब्ल्यू** में राज्य विशेष अनुसंधान दल (एसएसआईटी) के विलय प्रस्ताव को मंजूरी मिली है। चूंकि इनका नेचर ऑफ जॉब एक जैसा है, इसी तरह विशेष अनुसन्धान शाखा को-ऑपरेटिव (सहकारिता) को अपराध अनुसंधान विभाग अर्थात सीबीसीआईडी में विलय की मंजूरी दी गयी है। चूंकि इनका नेचर ऑफ जॉब एक जैसा था। पुलिस विभाग के यूपी 112 में कॉल सेंटर संचालन हेतु एजेंसी चयन के लिए प्रस्ताव व नई तकनीकी क्रियान्वयन को मंजूरी कैबिनेट से मिली है।

### राहुल गांधी ने मोदी सरकार पर साधा निशाना

## विपक्ष का फोन हैकिंग का दावा

**नई दिल्ली**

**विपक्षी** नेताओं की तरफ से मंगलवार सुबह दावा किया गया कि उनके फोन में सरकार-प्रायोजित हैकिंग से जुड़े चेतावनी संदेश आए। इस पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में कई लोगों को ऐसे संदेश आए हैं। इनमें केसी वेणुगोपा, सुप्रिया श्रीनेत, पवन खेड़ा शामिल हैं। भाजपा इस वक्त युवाओं का ध्यान भटकाने की कोशिश में है। राहुल ने कहा पहले मैं सोचता था कि सरकार में नंबर-1 प्रधानमंत्री हैं, दूसरे पर अदाणी और तीसरे पर अमित शाह हैं, लेकिन ये गलत है। सरकार में नंबर-1 अदाणी हैं, पीएम मोदी दूसरे नंबर पर हैं और अमित शाह तीसरे पर।



31 अक्तूबर 2023 की सुबह उस वक्त अफरातफरी का माहौल बन गया जब प्रियंका चतुर्वेदी, शशि थरूर, महुआ मोइत्रा, राघव चड्ढा समेत विपक्ष के कई नेताओं के पास एपल की ओर से अलर्ट आया कि उनके फोन को हैक किया जा सकता है। तमाम नेताओं ने एक्स अकाउंट पर एपल की ओर से आए नोटिफिकेशन का स्क्रीनशॉट किया और मोदी सरकार को आड़े हाथों लिया। एपल की ओर से अलर्ट आने के बाद विपक्ष ने सरकार पर हमला बोला है और जासूसी का आरोप लगाया है।

अलर्ट में क्या था?

'अलर्टः राज्य-प्रायोजित अटैकर्स आपके फोन को निशाना बना सकते हैं। एप्पल का मानना है कि आपको राज्य-प्रायोजित अटैकर्स द्वारा निशाना बनाया जा रहा है जो आपके एप्पल आईडी से जुड़े एप्पल को दूर से ही खतरे में डालने की कोशिश कर रहे हैं। आप कौन हैं या आप क्या करते हैं, इसके आधार पर ये हमलावर संभवतः आपको व्यक्तिगत रूप से निशाना बना रहे हैं। यदि आपकी डिवाइस या फोन के साथ किसी राज्य-प्रायोजित अटैकर ने छेड़छाड़ की है, तो वे आपके संवेदनशील डाटा, कैमरा और माइक्रोफोन को दूर से ही एक्सेस कर सकते हैं। कृपया इस चेतावनी को गंभीरता से लें।'

अलर्ट पर एप्पल ने क्या कहा

एप्पल ने अपने आधिकारिक बयान में कहा, "राज्य-प्रायोजित हमलावर बहुत अच्छी तरह से फंडिंग वाले और ट्रेंड हैं और उनके अटैक के तरीके समय के साथ बदलते रहते हैं। ऐसे साइबर अटैक का पता लगाना काफी मुश्किल है। कई बार ये अलर्ट झूठे भी साबित होते हैं। यह भी संभव है कि एपल की ओर से भेजे गए कुछ अलर्ट झूठे हो सकते हैं। हम इस बारे में जानकारी देने में असमर्थ हैं कि किस कारण से हमें खतरे की सूचनाएं जारी करनी पड़ रही हैं, क्योंकि इससे हैकर्स को मदद मिल सकती है। अस्त्रस्त्रह्ली ने यह अलर्ट उन लोगों को भेजा है जिनके अकाउंट करीब 150 देशों में एक्टिव हैं।'

क्या पहले भी ऐसा हो चुका है?

जी हां, यह दूसरी बार है जब एप्पल ने अपने यूजर्स को संभावित राज्य-प्रायोजित हमले की चेतावनी देते हुए ऐसी सूचनाएं भेजी हैं। 2021 में भी एप्पल और गूगल दोनों ने भारत सहित कई देशों के यूजर्स को इसी तरह का अलर्ट भेजा था जिसमें इस्राइली कंपनी एनएसओ के स्पाइवेयर पेगासस की मदद से दुनियाभर के कई लोगों के आईफोन को हैक किया गया था।

किसे मिलता है इस तरह का अलर्ट?

एपल के सपोर्ट पेज के मुताबिक यह अलर्ट इस तरीके से डिजाइन किया गया है कि यदि किसी यूजर के आईफोन पर राज्य-प्रायोजित साइबर अटैक की कोशिश की जाती है ।

### सरकार इस मुद्दे को लेकर काफी चिंतित: वैष्णव

**विपक्ष के** द्वारा जासूसी के आरोप पर केंद्रीय संचार, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, सरकार इस मुद्दे को लेकर काफी चिंतित है और इसकी जांच के लिए वह इसकी तह तक जाएगी। कुछ लोगों को देश के विकास रास नहीं आ रहा है। ये लोग देश का विकास नहीं देख सकते। एपल द्वारा भेजा गया यह अलर्ट 150 देशों में अलग-अलग लोगों को फोन हैकिंग का अलर्ट मिला है। अब कुल मिलाकर देखा जाए तो इस मामले पर एपल का भी बयान आ गया और सरकार ने भी अपना पक्ष रख दिया, लेकिन अभी यह सवाल ज्यों का त्यों है कि यदि यह एक बग था तो सिर्फ विपक्ष के नेताओं को ही यह अलर्ट क्यों मिला? किसी अन्य यूजर्स या नेता को क्यों नहीं मिला? सरकार के मुताबिक यह अलर्ट 150 देशों में भेजा गया है लेकिन किसी अन्य देशो के यूजर्स ने अभी तक सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी नहीं दी है।

इस तरह के अलर्ट मिलने पर क्या करें?

एपल का लॉकडाउन मोड आपको इसी तरह के गंभीर साइबर हमलों से बचाता है। यदि आपको लगता है कि आपके आईफोन या आईपैड को निशाना बनाया जा रहा है या इसकी संभावना है तो आप लॉकडाउन मोड को ऑन कर सकते हैं। लॉकडाउन मोड के ऑन होने के बाद आपका आईफोन पहले की तरह काम नहीं करेगा। लॉकडाउन मोड के ऑन होने के बाद आपके फोन में कई तरह के प्रतिबंध लग जाते हैं। मैसेज में आने वाले अधिकतर अटैचमेंट ब्लॉक हो जाते हैं।

## राजस्थान: 46 फीसदी मिलीगा महंगाई भत्ता

**जयपुर**

**राज्य** सरकार के वित्त विभाग ने मंगलवार को कर्मचारियों के डीए बढ़ोतरी के आदेश जारी कर दिए। इसमें कर्मचारियों का डीए 42 से बढ़ाकर 46 प्रतिशत कर दिया गया है। आचार संहिता लगी होने के कारण प्रदेश सरकार ने डीए बढ़ोतरी का प्रस्ताव तैयार कर निर्वाचन आयोग को भेजा था। आयोग की मंजूरी मिलने के बाद मंगलवार को डीए बढ़ोतरी के आदेश जारी किए गए हैं।

इस महीने से होगा लागू



आदेश के अनुसार बढ़ा हुआ डीए 1 जुलाई से लागू होगा। लेकिन, जुलाई से सितंबर तक का एरियर जीपीएफ खातों में जमा करवाया जाएगा। इसके बाद का डीए वेतन की राशि में मर्ज कर दिया जाएगा।

### महुआ दो नवंबर को आचार समिति के सामने पेश होंगी

**नई दिल्ली**

**संसद** में सवाल पूछने के लिए रिश्वत लेने के मामले में तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा दो नवंबर को लोकसभा की आचार समिति के सामने पेश होंगी। टीएमसी सांसद ने मंगलवार को कहा कि वह दो नवंबर को लोकसभा आचार समिति के सामने पेश होंगी। उन्होंने मामले में लगाए गए आरोपों पर व्यवसायी दर्शन हीरानंदानी से जिरह करने की इच्छा जताई। इससे पहले मोइत्रा ने पांच नवंबर के बाद सुनवाई की तारीख की मांग की थी।

## आजम को झटका: जौहर ट्रस्ट से वापस ली जाएगी विद्यालय की जमीन



**लखनऊ**

**जेल** में बंद सपा के दिग्गज नेता आजम खां को योगी सरकार की तरफ से एक और बड़ा झटका लगा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में रामपुर में मौलाना मो. जौहर ट्रस्ट को माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा लीज पर दी गई मुर्तजा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के भवन व भूमि वापस लेने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है। गौरतलब है कि सपा सरकार में शर्तों की अनदेखी करके विद्यालय की जमीन जौहर ट्रस्ट को मात्र 100 रुपये सालाना के किराये पर दी गई थी। मामले में शिकायतकर्ता विधायक आकाश सक्सेना ने आरोप लगाया था कि सपा कार्यकाल में आजम ने मुर्तजा विद्यालय की जमीन को जौहर ट्रस्ट के नाम करवा लिया था। इसके बाद इसमें रामपुर पब्लिक स्कूल खोल दिया। भाजपा विधायक का कहना है कि रामपुर शहर स्थित यह जमीन 3825 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में है। इसमें सपा का कार्यालय भी है। जमीन की कीमत सर्किल रेट के हिसाब से 10 करोड़, जबकि मार्केट रेट 100 करोड़ से ज्यादा है। डीएम रामपुर की जांच रिपोर्ट के आधार पर सरकार ने इस जमीन को माध्यमिक शिक्षा को लौटाने का फैसला किया है।

अखिलेश यादव बोले, ये परंपरा ठीक नहीं

जौहर ट्रस्ट की जमीन को कैबिनेट के फैसले से वापस लिए जाने पर अखिलेश ने कहा कि यह परंपरा उचित नहीं है। इसी तरह के निर्णय आगे आने वाली सरकार भी लेगी।

## वायु प्रदूषण से हालत खस्ता: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली**

**अक्तूबर** के आखिरी दिनों में वायु प्रदूषण गंभीर स्थिति में पहुंच गया है। कई राज्यों की हालत खस्ता बनी हुई है। वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 300 पार कर गया है। 300 से ऊपर एक्यूआई जाने का मतलब है कि शहर की हवा बहुत खराब स्थिति में है। ऐसे में वायु प्रदूषण की स्थिति को लेकर सुप्रीम कोर्ट भी गंभीर हो गया है। उसने दिल्ली, पंजाब समेत पांच राज्यों से वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए उठाए गए कदमों पर हलफनामा



दाखिल करने को कहा है। 416 एक्यूआई के साथ जींद देश का दूसरा सबसे प्रदूषित शहर रहा। प्रदूषित हवा की वजह से आंखों में जलन और सांस संबंधी दिक्कतें बढ़ गई हैं। वहीं, विशेषज्ञ के अनुसार प्रदूषण से फिलहाल दिवाली तक राहत के आसार नहीं हैं।

## मेरी सरकार स्थिर है और गिर नहीं सकती: सिद्धारमैया

**बंगलुरू**

**कर्नाटक** के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा कि उनकी सरकार स्थिर है और गिर नहीं सकती। दरअसल, पूर्व मंत्री और भाजपा के विधायक रमेश जारकीहोली ने दावा किया था कि राज्य की कांग्रेस सरकार गिर जाएगी और इसके साथ भी वैसा ही होगा, जैसा महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे की नेतृत्व वाली सरकार के साथ हुआ था। जारकीहोली ने कहा था कि सरकार को किसी बाहरी चीज के बजाय भीतर से खतरा है और इस पतन के लिए उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार एंड कंपनी जिम्मेदारी होगी। जाहिर तौर पर पड़ोसी राज्य में अजित पवार की



कार्रवाई के साथ तुलना की जा रही थी।

वहीं, पलटवार करते हुए सिद्धारमैया ने कहा, हमारी सरकार स्थिर है और सिर्फ भाजपा नेता के कहने इसके गिरने की कोई संभावना नहीं है।जारकीहोली ने सोमवार को कांग्रेस के इस आरोप को भी खारिज किया था कि भाजपा सरकार गिराने के लिए 2019 में ऑपरेशन लोटस में लगी हुई थी। उन्होंने कांग्रेस के इस आरोप को भी खारिज किया कि जिन लोगों ने 2019 में जद (एस)- कांग्रेस गठबंधन सरकार को गिराया, वे एक बार फिर सक्रिय हैं और सत्तारूढ़ कांग्रेस विधयकों को इससे दूर करने के लिए रिश्वत की पेशकश कर रहे हैं।

उन्होंने दावा किया, भाजपा ने कभी भी ऑपरेशन लोटस के बारे में बात नहीं की। यह उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार की ड्रामा कंपनी है जो इस बारे में बात कर रही है। जारकीहोली पहले कांग्रेस के साथ थे और चार साल पहले गठबंधन सरकार के पतन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे थे।

### यदि अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किया जाता है, तो उनकी सरकार जेल से ही चलेगी: सौरभ

## शराब घोटाल: क्या सीएम अरविंद केजरीवाल भी जाएंगे जेल?

**नई दिल्ली**

**आम** आदमी पार्टी के नेता और दिल्ली सरकार के वरिष्ठ मंत्री सौरभ भारद्वाज ने मंगलवार को कहा कि यदि अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किया जाता है, तो उनकी सरकार जेल से ही चलेगी। वे जेल से ही चलाएंगे और जेल से ही दिल्ली वालों को मुफ्त बिजली, पानी और स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करते रहेंगे। प्रवर्तन निदेशालय द्वारा अरविंद केजरीवाल को शराब घोटाले में पूछताछ के लिए बुलाये जाने के साथ ही यह आशंका जताई जा रही है कि उन्हें भी मनीष सिसोदिया और संजय सिंह की तरह गिरफ्तार किया जा सकता है। इसके साथ ही यह भी




चर्चा होने लगी है कि यदि अरविंद केजरीवाल जेल जाते हैं, तो दिल्ली में सरकार कैसे चलेगी? कुछ लोग अनुमान लगा रहे हैं कि अरविंद केजरीवाल जेल जाने के बाद यह जिम्मेदारी अपनी पत्नी को दे सकते हैं।

वहीं, कुछ लोग यह भी कह रहे हैं कि अरविंद केजरीवाल के बाद राघव चड्ढा या आतिशी मालेर्ना को यह जिम्मेदारी दी जा सकती है, जो कि पार्टी के बड़े नेता हैं और साथ ही अरविंद केजरीवाल भी अपने इन कमांडरों पर बहुत अधिक भरोसा करते हैं।

अपनी बात से मुकर रहे केजरीवाल

दूसरी तरफ सौरभ भारद्वाज की इस स्वीकारोक्ति से राजनीतिक हलकों में तूफान आ गया है। भाजपा ने आरोप लगाया है कि अरविंद केजरीवाल अब अपनी ही बात से पीछे हट रहे हैं।

## 'राज्यपाल कर रहे पद का दुरुपयोग'

### विधेयकों को मंजूरी न मिलने के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंची तमिलनाडु सरकार

**नई दिल्ली**

**तमिलनाडु** सरकार ने राज्यपाल आरएन रवि पर मंजूरी के लिए भेजे गए बिलों में जानबूझकर देरी करने का आरोप लगाते हुए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। सरकार ने अदालत से राज्यपाल को एक समय सीमा के भीतर विधेयकों को मंजूरी देने या निपटाने का निर्देश देने का आग्रह किया।

पिछले कुछ महीनों से टकराव

बता दें, डीएमके सरकार और तमिलनाडु के राज्यपाल के बीच पिछले कुछ महीनों से टकराव चल



रहा है। मुख्यमंत्री एमके स्टालिन और केंद्र द्वारा नियुक्त राज्यपाल रवि के बीच इससे पहले लंबित विधेयकों, स्टालिन की विदेश यात्राओं, शासन के डीएमके मॉडल और राज्य के नाम पर उनकी टिप्पणी को लेकर टकराव हो चुका है।

# जिले भर में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की मनाई गई जयंती

अखंड भारत संदेश

**कोरांव।** सांसद प्रोफेसर रीता बहुगुणा जोशी ने क्षेत्र के सरदार पटेल इंटर कॉलेज सिकरो में आयोजित सरदार पटेल जयंती समारोह को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमृत वन में एक साथ 75000 पौधे रोपित कर सरदार पटेल को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में नगर पंचायत कोरांव के अध्यक्ष ओमप्रकाश केसरी ने संसद व विधायक तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ अवधेश कुमार सिंह को स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। विद्यालय में उपस्थित रहे सभी अतिथियों ने सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। सरदार पटेल जयंती समारोह के अवसर पर स्कूली छात्र-छात्राओं के द्वारा विविध प्रकार के लोक नृत्य, लोकगीत जैसे कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों की झलकियां भी दिखाई गई। सांसद रीता जोशी ने सरदार पटेल क्रीड़ा स्थल पसना में आयोजित समारोह को संबोधित किया। पसना में आयोजित पटेल जयंती समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रयागराज डॉ वीके सिंह, ब्लॉक प्रमुख मुकेश कोल समेत कई अतिथियों ने संबोधित किया। जहां पूर्व कारागार मंत्री विधायक जयकुमार जैकी समेत कई अतिथियों ने शामिल होकर सरदार पटेल को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

## सांसद रीता जोशी और जिला पंचायत अध्यक्ष, विधायक आदि ने कार्यक्रमों में लिया हिस्सा



कार्यक्रम को प्रमुख रूप से नगर पंचायत कोरांव के पूर्व अध्यक्ष नरसिंहबी कुमार केसरी उर्फ गोपाल जी, अवकाश प्राप्त प्रधानाचार्य पंडित शालिकराम उपाध्याय, श्याम लाल पांडेय, राजेश त्रिपाठी, रामकृष्ण केसरी, अमरेश तिवारी सहित कई वक्ताओं ने संबोधित कर सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। अध्यक्षता पूर्व जिलाध्यक्ष यमुनापार शिवदत्त पटेल व संचालन शिक्षक यदुवीर सिंह व गुलाब शंकर मिश्र ने संयुक्त रूप से किया।

## कर्मचारियों के साथ बीडीओ ने लिया शपथ

**मांडा।** लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर बीडीओ मांडा ने ब्लॉक कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाया। मंगलवार को मांडा ब्लॉक मुख्यालय पर पहुंचकर बीडीओ अमित कुमार मिश्र के साथ एडीओ पंचायत रमा कांत पाण्डेय ने लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए ब्लॉक कर्मचारियों को शपथ दिलाया कि मैं सत्यनिष्ठा से शपथ लेता हूँ कि मैं राष्ट्र की एकता अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करुगा और अपने देशों के बीच यह संदेश फैलाने का भरसक प्रयत्न करुंगा। मैं यह शपथ अपने देश की एकता की भावना से ले रहा हूँ जिसे सरदार वल्लभ भाई पटेल की दूरदर्शिता एवं कार्यों द्वारा संभव बनाया जा सका। मैं अपने देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान करने का भी सत्यनिष्ठा से संकल्प करता हूँ आदि वचनों के साथ शपथ दिलाया।

## यमुनापार के बूथों पर आयोजित हुए विभिन्न कार्यक्रम

**करछना।** खण्ड खण्ड भारत को अखंड बनाने में सरदार बल्लभ भाई पटेल की मुख्य भूमिका रही। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उनके त्याग समर्पण को सदैव स्मरण करते हुए युवा पीढ़ी को स्मरण कराते रहेंगे उक्त बातें सरदार बल्लभ भाई पटेल के 148 वें जयंती में लोकई के पूरा करछना में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष यमुनापार विनोद प्रजापति ने उपस्थित जनसमुदाय को सम्बोधित करते हुए कही। जिलाध्यक्ष ने सर्व प्रथम सरदार बल्लभ भाई पटेल के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन करते हुए उनके व्यक्तित्व कृतित्व पर प्रकाश डाला।

जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि कार्यक्रम संयोजक देवी सिंह पटेल ने सरदार बल्लभ भाई को स्मरण कर उनके जीवनी पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सेवालाल पटेल, आदेश पटेल, मनोज पटेल, उदयभान पटेल, रामबाबू पटेल, धनानंद पटेल, प्रदीप पांडे, अजय सिंह, पंकज द्विवेदी, राजकुमार मिश्रा, रिंकू सिंह, आनंद सिंह, गोरेलाल द्विवेदी आदि क्षेत्रिय जनों के साथ भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गई सरदार वल्ल्भ भाई पटेल की जयंती

**सहसों।** विकास खण्ड सहसों के कार्यालय पर मंगलवार को देश के पूर्व गृह मंत्री एवं लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर भाजपा नेता राकेश बहादुर सिंह एवं उप जिलाधिकारी के पद पर चयनित/खण्ड विकास अधिकारी निखिल राजपूत ने सरदार पटेल के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनको नमन करते हुए कहा कि देश की एकता और अखंडता के प्रतीक आधुनिक भारत के शिल्पकार महान स्वतंत्रता सेनानी एवं भारत रत्न से सम्मानित लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती को समूचा देश नमन करते हुए राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मना रहा है। इस मौके पर प्रमुख रूप से प्रमुख प्रतिनिधि शिवनारायण सिंह गप्पू , एडीओ पंचायत नरेन्द्र दूबे, एडीओ आईएसबी संजय सिंह, अवर अभियंता सच्चिदानंद पटेल, लेखाकार अरुण त्रिपाठी, कनिष्ठ सहायक विजय बहादुर, ग्राम पंचायत अधिकारी आसमा सिंह व शशि यादव, बी टी अशोक पाल एवं विकासखंड के समस्त कर्मचारी सहित आदि लोग नमन करते हुए मौजूद रहे।

### सरदार पटेल की जयंती व इंदिरा जी की पुण्य तिथि मनाई गई

**सहसों।** देवनहरी रूदापुर स्थित भारद्वाज गुरुकुलम संस्थान में आजाद भारत के पहले गृह मंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की जयंती एवं भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री आयरन लेडी इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि एवं श्रद्धा सुमन अर्पित कर संस्थान के प्रबंधक विनय उपाध्याय ने विद्यालय परिवार के सभी अध्यापक सहित बच्चों ने नमन करते हुए मनाया। इस अवसर पर प्रबंधक ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि सरदार पटेल ने सारे जमींदारों के रास्ते बंद कर दिए और प्रत्येक किसान मजदूर सबको समान अधिकार का सम्मान दिलाया। इसी तरह आयरन लेडी इंदिरा गांधी ने देश को नई दिशा देने में अपना अमूल योगदान प्रदान किया। इन महान नेताओं के योगदान को देश कभी नहीं भूल सकता। हम सभी को ऐसे महान नेताओं के बताए हुए रास्ते पर चलकर देश को विकास की नई दिशा व दशा देने की जरूरत है। उनके आदर्श देश को सदैव नई दिशा देते रहेंगे । इस अवसर पर शिक्षक शिक्षिकाएं, विद्यालय के बच्चे एवं समस्त कर्मचारी नमन करते हुए उपस्थित रहे।

## न्यूज झरोखा

### जसरा में अधीक्षिका के दुर्व्यवहार को लेकर आशाओं ने किया नारेबाजी




**जसरा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जसरा में आशाओं ने सीएचसी अधीक्षिका पर दुर्व्वहार का आरोप लगाते हुए शोर शराबा किया।बता दें कि एक आशा बहू ने आरोप लगाया कि है किसीएचसी की अधीक्षिका द्वारा विगत 27 अक्टूबर को प्रसव के दौरान दुर्व्वहार किया गया है। जिसको लेकर मंगलवार को जसरा सीएचसी में एक दिवसीय कार्य बहिष्कार कर दर्जनों आशा बहुओं ने सीएमओ को ज्ञापन भेजा है। वहीं सीएचसी अधीक्षिका डा०अंकिता पांडेय ने बताया कि। आरोप लगाने वाली आशा बहू के बिरुद्ध कार्यके प्रति शिथिलता को लेकर पूर्व में नोटिस जारी किया जा चुका है। जिसको लेकर आशा बहू रंजिश के तहत निराधार आरोप लगा रही हैं। उन्होंने गाली गलौज व अभद्रता जैसी किसी भी घटना को निराधार बताया है। बताया कि मातहत कर्मचारियों के साथ ऐसा मैं कभी होने नहीं दूंगी।

### सरस्वती विद्या मंदिर माधव ज्ञान केंद्र में लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती धूमधाम से मनाई गई

**नैनी।** सरस्वती विद्या मंदिर माधव ज्ञान केंद्र में लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती धूमधाम से मनाई गई। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर विंध्यवासिनी प्रसाद त्रिपाठी ने सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विद्यालय के कई भैया बहनों ने सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन वृत्त पर प्रकाश डाला। सरदार वल्लभभाई पटेल ने देश की एकता अखंडता को सुनिश्चित कर 563 रियासतों को एक किया एवम वर्तमान भारत सरकार सरदार पटेल के जन्मदिन को एकता दिवस के रूप में मानती है। प्रधानाचार्य ने बताया कि गुजरात में इनकी प्रतिमा स्टेचू ऑफ यूनिटी विश्व की सब से ऊंची प्रतिमा बताया ,कार्यक्रम का संचालनआचार्य अभय त्रिपाठी ने किया, तथा उक्त अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

### रामलीला का मंचन कल से

**मेजा।** आदर्श युवा रामलीला समिति द्वारा संचालित मेजा के ग्राम गड़ेवरा में 2 नवम्बर से शुभारंभ होगा।उक्त आशय की जानकारी ग्राम प्रधान अनिल शुक्ला ने देते हुए बताया कि धर्म, सत्य, पुण्य, आचार, विचार, सदाचार,नीति, नैतिकता, संस्कृति, सभ्यता, परम्परा और रीति रिवाज की आध्यात्मिक ब्यवस्था को लिए हुए ग्राम गड़ेवरा का ऐतिहासिक रामलीला शिक्षित और प्रशिक्षित कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किया जायेगा। उन्होंने बताया कि समिति लगातार 30वर्षो से आने वाली पीढ़ियों को धार्मिक एवं अध्यात्मिक ब्यवस्था देता आ रहा है। इस संबंध में समिति के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्त्ताओ की एक बैठक पंचायत सचिवालय में हुई, जिसमें भगवान श्री राम के चरित्र और आदर्श की लीला के बेहतर मंचन के लिए मंथन किया गया।

### नागरिक पीजी कॉलेज जंघई में बीए, बीएससी, एमए में प्रवेश 5 नवंबर तक -प्राचार्य

**जंघई।** नागरिक पीजी कॉलेज जंघई में छात्र छात्राओं की कक्षाएं संचालित की जा रही हैं।इसी के साथ बीए, बीएससी के प्रथम तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर में तथा एमए प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर में प्रवेश जारी है 5 नवंबर के अंदर छात्र छात्राएं प्रवेश लेकर परीक्षा फार्म आनलाइन करके कार्यालय में जमा कर दें। एमए प्रथम वर्ष में प्रवेश लेने हेतु छात्र, छात्राएं महाविद्यालय कार्यालय से कालेज विवरणिका प्रवेश फार्म लेकर महाविद्यालय प्रवेश समिति के समक्ष अंक पत्रों की मूल एवं छायाप्रति, आधार कार्ड तथा फोटो के साथ 5 नवंबर तक उपस्थित होकर अपना प्रवेश सुनिश्चित करवा लें ताकि समय से छात्रवृत्ति योजना का लाभ भी बच्चों को शत प्रतिशत प्राप्त हो सके।

### कांग्रेस कार्यकताओं ने लौह पुरुष सरदार पटेल की मनाई जयंती

**करछना।** ब्लाक कांग्रेस कमेटी करछना कार्यालय पर भारत की पूर्व प्रधान मंत्री इंदिरा गाँधी का 39 वां शहादत दिवस व भारत के पूर्व गृह मंत्री सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती मनाई गयी। मुख्य अतिथि जिला कांग्रेस कमेटी यमुना पार अध्यक्ष अरुण तिवारी ने कहा कि आज हम सब जिनका शहादत दिवस मना रहे हैं। यह महान क्रांतिकारी महिला स्वर्गीय इन्दिरा गांधी भारत को एक महान आत्मनिर्भर शक्ति शाली देश के रूप में देखना चाहती थी। उनका मुख्य श्लोगन था दूर दृष्टि पक्का इरादा कड़ी मेहनत इन्दिरा गाँधी के बताये रास्ते पर चलना ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी अध्यक्ष ने कहा कि आज ही के दिन भारत के पूर्व गृहमंत्री सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयन्ती पर शत शत नमन करते हैं सरदार बल्लभ भाई पटेल जी भारत की महान बिभूतियो मे एक थे। वकतव्य देने वालों मे सर्व श्री राम छविले.मिश्र जिला उपाध्यक्ष रंगराज सिंह जिला उपाध्यक्ष डा शीतला प्रसाद पाण्डेय जी जिला उपाध्यक्ष डा दिनेश कुमार सोनी जिला महासचिव पी सी सी पक ाश पाण्डेय एडो ब्लॉक अध्यक्ष नागेश पाण्डेय जिला सचिव श्याम बाबू शिव विजय सिंह आशीष मिश्र एडवोकेट रविवार सिंह संजय कुमार सिंह विद्याधर मिश्र राजू शुक्ल बैठक का संचालन डा दिनेश कुमार सोनी ने किया।

### राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गई सरदार पटेल की जयंती

**करछना।** राजकीय आश्रम पद्धति इंटर कॉलेज खाई करछना प्रयागराज में लौह पुरुष सरदार पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप मे मनाई गई जिसमें विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री मत्स्येन्द्र नाथ त्रिपाठी ने शिक्षकों एवं छात्रों के साथ सरदार पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की औपचारिक शुरूआत की विद्यालय के हिन्दी प्रवक्ता श्री धर्मेन्द्र सिंह ने बताया कि स्वतंत्रता के बाद सरदार पटेल ने किस प्रकार से रियासतों का विलय भारत में किया कक्षा 12 के छात्र विकास ने सरदार पटेल के जीवन पर प्रकाश कविता के माध्यम से डाला, कक्षा 7 के छात्र प्रत्युश और देव ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत किए कक्षा 11 के छात्र अमन और कक्षा 12 के छात्र अभिषेक ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए प्रधानाचार्य द्वारा बताया गया कि सरदार पटेल जीवन हम सभी के लिए अनुकरणीय है हम उनके द्वारा बताये गए मार्ग पर चल कर ही राष्ट्र की एकता को मजबूत कर सकते है कार्यक्रम के अंत में वरिष्ठ प्रवक्ता श्री अबू मोहम्मद ने आभार व्यक्त किया इस अवसर पर श्री जितेन्द्र, नागेन्द्र,संदीप, अनुराग,अखिलेश, पंकज, शिल्पा व अंशु जैसवाल आदि समस्त शिक्षक कर्मचारी व छात्र उपस्थित थे।

# सोरांव विकास खंड के एडीओ पंचायत हुए सेवा निवृत्त कर्मचारियों ने किया भव्य तरीके से विदाई समारोह

अखंड भारत संदेश

**सोरांव।** सोरांव ब्लॉक के सहायक विकास अधिकारी पंचायत विजय कुमार यादव के सेवानिवृत्ति होने पर सोरांव ब्लॉक में कार्यरत समस्त सचिव एवं सफाई कर्मचारी संग अधिकारियों ने मिलकर भव्य तरीके से विदाई समारोह का आयोजन किया। लगभग सैकड़ो की संख्या में विकासखंड के सभागार में लोग मौजूद रहे। और दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक विदाई समारोह में लोग मौजूद रहे। और अपनी अपनी बात को व्यक्त किए।कार्यक्रम की अध्यक्षता तथा संचालन वरिष्ठ ग्राम विकास अधिकारी मिथलेश मिश्रा ने लिया। वही ब्लॉक प्रमुख प्रदीप कुमार पासी संग खंड विकास अधिकारी सुनील कुमार पटेल ने अपने पंचायत विभाग के जिम्मेदार अधिकारी का माल्यार्पण कर स्वागत किए। जानकारी के अनुसार मऊआइमा से स्थानांतरण होकर 1 साल पहले




सोरांव विकासखंड में सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) विजय कुमार यादव आए थे। जिनका कार्यकाल पूरा होने पर सोरांव के अधिकारियों और कर्मचारियों ने भव्य स्वागत सम्मान किए। इस मौके पर जेई एमआई महीप वर्मा,सचिव कौशल कुमार, राजीव मौर्य, मिथिलेश मिश्रा, मोहम्मद साकिब, नरेंद्र सिंह पटेल, रिद्धि मिश्रा संग अंकित मौर्य,तकनीकी सहायक इंद्र आदित्य मिश्रा, वसीम अहमद,संजय सिंह यादव, ममता राय, भूपेंद्र त्रिपाठी, मनरेगा अकाउंटेंट देवानंद श्रीवास्तव, लेखाकार संजय कनौजिया, स्थापना बाबू आफताब आलम, प्रधान संग अध्यक्ष लल्लन पासी,प्रधान प्रतिनिधि चंचल मिश्रा,समाज सेवी शमशेर पटेल आदि सैकड़ो लोग विदाई समारोह में मौजूद रहे।

## सामूहिक विवाह के लिए लाभार्थी करे आवेदनः रवि प्रकाश

**मांडा।** समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित सामूहिक विवाह योजना का लाभ लेने के लिए अब लाभार्थियों को आनलाइन आवेदन करना होगा। इसमें लाभार्थियों की वार्षिक आय बढ़ाकर दो लाख कर दी गई है। विवाह हेतु किये गए आवेदन में पुत्री की आयु विवाह तिथि को 18 वर्ष या उससे अधिक तथा वर की आयु विवाह विवाह की तिथि को 21 वर्ष की आयु पूर्ण होनी चाहिये। उक्त जानकारी खंड विकास अधिकारी अमित कुमार मिश्रा व समाज कल्याण अधिकारी रवि प्रकाश ने दी है। रवि प्रकाश ने बताया कि आफलाइन किए गए आवेदन योजना के लिए मान्य नहीं होंगे। गरीब बेटियों की शादी के लिए समाज कल्याण विभाग की तरफ से मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना संचालित की जा रही है। इसमें प्रति जोड़े पर शा की तरफ से 51 हजार रुपये खर्च किए जाते हैं। इनमें 35 हजार रुपये आरटीजीएस के माध्यम से लड़की के बैंक खाते में भेजे जायेंगे। और दस हजार रुपये शादी के उपहार पर खर्च किए जायेंगे।



## शौच के लिए गई मानसिक रूप से विछिप्त महिला का तालाब में मिला शव

**उतरांव।** उतरांव क्षेत्र के मदारीपुर गांव में शौच के लिए गई एक 85 वर्षीय मानसिक विक्षिप्त वृद्ध महिला का तालाब में शव मिला। वहीं परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। मदारीपुर थाना उतराव निवासी राजबहादुर यादव जो किसानी करता है। 30 अक्टूबर तड़के चार बजे सुबह उसकी माता सुख राजी देवी शौच के लिए तालाब के पास गई हुई थी। जहां वह लुढ़क कर गिरकर तालाब में चली गई सुबह जब रोज की तरह राज बहादुर अपनी मां को गंतव्य स्थान पर नहीं पाया तो वह खोजबीन करने लगा। गांव में कई जगह खोजबीन किया लेकिन कहीं नहीं मिली। मंगलवार सुबह वह तालाब के पास अपनी मां जलकुंभी में देखा तो उसके होश उड़ गए। उसने फौरन पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। राज बहादुर ने अपनी माता के लापता होने की सूचना थाने में दी थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना अध्यक्ष पंकज त्रिपाठी ने वार्ता में बताया कि महिला मानसिक रूप से विछिप्त थी। परिजनों के मुताबिक शौच के लिए गई थी तालाब में जिसका शव पाया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

# कांग्रेसियों ने लगाई चौपाल कहा महंगाई से जनता बेहाल

अखंड भारत संदेश

**मांडा।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की बैठक आयोजित किया गया। जिसमे राजनिति के वर्तमान परिदृश्य के साथ आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर चर्चा हुई। जिलाध्यक्ष ने बैठक को संबोधित करते हुए संविधान एवं लोकतंत्र के साथ गंगा जमुनी तहजीब को बचाने पर जोर दिया। पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी की शहादत दिवस व सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती मनाई गई। मंगलवार को भारतगंज स्थित मोहल्ला कटरा मे कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष अरूण तिवारी ने कार्यकताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि आमजन, गरीब, मजदूर महंगाई से त्रस्त है। भाजपा सरकार मदमस्त है। नौजवानों को रोजगार नहीं मिल रहा है। उद्योग धंधे चौपट हो रहे हैं। विपक्षी पार्टी के नेताओं को ईडी व सीबीआई के जरिए फंसाकर जेलों मे डाला जा रहा है। ये डराने व धमकाने की राजनीति के आगे कांग्रेसी नहीं झुकेंगे बल्कि और मुखर होकर आन्दोलन किया जायेगा। तथा आगे कहा कि हमारे नेता राहुल गांधी नफरत के बीच मोहब्बत की बात कर रहे हैं। एवं सभी की लड़ाई लड़ने निकल पड़े हैं। इसी क्रम मे इंसानियत के नाते कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय भी इसी आजम खां व उनके परिवार से मिलने जेल गये। लेकिन भाजपा सरकार ने मिलने नही दिया। देश व प्रदेश की जनता समझ चुकी है। कि भाजपा केवल झूठ बोलकर नफरत फैलाकर सबको आपस मे लड़ाती है। पांच राज्यों के चुनाव मे कांग्रेस की सरकार बनने जा रही है।अब लोग जातिवाद धर्मवाद से ऊब गये हैं। इसलिए आजादी की दूसरी लड़ने राहुल गांधी के नेतृत्व मे हम लोग निकल पड़े हैं। वहीं अध्यक्षता वरिष्ठ कांग्रेसी अलाउद्दीन ने किया। उक्त बैठक मे सभासद प्रतिनिधि रियासत खां , रासिद पटेल, रईस आलम उर्फ छोटे, मुमताज अली, अजकार खां, गुलाम गौस आदि सैकड़ों कस्बेवासी मौजूद रहे।

## नगर पंचायत भारतगंज में मचा पानी के लिए हायतौबा

**मांडा।** नगर पंचायत भारतगंज वार्ड नंबर 1 में पेयजल के लिए हाहाकार मची हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि वार्ड नंबर एक में कई वर्षों से जल निगम की पाइप लाइन न बिछने के कारण ग्रामीणों को भारी मशक्कत से पीने के लिए पानी लाना पड़ता है जिससे स्थानीय लोग काफी परेशान रहते हैं। ग्रामीणों ने सम्बन्धित अधिकारियों को कई बार अवगत कराया लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। वहीं नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि आमिर शकील टंकी को सूचना मिलते ही तुरंत पानी टैंकर भेज कर शुद्ध जल की व्यवस्था करवाई और ग्रामीणों से हफ्ते भर का समय मांग कर समस्या के निदान की बात कही।

### कलस्टर बढ़ने से सचिव का धड़कन तेज, सचिव बढ़ाने की मांग

**मांडा।** जिले उच्चाधिकारी द्वारा बेरी का कलस्टर जारी कर बढ़ाने पर सचिव का धड़कन तेज हो गई जिसकी शिकायत विकास खण्ड माण्डा में तैनात संजीव कुमार वीडीओ ने अपने प्रार्थना पत्र के माध्यम से अवगत कराया है कि अत्यधिक कलस्टर होने के कारण कार्य में असमर्थता व्यक्त की है और चार्ज भी नहीं लिया गया है। उक्त कलस्टर में गौशाला होने के कारण कार्य भी प्रभावित हो रहा है। सचिव की समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक लेते हुए बीडीओ मांडा अमित कुमार मिश्र ने जिले के उच्चाधिकारियों को पत्र भेजकर अवगत कराते हुए मांडा में नए सचिव की तैनाती करने की मांग की हैं।

# बुढ़वा मंगल मेले में प्राचीन हनुमानजी के मंदिर पर उमड़ी भक्तों की भीड़

अखंड भारत संदेश

**उतरांव।** उतरांव थाना क्षेत्र के मंडौर बलरामपुर का ऐतिहासिक बुढ़वा मंगल मेला सबसे पहले सोमवार को शाम को सुंदरकांड होता है। फिर मेले का शुभारंभ किया जाता है भगवान राम की चौकी निकलते ही मेले का शुभारंभ हो जाता है क्षेत्र के मंडौर गांव स्थित प्राचीन हनुमान जी की मूर्ति से क्षेत्रीय लोगों का आस्था विश्वास जुड़ा हुआ है कई दशक पूर्व से ही इस मंदिर पर कार्तिक मास के प्रथम मंगलवार को बुढ़वा मंगल मेला आयोजित किया जाता है ।मंगलवार को ऐतिहासिक बुढ़वा मंगल मेले के नाम से जाना जाता है। आस्था से जुड़े बजरंगबली के इस मंदिर पर जो भी भक्त सच्चे मन से जो भी मांगा है उनकी मनोकामना जरूर पूरा होता है। मंगलवार को ऐतिहासिक मंगल मेले में भगवान राम, लक्ष्मण, सीता माता और पवनसुत हनुमान की भव्य झांकी निकाल कर मेला का शुभारंभ किया



जाता है। झांकी देखकर लोग प्रसन्नित हो गए झांकी मानो स्वयं भगवान श्री राम रथ पर सवार होकर आ गए। यह मेला मंगलवार और बुधवार को हजारों की संख्या में लोग पहुंचकर भरपूर आनंद लेते हैं ।और महिलाएं एवं बच्चों ने गुड़हिया जलेबी एवं गोलगप्पे झूला,खिलौने का खूब लुफ्त उठाया। थाना अध्यक्ष पंकज कुमार त्रिपाठी अपने फोर्स के साथ पूरे मेले का बखूबी जिम्मेदारी निभाते हुए, शांति व्यवस्था के साथ मेले में सभी आए हुए दर्शकों को कहा कि मेला आपका है मेले में शांति व्यवस्था बनाए रखें। इस अवसर पर क्षेत्र के पूर्व प्रधान जितेंद्र सिंह, प्रधान पति बेलाल अहमद, नागेंद्र सिंह उर्फ चच्चू, रामसेवक पत्रकार, संदीप केसरवानी, विकास कुमार केसरवानी, प्रधान पिंटू सेठ, बाबा स्वर्णकार, आदि लोग उपस्थित रहे।

# भागवत कथा का शुभारंभ,भक्तों ने पीत वस्त्र में निकाली कलश यात्रा

## कथाव्यास प्रपन्नाचार्य जी महराज सुनाएंगे राधा-कृष्ण की लीला

अखंड भारत संदेश

**शंकरगढ़।** मंगलवार से लाइनपार (शंकरगढ़) में आठ दिवसीय श्रीमदभागवत ज्ञानयज्ञ कथा का शुभारंभ हो गया। पहले दिन भक्तों ने कलश यात्रा निकाली। रथ और डीजे के साथ पीत वस्त्र में भक्तों की टोली नाचते-गाते हुए निर्धारित मार्गों से होते हुए कार्यक्रम स्थल पर पहुंची। इस दौरान राधाकृष्ण का जयकारा लगाया गया। 31 अक्टूबर से शुरू हो रही भागवत कथा के प्रथम दिन पंडित राघवेंद्र प्रपन्नाचार्य जी महराज ने व्यास पूजन कर कथा का शुभारंभ किया। प्रथम दिन उन्होंने श्रीमद भागवत कथा का महात्म्य समझाया। स्पष्ट किया कि व्यक्ति को जीवन में एक बार भागवत कथा का श्रवण अवश्य करना चाहिए। मुख्य यजमान कलावती देवी ने कथावाचक पंडित राघवेंद्र का चरण धुलकर स्वागत




सत्कार किया। दिलीप कुमार केसरवानी उर्फ मुखिया ने बताया कि आयोजन के दूसरे दिन एक नवंबर को भीष्म स्तुति, परीक्षित श्राप, सती चरित्र, दो नवंबर को ध्रुव चरित्र, जड़ भरत प्रसंग, नर्क वर्णन, अजामिल प्रसंग, तीन नवंबर को समुद्र मंथन, वामन अवतार, रामावतार, कृष्ण जन्मोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इसी क्रम में चार नवंबर को कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन करने के साथ-साथ पूतना उद्धार, माखन लीला और गोवर्धन पूजा की जाएगी। पांच नवंबर, रविवार को रासलीला, मथुरा गमन, कंस वध, रुक्मिणी विवाह और छह नवंबर को भगवान के अन्यान्न विवाह, एकादशी स्कंध कथा, सुदामा चरित्र, कथा विश्राम व्यास पूजन के साथ कथा का समापन होगा, जबकि आयोजन का समापन सात नवंबर को हवन-पूजन और भंडारे के साथ किया जाएगा। प्रथम दिन निकाली गई कलश यात्रा नगर के लाइनपार से शुरू होकर सदर बाजार,राम भवन चौराहा,पुरानी बाजार होते हुए निकली। इस दौरान भक्तों की टोली नाचते-गाते हुए कार्यक्रम स्थल पर पहुंची।

कलश यात्रा में दिलीप कुमार केसरवानी, अवधेश केसरवानी, विनोद केसरवानी, प्रमोद केसरवानी, संदीप केसरवानी, कुलदीप केसरवानी, रमेश, दिनेश, गणेश, फूलचंद्र केसरवानी, मूलचंद्र केसरवानी, लाल चंद्र केसरवानी, दीपक केसरवानी, सुशील, गोपाल, प्रकाशचंद्र गुप्ता, अंकित, रवि, हिमांशु, नितिन, राजीव, निखिल, रजत, शौर्य, गर्व, आरव, श्रेय, वैभव, महक, अर्पिता, शानवी, आरवी, आशवी समेत तमाम भक्त शामिल रहे।

## चकडीहा के दो शिक्षक गैर हाजिर व इस्लामपुर विद्यालय रहा बन्द : एडीओ पंचायत

**मांडा।** विकास खण्ड मुख्यालय अन्तर्गत चकडीहा ग्राम पंचायत में दो प्राथमिक विद्यालय चकडीहा व इस्लामपुर में शिक्षण कार्य की गुणवत्ता परखने के लिए मंगलवार को प्रेरणा निरीक्षण के अन्तर्गत सुबह लगभग साढ़े दस बजे एडीओ पंचायत मांडा रमाकांत पाण्डेय ने औचक निरीक्षण किया। वहीं प्राथमिक विद्यालय चकडीहा में तीन शिक्षक की तैनाती हैं। जहां कि सरकारी विद्यालयो के शिक्षको की उदासीनता एवं शिक्षण कार्य से खिलवाड़ करने कारण छात्र छात्राओं की संख्या बढ़ने के बजाय शून्य को परखने के लिए एडीओ पंचायत मांडा ने औचक निरीक्षण किया । तो तैनात तीन शिक्षको में एक शिक्षक चकडीहा प्राथमिक विद्यालय में पाया गया तथा इस्लामपुर के प्राथमिक विद्यालय में पांच शिक्षक तैनात के बावजूद भी विद्यालय पूर्व रूप से बन्द पाया गया। जिसकी जानकारी बीईओ मांडा राजीव प्रताप सिंह को फोन कर अवगत कराया। सूचना देने के बाद एडीओ पंचायत ने प्रेरणा निरीक्षण के अन्तर्गत गैर हाजिर दो शिक्षको के साथ इस्लामपुर विद्यालय पूर्ण रूप से बन्द पाए जाने पर कार्रवाई किया। उधर बीआरसी मांडा से सटा पूर्व माध्यमिक विद्यालय में भी औचक निरीक्षण किया जिसमे शिक्षक तो मौके पर पाया गया लेकिन विद्यालय के शिक्षको की उदासीनता एवं अनुशासन व्यवस्था देख नाराजगी व्यक्त किया और कक्षा से बाहर निकल कर घूमते हुए छात्रों के साथ शिक्षको को फटकार लगाई।

# मनुष्य चरित्र की सीढी पार कर ही राम कृपा का भागी होता है : विनोदानंद

अखंड भारत संदेश

**करछना।** राम चरित मानस का आशय और अर्थ यही है कि मानस यानि मनुष्य बिना चरित्र की सीढ़ी पार किए भगवान राम की कृपा और सानिध्य तक नही पहुंच सकता है। मृत्युलोक में रामकथा चरित्र, मयार्दा, सदाचार, समरसता, नैतिक भाव और प्रभू प्रेम के अनुशीलन का सबसे सहज मार्ग है ।यह बातें क्षेत्र के रामपुर स्थित बृज मंगल सिंह इंटर कालेज के परिसर में अपनी लोक परंपरा,संस्कृति और प्रतिभा विकास को संजो रहे 25वें जमुनापार महोत्सव के उद्धघाटन अवसर पर रामकथा प्रवाचक स्वामी विनोदानंद सरस्वती जी महराज ने कही। सच्चा आश्रम से पधारे चंद्रदेव जी महराज और दिव्यानंद जी महराज ने रामकथा की महिमा का बखान किया। इसके पूर्व पंचतीर्थ से आनित जल कलश का अभिषेक और दीप प्रज्वलन कर महोत्सव का शुभारंभ हुआ। स्कूली बच्चों द्वारा आयोजित विज्ञान प्रोजेक्ट



के अलावा रामदरबार, ढेढ़िया नृत्य, कालबेलिया नृत्य और कवियों की प्रस्तुतियां खूब सराही गई। महोत्सव के संयोजक डॉ.भगवत पांडेय ने अतिथिगणों का स्वागत करते हुए कहा कि एक ही अपनी माटी के मूल्यों की परख करता महोत्सव अपने संतों, विद्वानों, बुजुर्गों, लोक कलाकारों, साहित्यकारों के सानिध्य में दिनों दिन फलफूल रहा है। आगे भी यह सर्जना एक मंच पर एकसाथ सभी को संजोकर आगे बढ़ती रहेगी।उद्धघाटन समारोह की अध्यक्षता राष्ट्रपति सम्मानित महा महोपाध्याय प्रो. रहस बिहारी द्विवेदी और संचालन डा.राजेंद्र शुक्ल ने किया। प्रधानाचार्य मनीष तिवारी ने सभी के प्रति अतिथि श्रोताओं के प्रति स्वागत आभार प्रकट किया। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष विनोद प्रजापति, प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश द्विवेदी, वंश बहादुर पांडेय, दिवाकर शुक्ल, शोभनाथ द्विवेदी, कन्हैयालाल पाल, राम भवन द्विवेदी, राम लोचन सांवरियां, जितेंद्र जलज, बीरेंद्र कुसुमाकर, तीरथराज पांडेय, रिंकू सिंह, राजेश शुक्ला, सबरेज अहमद आदि मौजूद रहे।

नो इंट्री छूटने के बाद ओवरटेक करने के दौरान हुआ भीषण हादसा

# बेकाबू डंफर हाईवे के डिवाइडर तोड़ते हुए पहुंची दूसरी रोड पर, मची अफरा-तफरी





**अखंड भारत संदेश**

**झूंसी।** थाना क्षेत्र के प्रयागराज-वाराणसी हाईवे पर झूंसी पुलिया के पास मंगलवार की रात बेकाबू डंफर डिवाइडर तोड़ते हुए पलट गया। हादसा नो इंट्री छूटने के बाद वाहनों के ओवरटेक करने के दौरान हुआ। हादसे में डंफर का चालक गंभीर रुप से जख्मी हो गया। उसे 108 एंबुलेंस से शहर के अस्पताल में भर्ती कराया गया। हादसे के कारण हाईवे पर भीषण जाम लग गया था। हालांकि पुलिस के पहुंचने के कुछ देर बाद यातायात सुचारू हो सका। हादसे के हाईवे पर काफी देर तक अफरा-तफरी मची रही। मंगलवार की रात तकरीबन साढ़े दस बजे नो इंट्री छूटने के बाद झूंसी के अंदावा से शास्त्री पुल तक वाहन एक-दूसरे को ओवरटेक करते हुए जा रहे थे। वाहनों की कतार में ही एक डंफर भी था। तेज रफ्तार डंफर बेकाबू होकर झूंसी पुलिया के पास पहुंचने पर डिवाइडर को तोड़ते हुए हाईवे की दूसरी लेन में जाकर पलट गया। इस दौरान दूसरी लेन से आ रहे वाहन चालकों में भी खलबली मच गई। यह तो संयोग ही था कि दूसरी लेन से आ रहे वाहन से डंफर नहीं टकराया। हादसे में डंफर चालक वीरेंद्र पुत्र रामनरेश निवासी कौशांबी थाना सराय अकिल गंभीर रुप से जख्मी हो गया। घटना की सूचना मिलने पर इलाकाई पुलिस मौके पर पहुंची और जख्मी चालक को अस्पताल में भर्ती कराया। हादसे के कारण जीटी रोड पर वाहनों की लंबी कतार लग गई थी। बाद में मौके पर क्रेन मंगाई गई। तब जाकर पलटे डंफर को वहां से हटाया गया। तब जाकर यातायात सुचारू हो सका।

## टीकर ग्राम पंचायत में प्रधान पद के लिए हुई पुनर्मतगणना

गणना समाप्ति के बाद नहीं हुई अधिकारिक घोषणा फैसला सुरक्षित

**कोरांव।** विकासखंड कोरांव के टीकर ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान पद की पुनर्मतगणना एसडीएम कोरांव के न्यायालय कक्ष में मंगलवार को संपन्न हुई। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की मतगणना में विजई हुई ग्राम प्रधान रजनी कुशवाहा के प्रतिनिधि सुनील कुशवाहा ने मतगणना में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए कई बार मतगणना कक्ष से बाहर आकर हंगामा भी काटा। ज्ञातव्य हो कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की मतगणना में रजनी कुशवाहा ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी गायत्री देवी को नौ मतों से पराजित किया था। मतगणना में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए गायत्री देवी ने माननीय उच्च न्यायालय में वाद दाखिल किया था। उच्च न्यायालय के निर्देश पर मंगलवार 31 अक्टूबर को एसडीएम कोरांव के न्याय कक्ष में वीडियोग्राफी के साथ मतगणना संपन्न हुई। मतगणना के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। थानाध्यक्ष कोरांव विनोद कुमार दलबल के साथ मतगणना स्थल पर मौजूद रहे। हंगामे की स्थिति को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल भी बुला लिया गया था। मतगणना समाप्ति के बाद फैसले को सुरक्षित रख लिया गया है।

## न्यूज झरोखा...

### वेदोच्चार के मध्य संपन्न हुआ सीता राम विवाह



**नैनी।** नैनी जन सेवा समिति रामलीला के छठवें दिन सीता राम विवाह, महाराज दशरथ द्वारा राम राज्याभिषेक की घोषणा एवं मंथरा कैकई संवाद की लीला का मंचन श्री हनुमत रामलीला मंडल, प्रयागराज के कलाकारों द्वारा किया गया। विद्वान पुरोहितों के द्वारा वेद विहित रीति से सीता राम विवाह संपन्न कराया गया। महाराज जनक ने अपनी लाडली जानकी को रघुवर को सौंपते हुए कहा कि यह मुझे प्राणों से भी प्यारी है। इसका ध्यान रखना। इससे कोई भूल हो जाए तो क्षमा कर देना अयोध्या में माता कौशल्या, सुमित्रा, कैकई पुत्रों एवं पुत्र बधुओं का स्वागत करती हैं रामलीला के अगले चरण में महाराज दशरथ गुरु वशिष्ठ की अनुमति से राम राज्याभिषेक की घोषणा करते हैं उधर मंथरा महारानी कैकई को राम के विरुद्ध भड़काती हैं कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पवन यादव, विनय सिंह, हरिशंकर सिंह, आरएलडी दुबे, आर के शुक्ला, रवि सिंह, अनिल चौधरी, पंकज सिंह, संतोष सिंह, नीरज मिश्रा, शशि सिंह, प्रभात सिंह, हरी बाबू सिंह, अनुग्रह जायसवाल, विशाल श्रीवास्तव, पिंटू नेपाली, बलराम माली, लाला केशरवानी, नीलू केसरवानी, दीपेंद्र सिंह आदि ने सहयोग किया।

### आर के ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के तत्वाधान में भाषण एवं दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया



**नैनी।** नैनी में सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती, एकता दिवस के अवसर पर आर. के . ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के तत्वाधान में आर.के. कॉलेज आफ फामेर्सी एवं प्रयाग विधि महाविद्यालय द्वारा भाषण एवं दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें भाषण प्रतियोगिता में अर्पित सिंह बीएएलएलबी तृतीय सेमेस्टर को प्रथम स्थान, द्वितीय स्थान स्मिता चौबे एलएलबी प्रथम सेमेस्टर और तृतीय स्थान कुलदीप तिवारी एलएलबी प्रथम सेमेस्टर को प्राप्त हुआ दौड़ प्रतियोगिता में नीरज कुमार सिंह बी फार्मा द्वितीय वर्ष को प्रथम स्थान एवं एन.के. तिवारी बीएएलएलबी प्रथम सेमेस्टर को दूसरा तथा दिवाकर मौर्य बी ए एलएलबी सातवें सेमेस्टर को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ सभी विजयी प्रतिभागियों को संस्थान के चेयरमैन डा. आशुतोष त्रिपाठी एवं प्रबंध निदेशक इं.आशीष त्रिपाठी ने शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। इसके बाद प्रबंध निदेशक द्वारा समस्त छात्र-छात्राओं एवं शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाई गई। उक्त कार्यक्रम में विधि प्राचार्य डॉ. मुहम्मद जफर एवं समस्त विधि शिक्षक,फामेर्सी प्राचार्य डॉ.सी. एस. सिंह एवं समस्त फामेर्सी शिक्षक तथा नर्सिंग प्राचार्या के .एच. विक्टोरिया देवी एवं समस्त नर्सिंग शिक्षिकाएं तथा समस्त ऑफिस कर्मचारी एवं भारी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

### महाविद्यालय नैनी में रैली मैराथन का आयोजन किया गया



**नैनी।** नैनी सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में मंगलवार को ₹रन फॉर यूनिटी₹ नाम से हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महा विद्यालय नैनी में रैली मैराथन का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर ओम प्रकाश ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली का आयोजन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ सुरेश कुमार पटेल व डॉ रफत अनीस द्वारा किया गया। रैली महाविद्यालय से शुरू होकर पीएसी कॉलोनी, चकभटाई, जीत लाल चौराहा, शनि मंदिर होते हुए महाविद्यालय पहुंची, वहां पर मानव श्रृंखला बनाकर, एकता पर नारे लगाकर लोगों को एकता का संदेश दिया। इस मौके पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ दीपक, डॉ निरुपमा, डॉ होसिता, डॉ पूनम, डॉ हरीश वर्मा, डॉ संदीप आदि प्राध्यापक, एनएसएस के सभी छात्र छात्रा रैली व मानव श्रृंखला में सम्मिलित हुए ।

### मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना : आवेदन ऑनलाइन शुरू



**मेजा।** निर्धनता में जीवन यापन करने वाले जरूरतमंद / निराश्रित परिवारों की विवाह योग्य कन्याओं य विधवा/ परित्यक्ता/ तलाकशुदा महिलाओं के विवाह हेतु मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के माध्यम से आर्थिक सहायता उपलब्ध कराते हुए उनकी सामाजिक/ धार्मिक मान्यताओं एवं परम्पराओं तथा रीति-रिवाजों के अनुसार विवाह करने की व्यवस्था कराकर समाज में सर्वधर्म सम्भाव एवं सामाजिक समरसता, को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वैवाहिक कार्यक्रम सम्पन्न कराये जाने हेतु सभी वर्गों के व्यक्तियों के पुत्रियों की शादी हेतु समाज कल्याण विभाग द्वारा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना संचालित है।मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह हेतु आवेदन की प्रक्रिया मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना की वेबसाइट/ पोर्टल cmsvy.upsdc.gov.in पर लॉगिन करने आनलाइन आवेदन भरने की प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है। आवेदक द्वारा भरे गये आनलाइन आवेदन पत्रों (समस्त संलग्नको सहित) को जिला समाज कल्याण अधिकारी द्वारा अपने पोर्टल से निकालकर प्रमाणपत्रों का मिलान करने के उपरान्त सम्बन्धित निकायों के पोर्टल पर अग्रसारित किया जायेगा। निकायों द्वारा अपने पोर्टल पर प्रदर्शित आवेदन पत्रों (समस्त संलग्नको सहित) को निकालकर जाँच / सत्यापन के उपरान्त पात्रता की स्थिति में संस्तुति सहित अग्रसारित करेंगे। तदोपरान्त विवाह आयोजन के उपरान्त जिला समाज कल्याण अधिकारी द्वारा अनुदान की भुगतान की कार्यवाही योजना के पोर्टल के माध्यम से सम्पन्न की जायेगी।

### देश के एकीकरण में सरदार पटेल के प्रयास रहे महत्वपूर्ण : सुचिता सिंह



**प्रयागराज।** सत्कृत शिक्षण संस्थान के संचालिका सुचिता सिंह ने कहा कि भारत की एकता और समृद्धि सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन का एकमात्र ध्येय था और उनकी बदौलत ही पृथ्वी पर एक संप्रभु तथा अखंड भारत का मौजूदा मानचित्र संभव हो पाया था। देश के पहले गृह मंत्री और लोह पुरूष के नाम से प्रसिद्ध सरदार वल्लभाई पटेल की जयंती, राष्ट्रीय एकता के मौके पर उन्होंने कहा ,ह्लदेश के एकीकरण व निर्माण में लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी का अविस्मरणीय योगदान है। आज सरदार साहब की जयंती के अवसर पर कोचिंग में उनकी प्रतिमा पर कृतज्ञ राष्ट्र के ओर से श्रद्धासुमन अर्पित किए। अंग्रेज इस देश को खंड खंड होने के लिए छोड़ कर गये थे लेकिन सरदार पटेल ने कुछ ही दिनों में 550 रियासतों को एकता के सूत्र में पिरो दिया।

### पुलिस की सक्रियता से ठगी हुए पैसे वापस आये तो कहा धन्यवाद



**झूंसी।** थाना क्षेत्र के एक आश्रम में रहने वाले संत साइबर ठगी का शिकार हो गए थे। मंगलवार को झूंसी पुलिस की सक्रियता से संत के पैसे वापस उनके खाते में पहुच गए। झूंसी के प्रभु दत्त ब्रह्मचारी आश्रम में रहने वाले विवेक कुमार को साइबर तो ने झांसे में लेकर 15 दिन पहले उनके खाते से पंद्रह हजार रुपये उड़ा दिए थे। विवेक कुमार ने तत्काल झूंसी थाने में मामले की शिकायत की तो थाना प्रभारी उपेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में साइबर हेल्प डेस्क में तैनात उप निरीक्षक धर्मेंद्र यादव, कंप्यूटर ऑपरेटर मनोज यादव ने पीड़ित के खाते से कटे हुए पैसे को तत्काल होल्ड करा दिया। मंगलवार को पीड़ित के खाते में पैसे वापस पहुच गए। पीड़ित विकेक कुमार ने पैसे वापस आने के बाद पुलिस को धन्यवाद कहा।

## हंडिया में अनियंत्रित होकर पलटी मालवाहक मैजिक एक युवक की मौत, 6 लोग गंभीर रूप से घायल




**प्रयागराज।** हंडिया कोतवाली अंतर्गत आने वाले रिखीपुर तिराहे के सारीपुर गांव के समीप भोर में अचानक से अनियंत्रित होकर एक मालवाहक मैजिक पलट गई' जिससे एक युवक की मौत हो गई। लगभग आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद मौके पर पहुंचे आसपास के लोगों ने भारी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई। लोगों ने इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दिया। जिसके बाद सूचना पर पहुंची पुलिस घायल लोगों को उपचार के लिए धनुपुर सीएचसी में भर्ती कराया मिली जानकारी के अनुसार मुगरा बदशापुर से भरत मिलाप देखकर मालवाहक मैजिक गाड़ी से लोग जैसे ही जंघई रोड स्थित जैतापुर गांव के समीप पहुंचे थे। वैसे ही अचानक ड्राइवर की आंख छपकने की वजह से गाड़ी अनियंत्रित होकर एक गड्ढे में पलट गई ' दुर्घटना में आदित्य मौर्य उर्फ छोटू पुत्र कमला शंकर की मौके पर मौत हो गई ।जबकि शिवम पुत्र फूल चंद, सोनू यादव पुत्र लल्लन प्रसाद, दीपक पुत्र शिव शंकर, रमा पुत्र सूर्य बलि, अंशु पुत्र शिव शंकर, अभिषेक पुत्र अशोक, नीरज पुत्र राम कृपाल, संतोष पाल पुत्र वृज मोहन, अखिलेश पुत्र ज्ञानचंद्र, अंकित पुत्र संजय सहित आधा दर्जन से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए' घायलों को एम्बुलेंस से उपचार के लिए नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां सभी का इलाज किया गया ' सूचना पर मौके पर पहुंचे परिजनों ने घायलों को लेकर प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया।

# मेजा ऊर्जा निगम में लौह-पुरुष की जयंती पर 'रन फॉर यूनिटी' का हुआ आयोजन

## देशहित में सरदार पटेल के योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा - सरित महेश्वरी




**अखंड भारत संदेश**

**मेजा।** राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर खेल परिषद एवं मानव संसाधन विभाग के सौजन्य से मेजा ऊर्जा निगम के परिसर में 'रन फॉर यूनिटी' मैराथन का आयोजन किया गया। लौह पुरुष के रूप में लोकप्रिय सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती को हमारे राष्ट्र के एकीकरण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका का सम्मान करने के लिए राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। एमयूएनपीएल कर्मचारियों एवं उनके परिवार, सीआईएसएफ कर्मियों के साथ-साथ परिसर में उपस्थित अन्य कर्मचारियों की अभिन्न भागीदारी देखी गयी। सभी प्रतिभागियों ने 3 किमी की मैराथन में सक्रिय रूप से हिस्सा लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया। दिन की शुरूआत जीएम (ओएंडएम) सरित माहेश्वरी के नेतृत्व में राष्ट्रीय एकता-प्रतिज्ञा, अखंडता-प्रतिज्ञा और खादी- प्रतिज्ञा लेकर हुई।तत्पश्चात 'रन फॉर यूनिटी' मैराथन की शुरूआत सरित महेश्वरी ने हरी झंडी दिखाकर की। जीएम (ओ एंड एम) सरित महेश्वरी और अपराजिता महिला समाज की उपाध्यक्षा राखी महेश्वरी ने कार्यक्रम के अंत में सभी विजेताओं को सम्मानित किया। पुरुष वर्ग में ऑपरेशन विभाग से जे दिनेश ने पहला स्थान हासिल किया। अमित कुमार दूसरे स्थान पर रहे और मानव संसाधन विभाग के सुधीर मुदाही ने तीसरा स्थान हासिल किया।महिला वर्ग में प्रथम स्थान पर आरती निगम ,दूसरे स्थान पर सुश्री प्रतिज्ञा यादव और तीसरे स्थान पर विजया सिंह रहीं। इसी क्रम में बाल-श्रेणी के तहत अचिंत्य कृष्ण दीक्षित प्रथम स्थान, दूसरे स्थान पर दैविक नायडू और तीसरे स्थान पर उत्सव भारद्वाज रहे। वहीं सीआईएसएफ ने सबसे अधिक पदकों के साथ मैराथन में अपना परचम लहराया, जिसमें विकास सिंह, जगदीप सिंह और केएस राव शीर्ष स्थान पर रहे। सरित माहेश्वरी ने खेल परिषद और मानव संसाधन विभाग दोनों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि हमें सरदार वल्लभ भाई पटेल के योगदान को हमेशा याद रखना चाहिए।उनके दिखाए गए मार्ग को अपनाकर देश की अखंडता एवं एकता को बनाए रखने के लिए हमेशा प्रयत्न करने चाहिए।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस सम्भव सुनवाई के तहत नगर आयुक्त ने सुनी समस्याएं



**प्रयागराज।** नगर आयुक्त नगर निगम प्रयागराज, चन्द्र मोहन गर्ग द्वारा को जन सुनवाई करते हुए नगर निगम में आये हुए शिकायतकताओं की शिकायतों को सुना गया। जिसमें कुल 34 शिकायतें प्राप्त हुई। नगर आयुक्त महोदय द्वारा शिकायतकताओं की शिकायतों को निस्तारित किये जाने हेतु सम्बन्धित अधिकरियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये, और यह भी निर्देशित किया गया कि शिकायतों को गुणवत्तापूर्ण तथा समयबद्ध निस्तारण किये जाने में किसी भी प्रकार की शिथिलिता न बरती जाय ।ह्यसम्भवह्य जनसुनवाई बैठक के दौरान, अपर नगर आयुक्त अरविन्द राय, अम्बरीश बिन्द, महाप्रबन्धक जलकल कुमार गौरव, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी/जन सम्पर्क अधिकारी पी0के0द्विवेदी, मुख्य अभियन्ता सतीश कुमार, मुख्य अभियन्ता विद्युत यॉत्रिक संजय कटियार, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा0 अभिषेक सिंह, जोनल अधिकारी मदन गोपाल, संजय ममगई, आर0पी0 श्रीवास्तव, पर्यावरण अभियन्ता उत्तम कुमार, अधिषाशी अभियन्ता राधे कृष्ण लाल, नगर अभियन्ता, पशुधन अधिकारी डा0 विजय अमृत राज, अधिषाशी अभियन्ता नजमी मुजफ्फर, लेखाधिकारी अक्षय कुमार, राजस्व निरीक्षक तथा आदि अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## पुराने पुल से रीवा रोड की ओर जाने वाली सड़क का चौड़ीकरण शुरू, कई और इलाकों में भी होगा ध्वस्तीकरण



**प्रयागराज।** महाकुंभ-2025 की परियोजनाओं को समय से पूरा कराने के लिए तैयारियां तेजी से चल रही हैं। पीडीए भी शहर के अलग-अलग इलाकों में सड़कों के चौड़ीकरण और सौंदर्यीकरण का कार्य कराने के लिए टेंडर की प्रक्रिया तेजी से पूरी करा रहा है । वहीं, पुराने रीवा रोड से अरैल जाने वाली सड़क के दोनों ओर चौड़ीकरण का कार्य तेजी से चल रहा है। वहीं, अभी पुराने यमुना पुल से लेप्रोसी चौराहा तक डिवाइडर पर ग्रीनरी विकसित करने की तैयारी चल रही है। **सड़क के किनारे ग्रीनरी किया जाएगा विकसित :** साथ ही नैनी रेलवे स्टेशन मिजार्पुर राष्ट्रीय मार्ग तक डिवाइडर पर ग्रीनरी विकसित किया जाना है। लेप्रोसी चौराहा से नैनी रेलवे स्टेशन तक डिवाइडर बनाया जाना है। साथ ही लेप्रोसी चौराहा से यूनाइटेड कॉलेज नैनी तक डिवाइडर पर ग्रीनरी विकसित करने का कार्य होना है।

## अवैध निमार्णों पर चला पीडीए का डंडा

**झूंसी।** प्रयागराज विकास प्राधिकरण ने झूंसी में आधा दर्जन मकानों को अवैध बता कर सील कर दिया। पीडीए की लगातार चल रही कार्यवाही से बिना नक्सा पास कराये के निर्माण कर रहे भवन स्वामियों में हड़कंप मचा है। मंगलवार को पीडीए के जोनल अधिकारी के नेतृत्व में देवनगर में कीर्तिलता, नैका मायापुरी में एमजे पांडे, सन्दीप तिवारी, छतनाग मिलन चौराहे पर अर्जुन गिरी, छंगू यादव, संदीप यादव अन्य के निर्माण को सील किया गया। कार्यवाही के दौरान अवर अभियंता बीएम सिंह व परवर्तन दल की टीम मौजूद रही।

## घर की खिड़की काट कर चोरों ने लाखों के माल पर किया हाथ साफ

**मऊआइमा।** ठंडक के दस्तक देते ही चोरों की घटनाएं शुरू हो गई है ।बीती रात चोरों ने एक घर की खिड़की काट कर नगदी सहित लाखों की चोरी करने में सफल रहे। भुक्तभोगी ने थाने में तहरीर दी है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम हरखपुर में बीती रात भोलानाथ पुत्र भगवानदीन का परिवार सो रहा था। बताते हैं कि बीती रात चोरों ने भोलानाथ के घर का खिड़की काट कर कमरे में घुस कर अलमारी में रखा बीस हजार नगद,सोने की अंगूठी,पायल, बिछिया आदि के अलावा स्टेप्लायजर,टीवी आदि कीमती सामान चोरी करने में सफल रहे। मंगलवार को सुबह चोरी की जानकारी होने पर परिवार में हंगामा मच गया। पुलिस को सूचना दी गई वह जांच कर वापस लौट गयी। भुक्तभोगी भोलानाथ ने अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी है।

# राष्ट्रीय एकता के लिए सरदार पटेल के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता : प्रो. रीता बहुगुणा जोशी

### केन्द्रीय संचार ब्यूरो द्वारा ई.सी.सी. में राष्ट्रीय एकता दिवस पर दो दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का आयोजन




**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** सरदार वल्लभ भाई पटेल राष्ट्रीय एकता के सूत्र धार हैं अपनी समझदारी, साहस और कर्मठता से देश की पांच सौ से अधिक रियासतों को भारत में एकीकरण कराया। यह विचार प्रयागराज की सांसद प्रो0 रीता बहुगुणा जोशी ने सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के केन्द्रीय संचार ब्यूरो प्रयागराज द्वारा आज यूइंग क्रिश्चियन महाविद्यालय (ई.सी.सी.), प्रयागराज में आयोजित दो दिवसीय जन जागरूकता कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि देश के पहले गृह मंत्री होने के नाते, सरदार पटेल, देश की आंतरिक सुरक्षा को लेकर बहुत सख्त रहते थे। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल ने राष्ट्रीय एकता के लिए जो योगदान जीवन भर दिया उसे भुलाया नहीं जा सकता है। उन्होंने फीता काट कर सरदार पटेल के जीवन पर आधारित केंद्रीय संचार ब्यूरो द्वारा राष्ट्रीय एकता पर लगाई गयी चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन कर उसका अवलोकन किया और प्रदर्शनी को ज्ञानबर्धक बताया। उन्होंने सरदार पटेल के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया और दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम के प्रथम सत्र का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम के दौरान अति विशिष्ट अतिथि के रूप में सुनील कुमार शुक्ल पूर्व संयुक्त निदेशक, प्रो. एएस मोजेज प्राचार्य ईसीसी, नरेन्द्र शर्मा उपनियंत्रक नागरिक सुरक्षा तथा डा. स्वप्निल श्रीवास्तव, डा. एम.सी. गुप्ता, डा. पदमभूषण प्रताप सिंह, डा. सूरज गुणवंत, डा. धीरेन्द्र प्रताप सिंह, डा. प्रेम प्रकाश सिंह, डा. प्रियंका विनी लाल, डा.शिवांगी राव, डा. मंजू तिवारी, डा. जॉन कुमार, डा. प्रदीप कुमार प्रिय, डा. अमिताभ शाद एनसीसी, राजेन्द्र तिवारी दुकान जी, ओम प्रकाश, आकाश विश्वकर्मा सहित कई प्रमुख लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन केन्द्रीय संचार ब्यूरो के राम मूरत द्वारा किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं की दौड प्रतियोगिता के बालक वर्ग में शिखर गप्ता, विशेष शर्मा, अविनाश शुक्ला तथा बालिका वर्ग में तनु सिंह, याशिका शर्मा, अंशू सिंह को क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। देशभक्ति गीत प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता तथा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में विशाल, अमन, याशिका, विधि, जान्हवी, उद्धवराज व पवन विजेता रहे। इस दौरान सतर्कता जागरूकता सप्ताह से संबंधित नागरिकों के लिए सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा भी दिलायी गयी।

### मण्डलायुक्त ने सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता दिवस की दिलायी शपथ



**प्रयागराज।** मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत ने मंगलवार को गांधी सभागार में भारत रत्न लौहपुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया। उन्होंने गांधी सभागार में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलायी ।मैं सत्यनिष्ठा से शपथ लेता हूँ कि मैं राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाये रखने के लिए स्वयं को समर्पित करूंगा और अपने देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने का भी भरसक प्रयत्न करूंगा। मैं यह शपथ अपने देश की एकता की भावना से ले रहा हूं, जिसे सरदार वल्लभ भाई पटेल की दूरदर्शिता एवं कार्यों द्वारा सम्भव बनाया जा सका। मैं अपने देश की आन्तरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान करने का भी सत्यनिष्ठा से संकल्प करता हूं। इस अवसर पर अपर आयुक्तगण सहित समस्त अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

# उप निरीक्षक के पद पर प्रमोशन होने से स्टार लगाकर सम्मानित किए एसीपी सोरांव



**अखंड भारत संदेश**

**सोरांव।** स्थानीय थाने में तीन वर्षो से हेड मोहर्रिम के पद पर तैनात अशोक कुमार त्रिपाठी पुत्र स्वर्गीय कड़े प्रसाद त्रिपाठी निवासी राय बरेली का भर्ती प्रोन्नत बोर्ड लखनऊ द्वारा छः अक्टूबर 2023 के आदेश पर उप निरीक्षक के पद पर प्रमोशन किया गया। इसके बाद सहायक पुलिस आयुक्त सोरांव शैलेंद्र सिंह परिहार ने तथा थाना प्रभारी अशोक कुमार ने हेड मोहर्रिम को अपने कार्यालय में बुलाकर डबल स्टार्स व कैप लगाकर सम्मानित किए। दरोगा के पद पर पहुंचने के बाद त्रिपाठी ने थाने में तैनात सभी सिपाहियों और दरोगा सहित समस्त महिला और पुरुष स्टाफ को मिठाई खिलाकर सभी का मुंह मीठा करवाए। तत्पश्चात सोरांव थाने के जिम्मेदार व तेज तर्रार इंस्पेक्टर अशोक कुमार ने त्रिपाठी को थाने में बटे हल्का चार के क्षेत्र की जिम्मेदारी दे दिए। दरोगा अशोक कुमार त्रिपाठी ने कहा कि थाना प्रभारी द्वारा जिस क्षेत्र की जिम्मेदारी मिली है। मैं ईमानदारी और न्यायपूर्वक जनता के साथ काम करूंगा ।तथा ड्यूटी में किसी भी प्रकार की लापरवाही नही करूंगा। त्रिपाठी की नियुक्ति 1990 में पुलिस विभाग में हुई तो पहली पोस्टिंग जिला हरदोई के थाना कोतवाली में की गई। तब से अपने कर्तव्यों और दायित्यों का बखूबी पालन करता रहा हूं। वहीं प्रयागराज से सोरांव थाने में तैनात संजय राय का भी दरोगा के पद पर प्रमोशन होने से पूरा सोरांव थाना के स्टाफ ने बढ़ाई दिया।

# स्वतन्त्रता आन्दोलन में सरदार पटेल का सबसे बड़ा योगदान: सदर विधायक

## भाजपाईयों ने मनाई सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती



वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते भाजपाई।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** आज भारत की एकता और अखंडता के सूत्रधार, भारत रत्न, लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर भाजपा जिला अध्यक्ष आशीष कुमार श्रीवास्तव, सदर विधायक राजेन्द्र कुमार मौर्य एवं नगर पालिका अध्यक्ष हरि प्रताप सिंह ने पदाधिकारियों/कार्यकताओं के साथ माल्यार्पण करके उनके द्वारा किए गए अखंड भारत के निर्माण में योगदान को याद किया।

जिला अध्यक्ष आशीष कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि पटेल का जन्म नडियाद, गुजरात में एक लेवा पटेल(पाटीदार) जाति में हुआ था। वे महात्मा गांधी के विचारों से प्रेरित होकर उन्होने भारत के स्वतन्त्रता आन्दोलन में भाग लिया। जिला अध्यक्ष ने बताया कि सन 1991 में मरणोपरान्त भारत रत्न से सम्मानित किया गया। सदर विधायक राजेन्द्र कुमार मौर्य ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वतन्त्रता आन्दोलन में सरदार पटेल का सबसे पहला और बड़ा योगदान 1918 में खेडा संघर्ष में हुआ। गुजरात का खेडा खण्ड (डिविजन) उन दिनों भयंकर सूखे की चपेट में था। नगर पालिका अध्यक्ष हरि प्रताप सिंह ने बताया कि निरन्तर संघर्षपूर्ण जीवन जीने वाले सरदार पटेल को स्वतंत्र रूप से पुस्तक-रचना का अवकाश नहीं मिला, परंतु उनके लिखे पत्रों, टिप्पणियों एवं उनके द्वारा दिये गये व्याख्यानों के रूप में बृहद् साहित्य उपलब्ध है, जिनका संकलन विविध रूपाकारों में प्रकाशित होते रहा है। इस अवसर पर राजेश सिंह, सुनील दुबे सभासद, रुचि केशरवानी, अनिल सिंह सभासद, जिला सह मीडिया प्रभारी देवेश त्रिपाठी सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## इंदिरा व पटेल को याद किया कांग्रेसियों ने




इंदिरा व पटेल के चित्र पर माल्यार्पण करते कांग्रेसी।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय इंदिरा भवन पर पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि, सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती, आचार्य नरेंद्र देव की जयंती और पूर्व जिला अध्यक्ष हाजी रमजान अली की पुण्यतिथि जिला कांग्रेस अध्यक्ष डॉ लाल जी त्रिपाठी की अध्यक्षता में मनाई गई, जिसका संचालन वेदांत तिवारी ने किया। जिला अध्यक्ष डॉक्टर लालजी त्रिपाठी ने कहा कि इंदिरा गांधी के अंदर गजब की राजनीतिक दूरदर्शिता थी वह सियासी उतार चढ़ाव को बखूबी समझती थी।

इसी क्रम में पीसीसी सदस्य डॉक्टर प्रशांत देव शुक्ला ने कहा कि वल्लभ भाई पटेल भारतीय एकता के प्रतीक थे। रियासतों को भारत में मिलने में उनका बहुत बड़ा योगदान था। अवध है आज यादव ने कहा हाजी रमजान अली सरलता एवं सज्जनता के लिए जाने जाते थे। नगर अध्यक्ष इरफान अली ने कहा कि आचार्य नरेंद्र देव महान शिक्षाविद थे। कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष वेदांत तिवारी, महासचिव आशुतोष तिवारी, फतेह बहादुर सिंह, अवध राज यादव, मोहम्मद इश्तियाक, मकरंद शुक्ला, अब्दुल महबूब, मोहम्मद अनवर, सजदा बेगम, विधि देवशुक्ला आदि लोग उपस्थित रहे।

## बीएल सुधिता इंटरनेशनल स्कूल में मनाई गई पटेल की जयंती

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** मंगलवार को बी एल सुधिता इंटरनेशनल स्कूल में सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती सह राष्ट्रीय एकता दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाध्यापक मोहित पांडेय ने की। वहीं कार्यक्रम का संचालन करते हुए संजीत दिवेदी ने बच्चो से राष्ट्रीय एकता और अखंडता के लिए शपथ दिलाई और बच्चो से रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम के तहत कक्षा 4 से लेकर 11 तक की दौड़ करवाई गई। अभिभाषण में प्रधानाध्यापक श्री मोहित पांडेय ने बच्चों को संबोधित करते हुए श्री बल्लभ भाई पटेल की जीवनी पर प्रकाश डाला एवं उनका देश के लिए योगदान से परिचित कराया। वहीं डायरेक्टर रामजी लाल जायसवाल एवं श्री श्याम जी लाल जायसवाल ने वल्लभ भाई पटेल की बचपन के दिनों में भ्रष्टाचार के विरुद्ध उनके द्वारा उठाए गए आवाज को बच्चों को सामने रखा एवं बच्चों को भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज बुलंद करने की सीख दी। सभी वक्ताओं ने कहा-स्वतंत्रता की लड़ाई में सरदार वल्लभ का था महत्वपूर्ण योगदान रहा। और सबसे बड़ा योगदान देश को अखंड और एक बनाए रखने में रहा। इस दौरान विद्यालय समिति के खुश्बू पांडेय, संजीत दिवेदी ,शिखा सिंह, वंदना, अक्षय, उमंग, एमपी सिंह, इमरान, रेशमा, अनुराधा, सेजल, अनुष्ठा, बबिता, एवं समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

## सपाईयों ने हर्षोल्लासपूर्वक मनाई पटेल की जयंती

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने भारत की एकता का सूत्रधार कहे जाने वाले लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती हर्षोल्लास के साथ पार्टी के जिला उपाध्यक्ष आशुतोष पांडेय की अध्यक्षता व वासिक खान के संचालन में मनाया। आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में सपा नेता व पूर्व एमएलसी एसपी सिह पटेल मौजूद रहे। सर्वप्रथम नगर के अंबेडकर चैराहे पर स्थित अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण पूर्व एमएलसी सपा नेता एसपी सिंह पटेल के नेतृत्व में किया गया इसके उपरांत पार्टी कार्यालय पर एकत्रित सपाइयों ने लौह पुरुष की जयंती पर गोष्ठी का आयोजन किया। इस मौके पर सपाइयों ने उनके जीवन से प्रेरणा लेकर उनके आदर्शों को आत्मसात करने के लिए संकल्प लिया। इस मौके पर नागेंद्र सिंह मुन्ना यादव पूर्व विधायक जिला उपाध्यक्ष जावेद अहमद, डॉ राम बहादुर पटेल, गुलफाम खान, महिला सभा जिला अध्यक्ष शांति सिंह, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष मनीष पाल, पारसनाथ यादव ,सुरेश यादव, सुरेश चंद्र जायसवाल व्यापार सभा जिला अध्यक्ष, नगर अध्यक्ष निसार अहमद, तबारक हुसैन इदरीसी, शमशाद, मीडिया प्रभारी वकार अहमद आदि लोग मौजूद रहे।

## नेहरू युवा केंद्र में वल्लभभाई पटेल की जयंती का हुआ आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** नेहरू युवा केंद्र में आज सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती आयोजित की गई। इस अवसर पर आयोजित संगोष्ठी के मुख्य अतिथि समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य ने सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल को देश का लौह पुरुष कहा जाता है। उनमें लोहे की सुदृढ़ता थी। इस अवसर पर जिला शासकीय अधिवक्ता विवेक उपाध्याय ने कहा कि सरदार पटेल देश के पहले उप प्रधानमंत्री थे उन्होंने भारत को एकता के सूत्र में पिरोने का कार्य किया। नेहरू युवा केंद्र के उपनिदेशक समर बहादुर सिंह ने सरदार पटेल के चित्र पर माल्यार्पण किया तथा सरदार पटेल के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला। पूर्व सहायक निदेशक सूचना आरबी सिंह, नेहरू युवा केंद्र के लेखाकार विनय कुमार मिश्रा आदि ने भी सरदार पटेल के चित्र पर माल्यार्पण किया तथा अपने विचार व्यक्त किए।

## राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मना वल्लभ भाई पटेल का जन्म दिवस



वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते डीएम संजीव रंजन।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन ने कलेक्टेज्ट सभागार में भारतरत्न लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके जन्म दिवस को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा, अपर उपजिलाधिकारी (प्रथम) जितेन्द्र पाल सहित अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने अधिकारियों/कर्मचारियों को एकता और अखण्डता की शपथ भी दिलायी और सरदार बल्लभ भाई पटेल के आदर्शो पर चलने का संकल्प लिया गया एवं राष्ट्रीय एकीकरण में किये गये योगदान को याद किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयन्ती को राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता के रूप में मनाया जाता है। लौह पुरूष के जीवन चरित्र के बारे में जानकारी देते हुये कहा कि सरदार पटेल ने भारत को आधुनीकरण का स्वरूप दिया।

# रामलला की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह को सफल बनाने के लिये बनी रणनीति

## संघ विचार परिवार की बैठक में कार्यक्रमों की हुई घोषणा

**अखंड भारत संदेश**



संघ विचार परिवार की बैठक में मौजूद अतिथिगण।

**प्रतापगढ़।** संघ विचार परिवार की काशी प्रांत की बैठक में 22 जनवरी को अयोध्या में संपन्न होने वाले ऐतिहासिक प्राण प्रतिष्ठा समारोह के संबंध में विस्तृत कार्य योजना की घोषणा की गई। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ,काशी प्रांत के प्रांत प्रचारक रमेश ने बताया कि चार अलग-अलग सत्रो में पूरे दिन भर चली बैठक में विचार परिवार के 35 संगठनों के प्रमुख पदाधिकारियों की उपस्थिति में कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए युद्ध स्तर पर कार्य करने का आह्वान किया गया।

श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के महामंत्री एवम् विश्व हिन्दू परिषद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चंपत राय जी ने पूरे 45 दिन तक चलने वाले महाअभियान की चरण बद्ध ढंग से विस्तृत जानकारी दी। तय योजना के अनुसार 4 नवंबर 2023 को 200 कार्यकर्ता अयोध्या पहुंचेंगे। पांच को वहां से अक्षत भरे पीतल के कलश लेकर सभी विभाग के दो पर उसे पहुंचाएंगे। यह अक्षत न्यास की ओर से आमंत्रण का प्रतीक होगा। 5 नवंबर से दिसंबर के अंतिम सप्ताह तक कार्यकर्ता देशभर के सभी मंदिरों में अक्षत पहुंचाएंगे। प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन 22 जनवरी को कार्यकर्ता अपने-अपने गांव मोहल्ले के मंदिरों में इकट्ठे होंगे। वहां भजन कीर्तन के कार्यक्रम चलेंगे तथा सायं काल अपने दरवाजे पर दीप जलाएंगे। 5 करोड़ घरों में इस दिन दीपक जलाए जाएंगे। इस दौरान बैठक में छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन पर आधारित ऐतिहासिक महा नाट्य देखने के लिए सभी जिलों की तिथियां की भी जानकारी दी गई।

प्रसिद्ध कथावाचक शांतनु महाराज ने काशी आयोजित महा नाट्य जाणता राजा छत्रपति शिवा जी महाराज के जीवन पर आधारित जीवंत नाटक के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। मंच पर प्रांत संघ चालक डॉ विश्वनाथ लाल निगम प्रांत कार्यवाह मुरलीपाल मौजूद रहे। संचालन सह प्रांत कार्यवाह डॉ राकेश जी ने किया। बैठक में भारत विकास परिषद विहिप सक्षम आरोग्य भारती सेवा भारती विद्यार्थी परिषद शैक्षिक महासंघ इतिहास संकलन समिति गंगा समग्र भाजपा भारतीय मजदूर संघ समेत कुल संगठनों के 545 पदाधिकारी उपस्थित थे।

## अंतिम संस्कार में एसपी पटेल ने जताई शोक संवेदना



शोक जताने पहुंचे पूर्व एमएलसी डा0 एसपी सिंह पटेल।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** समाजवादी पार्टी के पट्टी विधानसभा अध्यक्ष आरके भीम के पिता का बीती रात आकस्मिक निधन हो गया। सूचना प्राप्त होने के पश्चात मंगलवार को पूर्व विधान परिषद सदस्य डॉ. एसपी सिंह पटेल अंतिम संस्कार में शामिल होकर परिवारजनों के बीच गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। अंतिम संस्कार में जिला पंचायत सदस्य लालबहादुर यादव, पूर्व विधानसभाध्यक्ष राजेश यादव, ब्लाक अध्यक्ष संदीप यादव प्रधान, मनीराम पाल, राजेश निषाद प्रधान, जियालाल निषाद प्रधान सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## मछली पकड़ने गया युवक सदी नदी में डूबा

### तलाश में जुटी पुलिस, अनहोनी की आशंका में परिजन बदहवाश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** मछली पकड़ने गया युवक सई नदी के गहरे पानी में समा गया। पुलिस नदी में समाये युवक की तलाश में जुटी है। अनहोनी की आशंका के चलते परिजनों का रो-रो कर बुराहाल हो गया है। खबर लिखे जाने तक नदी में समाये युवक का सुराग नही लग सका। उसकी तलाश में पुलिस स्थानीय गोताखोरों का प्रबन्ध कर रही है। लालगंज कोतवाली के अमावां सरैंया निवासी रामगरीब का तीस वर्षीय पुत्र रामकिशुन वर्मा मंगलवार को सुबह सई नदी के गऊघाट पर मछली पकड़ने गया था। मछली पकड़ने के दौरान वह नदी के गहरे पानी में डूब गया। यह देख आसपास मवेशी चरा रहे लोगों ने शोर मचाया तो भीड़ जुट गयी। ग्रामीणों ने नदी में समाये युवक की तलाश शुरू की लेकिन सफलता नही मिल सकी। इसके बाद लोगों ने घटना की जानकारी लालगंज कोतवाली पुलिस को दी। जानकारी पर पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से नदी में समाये युवक की तलाश में जुट गयी है। उधर युवक के नदी में डूबने की सूचना मिलने पर रोते बिलखते बदहवाश परिजन भी मौके पर पहुंच गये। अनहोनी की आशंका को लेकर परिजनों को रो रो कर बुरा हाल हो गया है। लालगंज कोतवाल अवन दीक्षित ने बताया कि नदी में डूबे युवक की तलाश पुलिस कर रही है। युवक की तलाश में गोताखोरों की भी मदद ली जा रही है।

## स्नातकोत्तर महाविद्यालय पट्टी में धूमधाम से मनाई गई सरदार पटेल की जयंती

**पट्टी, प्रतापगढ़।** मंगलवार को भारत के प्रथम गृह मंत्री तथा आधुनिक भारत के शिल्पकार सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती धूमधाम से स्नातकोत्तर महाविद्यालय पट्टी में मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। मौजूद छात्राओं को संबोधित करते हुए प्राचार्य अखिलेश पांडे ने कहा कि भारत को एकता के सूत्र में बांधने का कार्य तथा छोटी बड़ी रियासतों को भारत में मिलाने के लिए हमेशा देश की महान शिल्पकार सरदार वल्लभभाई पटेल को हमेशा याद किया जाएगा। कार्यक्रम में एनसीसी अधिकारी डॉक्टर राकेश पांडे ने भी मौजूद छात्राओं को संबोधित करते हुए उन्हें देश की एकता और अखंडता की शपथ दिलाई । कार्यक्रम का संयोजन डॉक्टर दिलीप सिंह तथा संचालन डॉक्टर राकेश पांडे ने किया मुख्य रूप से कार्यक्रम में केपी सिंह डॉक्टर आरबीआई अग्रहरि डॉक्टर मिथिलेश त्रिपाठी अरुण यादव राजबहादुर यादव सहित कई प्राध्यापक मौजूद रहे।

## देश को एकता व अखंण्डता के सूत्र में इंदिरा व पटेल का योगदान बहुमूल्यः मोना

### कार्यकताओं ने अर्पित किए राष्ट्रनायकों को श्रद्धा सुमन

**अखंड भारत संदेश**



लालगंज चौक पर इंदिरा गाँधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते कॉग्रेसी।

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर के चैक स्थित पार्क में कॉग्रेसियों ने अमर शहीद प्रधानमंत्री इंदिरा गाँधी के बलिदान दिवस व लौहपुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती पर पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यकताओं ने यहाँ इंदिरा गाँधी की प्रतिमा तथा सरदार पटेल के चित्र पर माल्यार्पण किया।

कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना तथा राज्यसभा में विपक्ष के उप नेता प्रमोद तिवारी के नेतृत्व में राष्ट्रीय एकता व अखंण्डता की मजबूती बनाये रखने को लेकर सामूहिक संकल्प जताया। क्षेत्रीय दौरे में मौजूद कांग्रेस विधान मंण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने कार्यकताओं से रुबरु होते कहा कि देश की अक्षुण्य एकता व अखंण्डता के लिए इंदिरा गाँधी का सर्वोच्च बलिदान सदैव अविस्मरणीय रहेगा। उन्होने कहा कि सरदार पटेल ने राष्ट्र को एकजुट बनाने में महनीय योगदान दिया। वहीं राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने वर्चुवल संबोधन में कहा कि इंदिरा गाँधी ने देश की अजेय संप्रभुता व अखंण्डता की हिफाजत के लिए शहादत देकर वैश्विक पटल पर भारत के शौर्यगाथा का स्वर्णिम इतिहास रचा। सांसद प्रमोद तिवारी ने सरदार पटेल के अदम्य साहस का बखान करते हुए सद्भावना के माहौल की मजबूती पर जोर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी व संचालन मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश शुक्ल ने किया। कॉग्रेस अनूसूचित जाति प्रकोष्ठ के महा मंत्री छोटेलाल सरोज ने आभार प्रदर्शन किया। इस मौके पर अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के चेयरमैन ईबार्दुरहमान, दिनेश सिंह, शास्त्री सौरभ, सभासद दारा सिंह, संजय सिंह, अनुराग पाण्डेय, जमील खान, आईपी मिश्र, राजकुमार मिश्र, बेलाल रहमानी, राकेश तिवारी गुड्डू, सुनील सिंह मोनू, मंसूर, मसरुर, पप्पू जायसवाल,एस के शर्मा, आकाश मिश्र आदि रहे।

## कोचिंग में दबंगों ने की तोड़फोड़, दी गई तहरीर

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** कोंडड़ौर थाना क्षेत्र के स्थानीय बाजार में दर्जन भर दबंगों ने एक कोचिंग संस्थान में घुसकर तोड़फोड़ की। आरोप है कि कोचिंग में पढ़ने वाली छात्रा से छेड़छाड़ व बदतमीजी करने से मना करने पर कोचिंग में घुसकर अपने दर्जनों अज्ञात साथियो के साथ शिक्षकों को हाकी डंडो से जमकर पीटा। सूचना पर पंहुची कोहंडौर पुलिस मामले की जांच कर रही है। घायल शिक्षकों ने थाने में नामजद व अज्ञात के खिलाफ तहरीर दी है।

## अपहृत सपा कार्यकर्ता की हत्या कर सांगीपुर इलाके में सई में फेंका शव, जांच में जुटी पुलिस

### लेनदेन का विवाद बताया जा रहा हत्या की वजह, मृतक के दोस्तों से पूछताछ कर रही पुलिस

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर कोतवाली इलाके से दो दिन पहले पम्पिंग सेट पर से अपहृत सपा कार्यकर्ता का शव हत्या कर सांगीपुर इलाके में सई नदी में फेंक दिया गया। पुलिस ने सई नदी से शव निकालकर शिनाख्त के बाद पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। पुलिस ने हत्या के आरोप में दो दोस्तो को भी हिरासत में लिया है। प्रतापगढ़ नगर कोतवाली के भगेसरा निवासी छब्बीस वर्षीय सपा कार्यकर्ता दीपक यादव का रविवार की रात पम्पिंग सेट पर से अपहरण कर लिया गया था। बोलेरो सवार बदमाशों ने अपहरण के बाद सपा कार्यकर्ता की हत्या कर दी और शव को सांगीपुर थाना इलाके में हरमापुर घाट पर थरिया के समीप फेंक दिया। मंगलवार को नदी में शव उतराया मिलने पर हडकंप मच गया। आननफानन में सीओ रामसूरत सोनकर के साथ नगर कोतवाली व सांगीपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकलवाया। बाद में इसकी शिनाख्त सपा कार्यकर्ता दीपक यादव के रूप में हुई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा है। मामले में नगर कोतवाली पुलिस ने सपा कार्यकर्ता की हत्या के आरोप में उसके दो दोस्तों को भी हिरासत में लिया है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। बताया जाता है कि लेनदेन के विवाद में सपा कार्यकर्ता की हत्या उसके दोस्तों ने ही की है। सीओ रामसूरत सोनकर ने बताया कि नदी में मिले शव की शिनाख्त हो गयी है। पुलिस ने पूछताछ के लिए मृतक के कुछ दोस्तों को हिरासत में लिया है। शीघ्र ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

## सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर जिलाधिकारी ने अर्पित किया श्रद्धासुमन

### जिलाधिकरी ने कलेक्ट्रेट के अधिकारियों व कर्मचारियों को दिलायी राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी।** राष्ट्रीय एकीकरण के शिल्पकार लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयन्ती पर जनपद में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिलाधिकारी सुजीत कुमार ने उदयन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया तथा राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ-मैं सत्यनिष्ठा से शपथ लेता हूॅ कि मैं राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाये रखने के लिए स्वयं को समर्पित करूंगा और अपने देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने का भी भरसक प्रयत्न करूंगा। मैं यह शपथ अपने देश की एकता की भावना से ले रहा हूॅं, जिसे सरदार वल्लभभाई पटेल की दूरदर्शिता एवं कार्यों द्वारा संभव बनाया जा सका। मैं अपने देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान करने का भी सत्यनिष्ठा से संकल्प करता हूॅ- दिलायी गई। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारीगण डॉ. विश्राम एवं अरूण कुमार गोंड़ सहित कलेक्ट्रेट के अन्य अधिकारियों कर्मचारियों ने भी माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किया मुख्य विकास अधिकारी डॉ. रवि किशोर त्रिवेदी ने सरस हॉल तथा सभी उप जिलाधिकारी गणों ने अपने-अपने तहसील में सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया तथा अधिकारियों/ कर्मचारियों को ह्लराष्ट्रीय एकता दिवसह्व की शपथ दिलाई जनपद के माध्यमिक एवं प्राथमिक विद्यालयां में रन-फॉर-यूनिटी, राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ तथा निबंध एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता आदि आयोजित कर सरदार वल्लभ भाई पटेल जी के जीवन पर प्रकाश डाला गया इस अवसर पर पी0आर0डी0 जवानों द्वारा मार्च पॉस्ट निकाला गया।



## सेवानिवृत हुए कौशांबी के जिला जज बृजेश मिश्रा

### विदाई समारोह में अधिवक्ताओं ने फूल मालाओं से स्वागत कर किया विदा

**कौशांबी।** जिला जज बृजेश कुमार मिश्रा का मंगलवार को अधिवक्ताओं ने विदाई समारोह आयोजन कर फूल माला से स्वागत कर उनको विदाई दी। बता दें कि बृजेश कुमार मिश्रा ने कौशांबी जनपद में लगभग ढाई वर्ष पहले जिला जज का पदभार ग्रहण किया और तब से अब तक वह कौशांबी जनपद में जिला जज के पद पर बने रहे। मंगलवार को उनका सेवानिवृत्ति का आखिरी दिन था इस उपलक्ष में अधिवक्ताओं ने उनका विदाई समारोह भव्य तरीके से मनाया। बता दें अधिवक्ताओं के अनुसार जिला जज बृजेश कुमार मिश्रा बहुत ही न्याय प्रिय और उनका व्यवहार अधिवक्ताओं के प्रति बहुत ही मृदुल रहा और अपने कार्य के प्रति बहुत ही सजग रहे जिसके कारण उनकी विदाई समारोह में अधिवक्ता बहुत ही भावुक हो गए।इस मौके पर कौशांबी जनपद के बार काउंसिल के जिला अध्यक्ष राकेश जायसवाल, महामंत्री लक्ष्मी कांत त्रिपाठी, प्रशासन मंत्री सूर्य प्रकाश द्विवेदी, अशोक कुमार मिश्रा उर्फ भोला मिश्रा एवं पूर्व बार काउंसिल कौशांबी के पूर्व अध्यक्ष नर नारायण मिश्रा, मनु देव त्रिपाठी, ज्ञानेंद्र नारायण शुक्ला, इंद्र नारायण पांडे, तुषार तिवारी एवं दीप नारायण तिवारी आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

### भवंस मेहता विद्याश्रम में लौहपुरुष की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया गया



**भरवारी कौशाम्बी** भवन्स मेहता विद्याश्रम भरवारी में लौहपुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्मदिवस 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया गया।इस अवसर पर प्रधानाचार्य संजय कुमार श्रीवास्तव ने सरदार पटेल की प्रतिमा में दीप जलाते हुए माल्यार्पण किया एवं संबोधित करते हुए बताया की किसी भी देश का आधार उसकी एकता और अखंडता में निहित है और सरदार पटेल देश की एकता के सूत्रधार थे इसी वजह से उनके जन्मदिन को राष्ट्रीय एकता दिवस के तौर पर मनाया जाता है।निदेशक संदीप सक्सेना एवं प्रधानाचार्य संजय कुमार श्रीवास्तव ने समस्त छात्रों एवं अभिभावकों को राष्ट्रीय एकता को अपने जीवन में धारण करने का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में समस्त बच्चों द्वारा राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता के लिए सामूहिक सपथ दिलाई गई। इस अवसर पर समस्त अध्यापक अध्यापिकाएं एवं अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

### दुकान में सेंधमारी कर नगदी सहित 50 हजार की चोरी



कौशाम्बी। जिले के कोखराज थाना क्षेत्र में थाना से मात्र थोड़ी ही दूरी पर चोरों ने सेंध मारकर किराना की दुकान में चोरी कर ली,सुबह दुकानदार ने दुकान खोला तो हड़कंप मच गया,चोर दुकान से सामान और गल्ले में रखा हुआ 25 हजार नगदी भी उठा ले गए,पीड़ित ने कोखराज थाना पुलिस को चोरी की सूचना दी,सूचना पर पहुंची पुलिस जांच में जुटी हुई है।

### राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गई जयंती



**कौशाम्बी** धर्मा देवी इण्टर कॉलेज केन कनवार कौशाम्बी में लौहपुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया गया। इसी क्रम में रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के छात्रों के मध्य दौड़ का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. रामकिरण त्रिपाठी रामशंकर सिंह शतेन्द्र कुमार पुनीत अग्रहरि अमित त्रिपाठी अंकित द्विवेदी धर्मेन्द्र कुमार शास्त्री आदि शिक्षक एवं छात्र छात्रायें उपस्थित रहें।

### आरपीएफ सिपाही के सेवानिवृत साथियों ने किया स्वागत



**भरवारी कौशांबी** आरपीएफ पुलिस में 38 वर्षो तक सेवा देने के बाद 31 अक्टूबर को नागेन्द्र नाथ सिंह हेड कांस्टेबल आरपीएफ भरवारी के पद से सेवानिवृत्त हो गए है सेवानिवृत्त होने के बाद उनके साथियों ने उनके सम्मान में विदाई सम्मान समारोह आयोजन किया और अंग वस्त्र दे कर माल्यार्पण कर उनका जोरदार तरीके से स्वागत किया गया वा उनके कार्यकाल की सराहना की गई साथियों ने दीघार्यु की कामना की नागेंद्र नाथ सिंह मूलतः गाजीपुर जनपद के रहने वाले हैं। इनको भारतीय रेलवे में 38 वर्ष सेवा करने का अवसर मिला है। नागेंद्र नाथ को सम्मान पूर्वक बिदाई दी गई ।

### नेशनल इं.का. में मनाई गई सरदार पटेल की जयंती



**भरवारी कौशाम्बी** नेशनल इंटर कॉलेज भरवारी में देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती मनाई गई इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य काली महमद ने पटेल के जीवन के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला एवं विद्यालय में विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए कार्यक्रम का संचालन भुवनेश्वर तिवारी ने किया इस अवसर पर विनोद कुमार मिश्रा भारत लाल शर्मा एनसीसी ए एन ओ लेफ्टिनेंट पंकज कुमार अरुण कुमार द्विवेदी अजय कुमार श्रीमती माया देवी करुणेश कुमार त्रिपाठी चंद्रकांत शुक्ला राकेश त्रिपाठी बालमुकुंद त्रिपाठी राजेश कुमार यादव राजेश अस्थाना वरुण शंकर मिश्रा अतुल मिश्रा स्वतंत्र श्रीवास्तव दीपांशु तिवारी एवं विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा

### सेवानिवृत्त हुए पुलिसकर्मियों को दी गई भावभीनी विदाई



**कौशाम्बी।** मंगलवार को सेवानिवृत्त हुए पुलिस कर्मियों को भावभीनी और ससम्मान पूर्वक विदाई दी गई। पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी बृजेश श्रीवास्तव द्वारा पुलिस कार्यालय कौशाम्बी में सेवानिवृत्त हो रहे पुलिस कर्मियों को पुष्प माला पहनाकर एवं अंग वस्त्र भेट कर प्रशस्ति पत्र देकर ससम्मान विदाई दी गयी एवं उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गयी। नि.ना.पु. अभय कुमार श्रीवास्तव, उ.नि.ना.पु. शिव प्रसाद सचान, मु.आ.ना.पु. किशन कुमार द्विवेदी, मु.आ.ना.पु. सन्तोष कुमार शुक्ल, आ.स.पु. भगवती प्रसाद पुलिस कर्मी सेवानिवृत हुए।



### जन शिक्षण संस्थान मुख्यालय पर राष्ट्रीय एकता दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया

**कौशाम्बी** जन शिक्षण संस्थान कौशांबी कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संस्थान मुख्यालय पर राष्ट्रीय एकता दिवस पर संस्थान निदेशक राजकुमार पांडे द्वारा सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा एवं सरस्वती प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित करके माल्यार्पण किया गया तथा राष्ट्रीय एकता दिवस पर सभी प्रतिभागियों को शपथ दिलाई गई मैं सत्य निष्ठा से शपथ लेता हूं कि मैं राष्ट्र की एकता अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करूंगा और अपने देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने का भी भरषक प्रयास करूंगा इसी कार्यक्रम में संस्थान के निदेशक ने यह भी सब बताया कि सरदार वल्लभभाई पटेल का जन्म सन 1875 को गुजरात के खेड़ा जिले में हुआ था और सरदार वल्लभ भाई पटेल के नाम से लोकप्रिय थे एक भारतीय वकील और प्रभावशाली नेता थे यह भी बताएं कि सरदार वल्लभभाई पटेल 1947 से 1950 तक भारत के उप प्रधानमंत्री और भारत के पहले गृह मंत्री भी थे तथा सरदार वल्लभ भाई पटेल जी को भारत का लौह पुरुष भी कहा जाता था सन 2014 में भारत सरकार ने 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में हर वर्ष मनाया जाता है इस कार्यक्रम में संस्थान के कार्यक्रम अधिकारी संजय सिंह सहायक कार्यक्रम अधिकारी विजेंद्र मिश्रा श्रद्धा तिवारी वैशाली केशरवानी राजू शुक्ला सतीश अनुदेशिका रुपा सुनीता करिश्मा कृष्णा प्रियांशी अनुष्का आकांक्षा ज्योति ईश्वर चंद लगभग 62 प्रतिभागी मौजूद रहे।

## ससुराल गए युवक का पेड़ से लटकता मिला शव

### हत्या कर शव लटकाए जाने की आशंका, पुलिस जांच में जुटी



अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जिले के सराय अकिल थाना क्षेत्र में ससुराल गए हुए युवक का पेड़ से लटकता हुआ शव मिलने से सनसनी मच गई,ग्रामीणों ने पेड़ पर लटकता हुआ शव देखा तो पुलिस को सूचना दी,युवक की हत्या कर शव लटकाए जाने की आशंका ग्रामीण और परिजन जता रहे है,सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच में जुट गई। घटनाक्रम के मुताबिक सरायअकिल थाना क्षेत्र के बिगहरा गांव निवासी अमित कुमार (30) पुत्र पन्नालाल निवासी म्योहरिया थाना सरायअकिल का रहने वाला था, परिजनों के मुताबिक सोमवार को शाम को पांच बजे वह घर से निकला था और आज सुबह उसका शव उसकी ससुराल में पेड़ से लटकता हुआ मिला है।परिजन युवक की हत्या कर शव लटकाए जाने की आशंका जता रहे है,पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच में जुटी हुई है।

### सड़क हादसे में एक की मौत एक लहूलुहान

**कौशाम्बी** कड़ाधाम थाना क्षेत्र के अलीपुर जीता कस्बे में एक तेज रफ्तार बाइक सवार सड़क पार कर रहे वृद्ध को टक्कर मार दिया,हादसे में वृद्ध की दर्दनाक मौत हो गयी,वहीं बाइक सवार भी गंभीर रूप से घायल हो गया, लोगों ने घायल बाइक सवार को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया,जहां से उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया,वहीं सूचना पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच में जुट गई है। घटनाक्रम के मुताबिक कड़ा धाम थाना क्षेत्र के अलीपुर जीता निवासी इम्तियाज खां उम्र 72 वर्ष पुत्र वाजिद खां मंगलवार की दोपहर किसी काम से पैदल ही बाजार जा रहे रहे थे, तभी फतेहपुर की तरफ से आ रहे एक तेज रफ्तार बाइक सवार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दिया।हादसे में इम्तियाज खां की मौत हो गयी,वहीं बाइक सवार गोगा उम्र 50 वर्ष पुत्र नसरत भी गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने एम्बुलेंस से घायल बाइक सवार को सीएचसी कड़ा में भर्ती कराया, जहाँ प्राथमिक इलाज के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।वही ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच में जुट गई,वही घटना के बाद से मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

### महीनो बाद भी नहीं गिरफ्तार कर सकी पिपरी पुलिस

**कौशाम्बी।** पिपरी थाना क्षेत्र के औधन गांव की एक विवाहिता की शादी संदीपन घाट थाना क्षेत्र के मूरतगंज बाजार में लगभग तीन वर्ष पहले हुई थी लेकिन शादी के बाद से ही और दहेज लाने की डिमांड शुरू हो गई दहेज की रकम न मिलने पर ससुराल में विवाहिता के साथ आए दिन मारपीट गाली गलौज और उसके साथ जुल्म अत्याचार किया जाना शुरू कर दिया अत्याचार की हद तो तब पार हो गई जब जलती हुई लकड़ी से विवाहिता को जलाने का प्रयास ससुरालियों द्वारा किया गया था इतना ही नहीं शादी में मिले सोने चांदी के जेवर पास मे रहे नगद रुपये भी मारपीट कर विवाहिता से छीन लिए गए मामले को लेकर बिरादरी व रिश्तेदारों के बीच पंचायत भी हुई लेकिन ससुराल के लोग मानने को तैयार नही हुए और उनका अत्याचार कम नहीं हुआ बार-बार मारपीट से प्रताड़ित होकर विवाहिता जान बचाकर भाग कर मायके आई और अपने पिता को मामले की पूरी जानकारी दी पीड़ित पिता ने मामले की सूचना पिपरी थाना पुलिस को 25 सितम्बर को दिया पिता के प्रार्थना पत्र मे पिपरी थाना पुलिस ने गंभीर धाराओं में ससुराल वालों के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न व मार पीट का मुकदमा दर्ज कर लिया है लेकिन मुकदमा दर्ज करने को लगभग 1 महीने बीत रहे है और अभी तक पिपरी पुलिस ने विवाहिता पर अत्याचार करने वाले उसके ससुरालियों को गिरफ्तार नहीं किया है।



### पिता के वचनों की रक्षा हेतु वन वन भटके श्री राम

**अझुवा कौशांबी।** आदर्श नगर पंचायत अझुवा के गांधी चबूतरे मैदान में आयोजित रामकथा रामलीला के पांचवें दिन बीती रात्रि को राम वनवास की लीला देख दर्शक भाव विभोर हो गए। राजा दशरथ गुरु वशिष्ठ की सलाह पर श्री राम को राजपाट सौंपने का फैसला करते हैं इस बात की जानकारी महारानी कैकेई की दासी मंथरा को होती है मंथरा दासी महारानी कैकेई के कान भरती है उसके बहकावे में आकर कैकेई कोपभवन में जाकर लेट जाती है राजा दशरथ कोपभवन में ककेयी को मनाने जाते हैं लेकिन कैकेई अपने 2 वरदान जो राजा दशरथ ने कैकेई को दिए थे उसकी याद दिलाते हुए वरदान मांगने पर अड़ जाती है राजा दसरथ से राम के लिए 14 वर्ष का वनवास और भरत के लिए राजपाट मांगती है महराजा दशरथ अपने वचनों को हारकर वरदान देते हैं पिता के वचनों की रक्षा हेतु राम वनगमन को चल देते हैं उनके बहुत समझाने पर भी सीता और लक्ष्मण भी वन गमन को तैयार हो कर चल देते हैं अयोध्यावासियों द्वारा राम को रुकने का अनुरोध देख दर्शक भाव विभोर हो जाते हैं तमसा नदी के पास विश्राम का मंचन किया जाता है। मंचन देखने वालों में रामलीला कमेटी केअध्यक्ष ओमप्रकाश कुशवाहा सहित कमेटी के पदाधिकारी एवम सैकड़ों रामभक्त मौजूद रहे हैं।

## जिले का हर युवा होगा स्किल्ड : संजय गुप्ता

### मां गायत्री मेमोरियल ट्रस्ट के अंतर्गत रिद्धि सिद्धि अकैडमी भरवारी में कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी।** उत्तर प्रदेश कौशल विकास के तत्वाधान में मां गायत्री मेमोरियल ट्रस्ट के अंतर्गत आयोजित स्किल ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों को मल्टी स्किल तकनीशियन और फैशन डिजाइनिंग का सर्टिफिकेट कोर्स निशुल्क कराया जाएगा नगर पालिका परिषद भरवारी में मंगलवार को उत्तर प्रदेश कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन मां गायत्री मेमोरियल ट्रस्ट के अध्यक्ष पूर्व विधायक चायल संजय कुमार गुप्ता द्वारा किया गया वहां उपस्थित कौशल विकास के प्रशिक्षु बड़े उत्साहित दिख रहे थे ट्रस्ट के अध्यक्ष संजय कुमार गुप्ता ने बताया कि जिले के बेरोजगार युवाओं को उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के माध्यम से निशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में मल्टी स्किल तकनीशियन और फैशन डिजाइनिंग का सर्टिफिकेट दिया जाएगा उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश के विकास के लिए बहुत सी योजनाएं चलाई गई हैं उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन ऐसे ही योजना है जिसे प्रदेश के युवाओं को ध्यान में रखकर लाया गया है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन की शुरूआत युवाओं में बेरोजगारी की समस्या को कम करना है इसके लिए उन्हें उचित ट्रेनिंग प्रदान कर-के रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे योजना के अंतर्गत दिए जाने वाले प्रशिक्षण के जरिए उनकी योग्यता का विकास किया जाएगा इस योजना का उद्देश्य ऐसे लोगों को रोजगार मुहैया करना है जो कम पढ़े लिखे हैं या बीच में स्कूल छोड़ देते हैं इस योजना में 3 महीने 6 महीने और 1 साल के लिए रजिस्ट्रेशन होता है कोर्स पूरा होने के बाद सर्टिफिकेट दिया जाता है यह आत्म सम्मान ,आत्म विश्वास और नेतृत्व कौशल बनाने में मदद करता है यह समस्या समाधान कौशल सहयोग विकसित करता है इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से देव गुप्ता केपीएस प्रिंसिपल श्रीमती सीमा पवार प्रोजेक्ट हेड सुभाष शुक्ला सेंट्रल मेनेजर कृष्ण सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

## आधुनिक व सशक्त भारत के बेजोड़ शिल्पी थे सरदार पटेल : प्रीतम पटेल

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी।** समाजसेवी प्रीतम पटेल के नेतृत्व में भारत रत्न लौह पुरुष अखंड भारत के निमार्ता व आधुनिक भारत के शिल्पकार एकता की प्रतिमूर्ति भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 148 वीं जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण करने की बाद समाज सेवी प्रीतम पटेल ने सरदार पटेल के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज भारत का जो नक्शा है वह सरदार पटेल की निर्भीकता निडरता और अदम्य साहस की बदौलत है सरदार पटेल देश की एकता के सूत्रधार थे आजाद भारत के प्रथम गृह मंत्री बनने के बाद देश की 563 छोटी बड़ी देसी रियासतों को भारतीय गणराज्य में शामिल करने की सबसे बड़ी चुनौती थी जिसे सरदार पटेल ने बड़ी बखूबी से भारतीय रियासतों का विलय कराकर एक सशक्त भारत का निर्माण किया भारतीय राजनीति के इतिहास में सरदार पटेल के योगदान को कभी बुलाया नहीं जा सकता। सरदार पटेल आधुनिक भारत के राष्ट्रीय एकता के बेजोड़ शिल्पी थे देश के विकास में सरदार पटेल का महत्व सदैव याद रखा जाएगा देश की आजादी के संघर्ष में उन्होंने जितना योगदान दिया उससे ज्यादा योगदान उन्होंने स्वतंत्र भारत के बाद एक मजबूत राष्ट्र में पिरोने का काम किया भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन को वैचारिक एवं क्रियात्मक रूप में एक नई दिशा देने के कारण सरदार पटेल ने राजनीतिक इतिहास में गौरवपूर्ण स्थान प्राप्त किया था वास्तव में वे आधुनिक भारत के बेजोड़ शिल्पी थे उनके कठोर व्यक्तित्व में संगठन कुशलता राजनीतिक तथा राष्ट्रीय एकता के प्रति अटूट निष्ठा थी उनके ईमानदारी के कारण विश्व के राजनीतिक मानचित्र में उन्होंने अनोखा स्थान बना लिया भारतीय की स्वतंत्रता संग्राम में सरदार पटेल जी का महत्वपूर्ण योगदान रहा स्वतंत्र भारत के पहले तीन वर्ष सरदार पटेल देश में उप प्रधानमंत्री गृह मंत्री सूचना प्रसारण मंत्री रहे इससे भी बढ़कर उनकी ख्याति भारत के छोटे बड़े राजवाड़ों को शांतिपूर्ण तरीके से भारतीय संघ में शामिल करने तथा भारत की राजनीति के एकीकरण के कारण सरदार पटेल ने देश को आर्थिक राजनीतिक और भौगोलिक दृष्टि से मजबूत करने का काम किया सरदार पटेल छुआछूत पाखंड और आडंबर के विरोधी थे। छुआछूत देश की तरक्की में सबसे बड़ा बाधक है किसानो की समस्या को लेकर सरदार पटेल हमेशा चिंतित रहते थे उनका मानना था कि किसान को उनकी उपज का उचित मूल तभी मिल पाएगा जब कृषि को उद्योग का दर्जा मिले सरदार पटेल चाहते थे की देश की सभी छोटी बड़ी नदियों को आपस में जोड़ा जाए जिससे कहीं बाढ़ और सूखा का सामना न करना पड़े सरदार पटेल कहा करते थे कि देश की तरक्की को तीन चीजें बहुत जरूरी है पहला अंकुरित बीज दूसरा चलता हुआ ट्रांसपोर्ट और तीसरा बहता हुआ जल इस दौरान सम्भूनाथ पटेल ,छत्रपाल सिंह पटेल ,दीपक पटेल ,रमेश कुमार रावत,सूरज पटेल ,दिव्यांश पटेल ,अशोक कुमार ,राधे मोहन पटेल,कंचन सिंग पिन्टू शनि सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## तिहरे हत्याकांड में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के पंडा चौराहा पर 15 सितंबर की रात तीन लोगों की गोली मार कर हत्या कर दी गई थी। तिहरे हत्याकांड में शामिल कई लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर पहले ही जेल भेज दिया है लेकिन एक अभियुक्त हत्या के बाद पुलिस से बचने के लिए फरार चल रहा था। गहन छान बीन के दौरान पुलिस को जानकारी मिली उसके बाद घेरा बंदी कर राजेंद्र सिंह पुत्र राम आनंद सिंह निवासी हथियाभीट बंतरिया थाना संदीपन घाट को 31 अक्टूबर की रात भैरो भीटी के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया और वहां से उसे जेल भेजा गया है।

### थाना अध्यक्ष से मिले व्यापार मंडल पदाधिकारी

**कौशाम्बी** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के नगर पंचायत पश्चिम शरीरा के हनुमान मंदिर मोड़ नहर के पास गणेशपुर निवासी आशीष कुमार ने जायसवाल मोबाइल एवं इलेक्ट्रॉनिक हब के नाम से दुकान खोल रखी है जहाँ बीती रात चोरों ने सेंध काटकर 50 से अधिक का स्मार्टफोन पार कर दिया, सूचना मिलने पर व्यापार मण्डल अध्यक्ष बिपिन केशरवानी व अन्य पदाधिकारियों ने मौके पर जाकर व्यापारी आशीष से जानकारी ली व उसके पश्चात थानाध्यक्ष से मिलकर उचित कार्यवाही कर अनावरण करने के लिए कहा जिसपर थानाध्यक्ष ने जल्द खुलासे का आश्वासन दिया व उनके निर्देश पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर धरपकड़ में जुट गई।

## महामाया राजकीय महाविद्यालय में मनाई गई सरदार पटेल की जयंती



**कौशाम्बी।** महामाया राजकीय महाविद्यालय में आज दिनांक 31 अक्टूबर को सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयन्ती का आयोजन हुआ सर्वप्रथम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अरविन्द कुमार ने मां सरस्वती कि प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत किया तदनन्तर राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई गई। शपथ के उपरान्त भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें अधिकाधिक छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। छात्रा सपना ने कहा कि समाज में विशेषकर पारिवारिक एकता पर जोर दिया जाना चाहिए। डा अनिल कुमार ने कहा कि सरदार पटेल अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति के कारण देश को एकीकरण कर सके इन्हें भारत का विस्मार्क कहा जाता है। डॉ तरित अग्रवाल ने कार्यक्रम में राष्ट्रीय एकता हेतु युगपुरुष जिन्हें लौह पुरुष के नाम से भी जाना जाता है, के राष्ट्र योगदान को याद किया। डॉ रमेश चन्द्र ने कहा कि देश के प्रत्येक देशवासियों के योगदान के साथ ही देश में राष्ट्रीय एकता की शुरूआत की जा सकती है। डॉ शैलेश मालवीय ने बताया कि भारत के पहले गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल ने कई रियासतों को भारत संघ में शामिल होने के लिए राजी करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। डॉ नीलम बाजपेयी ने कहा कि देश के लिए उनके असाधारण कार्यों के लिए उन्हें हमेशा याद किया जाता है और इसमें कोई सन्देह नहीं है कि उन्होंने भारत को एकजुट रखने के लिए कड़ी मेहनत की थी। राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी एवं मंच का संचालन कर रहे डॉ पवन कुमार ने कहा कि भारत एक विविधता पूर्ण देश है। इसलिए एकता बनाये रखना बहुत आवश्यक है। इसके अन्तर्गत रन फार यूनिटी जैसे कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। जिससे देशवासियों में एकता की भावना को बनाये रखा जा सके। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य डा अरविन्द कुमार ने कहा कि यह दिन हमारे देश की एकता, अखण्डता और सुरक्षा के लिए हमारे राष्ट्र के अन्तर्निहित ताकत और लचीलापन को समझने का अवसर प्रदान करता है। इसके पश्चात सरदार पटेल की स्मृति में महाविद्यालय से ओसा चौराहे तक रन फार यूनिटी का आयोजन किया गया। धन्यवाद ज्ञापन का कार्य डा रीता दयाल ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के डा भावना केसरवानी, डा आनन्द कुमार, डा सन्तोष कुमार एवं समस्त कर्मचारी एवं छात्र छात्राएँ उपस्थित रहे।

## संपादक की कलम से

# रिश्तों की अंधी दुनिया में गुम होती किशोर पीढ़ी

सोशल मीडिया, मोबाइल एवं संचार-क्रांति से दुनिया तो सिमटती जा रही लेकिन रिश्तों में फासले बढ़ते जा रहे हैं। भौतिक परिवर्तनों, प्रगति के आधुनिक संसाधनों एवं तथाकथित नये जीवन का क्रांतिकारी दौर हावी हैं। लेकिन हम सामाजिक-पारिवारिक-सांस्कृतिक प्रभावों के प्रति उतने सजग नहीं है जितना बदलावों की आंधी के दौर में होना चाहिए। मोबाइल ने छीन रखा है सबका सुकून, जीवन का आनन्द एवं शांत एवं संतुलित जीवन का स्रोत। व्हाट्सअप, फेसबुक, इंस्टाग्राम ने चला रखा है अजीब जादू? हाथ मैं मोबाइल, सामने लगा रहे टीवी- बस यहीं बन चुकी है सबकी जिन्दगी। आज किसी भी घर के वातायन में झांककर देख लें-दुःख, चिन्ता, कलह, ईर्ष्या, घृणा, उन्मुक्तता, पक्षपात, विरोध, विद्रोह एवं रुखापन के साये चलते हुए दीखेंगे। अपनों के बीच भी परायेपन का अहसास पसरा हुआ। बड़ी चुनौतीपूर्ण स्थिति है, खुद पर तरस खाओ, रिश्तों को सम्भालों वरना अकेले रह जाओगे, जिन्दगी भर पछताओगे। ऐसे ही एक अभिभावक के लिये पछतावे की स्थिति तब बनी जब उन्होंने अपनी किशोरी को स्मार्ट फोन दिलाया। पिता ने सोचा था कि मोबाइल से पढ़ाई में सहायता होगी। जब उन्होंने देखा कि बेटी पढ़ाई के बजाय अक्सर किसी अजनबी युवक से बात करती है तो टोका। यह बात किशोरी को इतनी नागवार गुजरी कि वह शिकायत लेकर बुधवार को थाने पहुंच गई। माता-पिता की डांट फटकार से नाराज कोई बच्चा यदि थाने पहुंचता है तो इसे बाल अधिकारों के प्रति उसकी जागरूकता से जोड़कर देखा जाता है, लेकिन लखनऊ की यह किशोरी जिस शिकायत का लेकर थाने पहुंच गई वह अनेक चिंताजनक सवाल खड़े करता है एवं नये बनते सामाजिक सोच की परते उधेड़ता है। बालिका का तर्क है कि माता-पिता मेरी जिंदगी में क्यों दखल दे रहे हैं।

हमारे अनुभव हमारी सोच को गहरे प्रभावित करते हैं। हमारे मूल्य और आदर्श भी इससे प्रभावित होते हैं। नित नए अनुभव हमारे नजरिए में बदलाव करते रहते हैं। अगर निरपेक्ष होकर देखें तो पाएंगे कि कुछ सालों पहले आप जैसे थे, आपकी पारिवारिक दुनिया जितनी खुशनुमा थी, आज उतनी नहीं है। हम अपने स्व को भूल रहे हैं, अपनी संस्कृति एवं पारिवारिक संरचना से दूर होते जा रहे हैं। अपने सिद्धांतों और आदर्शों से समझौता करने लगे हैं। अजीब हालात है कि दूसरों की खबर लेने का वक्त है पर अपनों की होश नहीं। दुनियाभर के दोस्तों से दुआ सलाम सब हो रहा, लेकिन अपने से दूरियां बढ़ती जा रही है। अपनों को पराया और पराया को अपना कर रहे देखिए किस तरह सब हो रहे। साथ होकर भी साथ नहीं, अपनों के लिए वक्त नहीं। तनहा हो गए सब एक ही घर में। साथ अपना होकर भी बाहर सब साथी ढूँढ रहे हैं। न सीमाएं है, न संस्कार, न मयार्दा। उच्छृंखलता एवं उन्मुक्तता इस कदर हावी है कि माता-पिता का किसी गलत बात पर डांटना भी बच्चों के लिये अपराध जैसा हो गया है, तभी इसकी शिकायत यानी अपने माता-पिता को ही पुलिस थाने पहुंचा दिया गया और वह भी एक बालिका के द्वारा। प्रश्न है कि किशोर-किशोरियां में अपने माता-पिता के प्रति इस तरह के भाव-विचार-विद्रोह क्यों पैदा हो रहे हैं। बच्चों व अभिभावकों के बीच दूरियां क्यों बढ़ रही है? जवाब हर परिस्थिति में अलग-अलग हो सकते हैं, लेकिन समग्रता का सार यह है कि किसी बच्चे के सकारात्मक विकास के लिए परिवार, पड़ोस और विद्यालय से जो संस्कार मिलने चाहिए, वे नहीं मिल रहे हैं। बल्कि अपसंस्कृति एवं विकारों के प्रति चेतना का भी ह्रास हो रहा है। वास्तव में आज मोबाइल फोन महत्वपूर्ण हैं, लेकिन इसके उपयोग को लेकर हमें बच्चों को सतर्क करना होगा। बच्चों को फोन दिलाना यदि जरूरत है तो इसके अच्छे-बुरे का संस्कार देना कर्तव्य। वह जिम्मेदारी परिवार, पड़ोस और विद्यालय की सामूहिक है।

माता-पिता इनदिनों सोशल मीडिया पर बह रही रिश्तों की अंधी दुनिया से ज्यादा चिन्तीत एवं परेशान है। क्योंकि वहां पर दिखने वाले खुशनुमा चेहरे वास्तविक जिंदगी में शायद ही उतने खुशनुमा होते हैं। लेकिन किशोर पीढ़ी तस्वीरों को ही सच मानकर खुद को उनमें संलिप्त कर लेती हैं। यह सम्पूर्ण पीढ़ी सच का सामना ही नहीं करना चाहती। दरअसल, सोशल मीडिया की दृष्टि से जब किशोर बड़े हो रहे होते हैं तो उन्हें झूठ से भरी चीजों पर यकीन करना सिखाया जाता है, अपने संस्कृति, अपनी परम्परा एवं अपनी जीवनशैली से एक षडयंत्र के तहत दूर करने की इन कुचेष्ठाओं के प्रति सचेत करना नितान्त अपेक्षित है, भले ही कोई किशोरी पुलिस का डर दिखाये। सोशल मीडिया किशोर पीढ़ी को यह सोचने पर मजबूर करता है कि उनके पास विकल्प नहीं हैं और उन्हें उनके साथ हो रही सभी चीजों को स्वीकार करके उनसे तालमेल बिठा लेना चाहिए। लेकिन, हर चीज इसी तरह से काम नहीं करती। हमारे आसपास कोई भी चीज आदर्श नहीं है और ना ही सोशल मीडिया का तिलिस्मी संस्कार। एक तरह से सोशल मीडिया एक नशा है, एक अभिशाप है, जिसने जीवन के सौन्दर्य को खंडित किया है। जीवन में चमकपूर्ण उदासी एवं तनाव को बिखेरा है। इसके कारण कभी लोग छूट जाते हैं तो कभी वस्तुएं। खुद को संभाले रखना जटिल होता जा रहा है। समझ नहीं आता, करें तो क्या?

पिछले एक दशक में सोशल नेटवर्किंग साइट्स एवं स्मार्ट फोन की लोकप्रियता जबरदस्त बढ़ रही हैं तो जिन्दगी में जहर भी घोल रही है, दुनिया छोटी होती गयी है और पारिवारिक रिश्तों में दूरियां बढ़ती गयी है। लोग अपने जिंदगी के हर पहलू पर अपने लोगों की नहीं पराये लोगों की राय, उनकी पसंद और उनकी रूचि जानना चाहते हैं। वीडियो, संदेश, पिक्चर्स, रिकार्डेड आवाज के जरिए ज्यादा से ज्यादा लोग आपस में जुड़े हैं। परंतु क्या इस बात से आप भी सहमत हैं कि इस जुड़ाव में न तो विश्वास है, न अपनापन है, न आत्मीयता है और न ही असली रूचि, न ही रिश्तों की गर्माहट, बल्कि भौतिक चकाचौंध, प्रतिस्पर्धा और जलन अधिक है? शुरूआत में नई उम्र के लोग सोशल मीडिया से जुड़े और धीरे-धीरे बड़ी उम्र के लोग भी इससे जुड़ते गए, अब महिलाएं भी बड़ी संख्या में जुड़ चुकी है।

# सौभाग्य का श्रृंगार : करवाचौथ



हमारा सनातन धर्म प्रत्येक रिश्तें को अनेकों रूप में श्रृंगारित करता है। करवाचौथ की पावनता भी कुछ अनूठी सी है। यह व्रत तो सौभाग्य के श्रृंगार का समय है। कितने अर्पण की भावना इस व्रत में निहित है। कठिन तपस्या करते हुए भूखे-प्यासे रहकर भी पति की लम्बी आयु के लिए अनवरत प्रार्थना करना, पूजन-अर्चन करना और श्रृंगार करना। वैदिक परम्पराओं ने जीवन को उत्सव का स्वरुप दिया है। पति-पत्नी का रिश्ता ही अंत तक जीवंत रहता है। यह उत्सव इस रिश्ते में नवीनता, उत्साह और कुछ अनूठे पलों का संयोग करते है। पतिव्रत धर्म की अद्वितीय मिसाल होती है नारी शक्ति। पति को परमेश्वर रूप में पूजने वाली अपने जीवन के पल-पल को समर्पित करने वाली, उपहार स्वरुप अक्षय प्रेम की मनोकामना करने वाली नारी। पति के अनुराग में सर्वस्व भूलकर केवल समर्पण की अभिव्यक्ति करती है।

तेरा होना मुझे अपनेपन का एहसास दिलाता है।
तेरा एहसास मुझमे नई उमंगे जगाता है॥
तुझसे लड़ना-झगड़ना भी मेरे जीवन में नए रंग भरता है।
जीवन का हर क्षण तेरे संग ही नई यात्रा करता है॥

पत्नी के लिए पति का सानिध्य किसी सुन्दर एहसास से कम नहीं है। ईश्वर तुल्य पति को मानकर उसके लिए श्रृंगार करती है और अपने सौभाग्य पर इठलाती है। पति के लोचन में अपने लिए प्रेम देखकर अनायास ही सुखद क्षणों की अनुभूति करती है। अपने आप को पुण्यवान बताती है और चौथ माता से अखंड सौभाग्य के लिए मनोरथ करती है। कितने विशाल ह्रदय से परिपूरित होती है नारी। अपने पति के लिए सदैव व्रत-उपवास की श्रृंखला में संलग्न रहती है। स्वयं पति की दीघार्यु एवं स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए भी ईश्वर से मंगल कामनाओं के लिए प्रार्थना करती रहती है। भूखे-प्यासे होने के पश्चात भी पति का एहसास ही दिल को उमंगों से भर देता है। मेहंदी लगाकर, चूड़ी, साड़ी पहनकर और श्रृंगार कर नारी चाँद की प्रतीक्षा करती है। प्रेम रूपी चुनरी को ओढ़कर अपने प्रियतम की छबि को छलनी में निहारती है। नैनों में खुशियों रूपी संसार के काजल को लगाकर चाँद के नूर से अपने सौभाग्य को प्रबलता प्रदान करती है।

तेरी यादों का रिश्ता ही मेरी सोच में रहता है।
समय के साथ प्रीत का बंधन और भी गहरा होता है॥
भागती-दौड़ती जिंदगी में तेरी बेवजह बातें ही तो प्यार है।
तेरा मेरे जीवन में होना ही तो मेरा सच्चा श्रृंगार है॥

पति-पत्नी के रिश्ते में गुण-दोष, अच्छाई-बुराई सभी को समान रूप से स्वीकार्य किया जाता है। सौभाग्य भी तो उसका अनूठा श्रृंगार ही है। नारी अपनी भावनाओं की अभिव्यक्ति में कहती है कि तुम ही तो मेरे सजने-संवरने का उद्देश्य हो। तुम्हारी एक प्रशंसा का वाक्य ही मुझे अनूठे उल्लास से भर देती है। जीवन रूपी बगियाँ में मेरे लिए सुगंध का स्वरुप हो तुम। पति पर सर्वस्व न्यौछावर करने वाली पत्नी कहती है कि मेरे जीवन की कांति तो तुम हो, तुम ही मेरे जीवन की पूर्णता हो। मन रूपी मंदिर में मैं सदैव आपका ही दर्शन करती हूँ। आपके साथ-साथ चलकर मुस्कान बिखेरना चाहती हूँ।

मेरे जीवन को सिर्फ तेरी मुस्कराहटों की प्यास है।
तेरे संग यूं ही मेरी जिंदगी बीतती रहे यही मेरी आस है॥
हर सुख-दुःख में हाथ थामे रखना यह तुम्हारी जिम्मेदारी है।
आज के इस जमाने में बड़ी असुरक्षा और भीड़ भारी है॥

दर्द को बाँटने वाले सच्चे हमदर्द होते है पति-पत्नी। इस करवाचौथ जीवन में खुशनुमा यादों को बटोरने का ध्येय बनाइयें। समय तो अपनी गति से प्रवाहित होता रहेगा, परन्तु यादें स्थायी और अविस्मरणीय होती है। इस रिश्तें की प्रगाढ़ता को मजबूत बनाने के लिए, पति-पत्नी के रिश्तें में समय अत्यंत महत्वपूर्ण है। विवाह के पश्चात पति को प्राप्त करते ही नारी स्वयं का अस्तित्व भूल जाती है और प्रत्येक क्षण अपने पति के प्रति समर्पण भाव को दृष्टिगत रखती है। जहाँ व्यक्ति इस अविश्वासी दुनिया में एक क्षण भी किसी का भरोसा नहीं करता है, वहीं पति-पत्नी सात जन्मों के बंधन में विश्वास करते है और ईश्वर से प्रार्थना करते है कि प्रत्येक जीवन में वे ही जीवन साथी बनें। दाम्पत्य जीवन में कर्तव्यों के निर्वहन के साथ प्रेम के अनूठे क्षण से इस रिश्तें को अपनत्व के प्रकाश से आलौकित किया जा सकता है। चूड़ियों की खनखनाहट और पायलों की झंकार के स्वर से जीवन की मधुरता और रुचिकर बनें। जीवन में आनंद और उल्लास कभी न्यून न हो। प्रेम और सम्मान से हर करवाचौथ नवीन रंग से श्रृंगारित हो।

मेरा रूठना, तेरा मनाना, अंत में तेरा मेरा साथ ही रहेगा।
मेरा दर्प, तेरा अहं, अंत में तेरा मेरा साथ ही रहेगा।।
मेरी अक्षि का धुंधलापन, तेरे साथ की कान्ति, अंत में तेरा मेरा साथ ही रहेगा।
बुढ़ापे की लकड़ी, एक दूसरे का चश्मा, अंत में तेरा मेरा साथ ही रहेगा।।

# हवा के रूप में जहर खींचने की विवशता कब तक?

-ललित गर्ग-

इस वर्ष फिर से दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश के कुछ क्षेत्रों में पराली एवं वायु प्रदूषण से उत्पन्न दमघोटू माहौल का संकट जीवन का संकट बनता जा रहा हैं। दिल्ली-एनसीआर में हवा की क्वालिटी बेहद खराब यानी जानलेवा बनती जा रही है। अभी सर्दी शुरू भी नहीं हुई है, इस मौसम में ऐसा दूसरी बार हुआ है। हालांकि तात्कालिक वजहों से कभी-कभार राहत भले मिल जाए, लेकिन दिल्ली--एनसीआर ही नहीं, उत्तर भारत के बड़े इलाके में रहने वाले जनजीवन के लिए यह एक स्थायी समस्या एवं जीवन संकट बनती जा रही है, जो बच्चों, बुजुर्गों और सांस की बीमारियों से पीड़ित लोगों के लिए बेहद खतरनाक एवं जानलेवा साबित हो रही है। सरकारें भले ही इस मुद्दे को लेकर गंभीर नजर आने लगती हैं, भले ही इस जटिल से जटिलतर होती समस्या के समाधान का पूरा एक्शन प्लान तैयार भी है लेकिन इसके प्रभावी परिणाम देखने को नहीं मिलना, कहीं-ना-कहीं सरकार की नाकामी को ही दर्शा रहा है। दिल्ली और पंजाब सरकारें ने अनेक लुभावने तर्क एवं तथ्य दिये, सरकारें जो भी तर्क दें, पर हकीकत यही है कि लोगों का दम घुट रहा है। अगर वे सचमुच इससे पार पाने को लेकर गंभीर हैं, तो वह व्यावहारिक धरातल पर दिखना चाहिए।

वायु की गुणवत्ता का खराब होना एवं प्रदूषण का ऐसा विकराल जाल है जिसमें मनुष्य सहित सारे जीव-जंतु फंसकर छटपटा रहे हैं, जीवन सांसों पर छाये संकट से जूझ रहे हैं। अस्पतालों के बाहर लम्बी कतारें देखने को मिलने लगी है। सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के अनुसार लोगों को अगले कुछ दिनों तक खराब वायु में कमी आने की उम्मीद नहीं है। मौसम विभाग के अनुसार, अगर वायु गुणवत्ता शून्य से 50 के बीच रहे तो इसे ह्यअच्छाह्न माना जाता है। अगर एक्यूआई 51 से 100 के बीच रहे तो इसे ह्यसंतोषजनकह्न और 101 से 200 के बीच एक्यूआई को ह्यमध्यमह्न माना जाता है। अगर एक्यूआई 201 से ऊपर चला जाए और 300 तक रहे तो इसे ह्यखराबह्न, 301 से 400 के बीच रहे तो ह्यबहुत खराबह्न और अगर 400 से ऊपर पहुंच जाए तो इसे ह्यगंभीरह्न माना जाता है। दिल्ली-एनसीआर में 22 अक्टूबर को एक्यूआई 313 यानी बहुत खराब स्तर पर गया था। उसके बाद से हवा की गति धीमी होने और तापमान में गिरावट के कारण वायु गुणवत्ता ह्यबहुत खराबह्न श्रेणी में बनी हुई है। यह समस्या साल-दर-साल गंभीर होती जा रही है।

इस गंभीर होती समस्या से पार पाने के लिए दिल्ली सरकार ने कई उपाय आजमाए, प्रदूषण पर नियंत्रण के लिये निर्देश जारी किये गये मगर वे कारगर साबित नहीं हो पा रहे। दिल्ली-एनसीआर में जगह-जगह जल छिड़काव करती सरकारी गाड़ियां भी दिखने लगी हैं, जो हवा में धूल की मात्रा कम करती हैं। मगर इन कदमों का स्वरूप ही बताता है कि सरकार समस्या के लक्षणों को कम करने में जुटी है लेकिन अभी तक समस्या को सुलझाने या इसकी गंभीरता को कम करने में कोई खास सफलता नहीं मिली है। इसके एक प्रमुख कारण के रूप में पंजाब और आसपास के राज्यों में पराली जलाने के चलन को कई साल पहले चिह्नित किया जा चुका है। मगर उस मोर्चे पर



राजनीतिक कारणों से खास प्रगति के संकेत नहीं मिल रहे हैं। प्रदूषण जानलेवा स्तर तक खतरनाक हो गया है। प्रश्न है कि पिछले कुछ सालों से लगातार इस महासंकट से जूझ रही दिल्ली-एनसीआर को कोई स्थायी समाधान की रोशनी क्यों नहीं मिलती? सरकारें एवं राजनेता एक दूसरे पर जिम्मेदारी ठहराने की बजाय समाधान के लिये तत्पर क्यों नहीं होते? इस विषम एवं ज्वलंत समस्या से मुक्ति के लिये हर राजनीतिक दल एवं सरकारों को संवेदनशील एवं अन्तर्दृष्टि-सम्पन्न बनना होगा। क्या हमें किसी चाणक्य के पैदा होने तक इन्तजार करना पड़ेगा, जो जड़ों में मट्ठा डाल सके।...नहीं, अब तो प्रत्येक राजनीतिक मन को चाणक्य बनना होगा। तभी विकराल होती वायु प्रदूषण की समस्या से मुक्ति मिलेगी।

बीते हफ्ते की ही बात की जाए तो पंजाब में बुधवार को पराली जलाने की 398, गुरुवार को 589 और शुक्रवार को 766 घटनाएं दर्ज की गईं। वैसे सरकारें इसे कम करने का अपने ढंग से प्रयास कर रही हैं। पंजाब के मोगा समेत कई इलाकों में फायर फाइटर्स की टीमें तैनात की गई हैं जो पराली जलने की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंच कर उसे रोकने का काम करती हैं। यूपी में कहा गया है कि पराली जलाते पाए जाने वाले किसानों को किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं का फायदा नहीं दिया जाएगा। लेकिन यहां भी मामला सख्ती के जरिए किसानों को पराली जलाने से रोकने का ही है, जबकि जरूरत उन्हें ऐसे बेहतर विकल्प मुहैया कराने के है जिससे वे खुद इससे मुंह मोड़ने लग जाएं। पराली से खाद बनाकर खेती में उपयोग करने या अन्य उपायों से थर्मल पावर प्लांट और अन्य उद्योगों में ईंधन के तौर पर पराली का इस्तेमाल बढ़ाने जैसे कई सुझावों पर चर्चा होती रही है, लेकिन साफ है वे विकल्प किसानों तक अभी पहुंचाएं नहीं जा सके हैं।

वायु की गुणवत्ता को बढ़ाने एवं प्रदूषण कम करने और दिल्ली सहित देश के अन्य महानगरों-नगरों को रहने लायक बनाने की जिम्मेदारी केवल सरकारों की नहीं है, बल्कि हम सबकी है। हालांकि लोगों को सिर्फ एक जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभानी है, एंटीडस्ट अभियान भी निरन्तर चलाया जाना चाहिए। लोगों को खुद भी पूरी सतर्कता बरतनी होगी। लोगों को खुली जगह में कूड़ा नहीं फैंकना चाहिए और न ही उसे जलाया जाए। वाहनों का प्रदूषण लेवल चैक करना चाहिए। कोशिश करें कि हम निजी वाहनों का इस्तेमाल कम से कम करें और सार्वजनिक वाहनों का उपयोग करें। आम जनता की जिंदगी से खिलवाड़ करने वाली पटाखे जलाने की भौतिकतावादी मानसिकता को भी विराम देना जरूरी है। क्योंकि पटाखे जलाने से न केवल बुजुर्गों बल्कि बच्चों के जीवन पर खतरनाक प्रभाव पड़ने और अनेक रोगों के पनपने की संभावनाएं हैं। प्रदूषण मुक्त पर्यावरण की वैश्विक अभिधारणा को मूर्त रूप देने के लिये इको फ्रेंडली दीपावली मनाने की दिशा में सार्थक पहल करनी होगी, एक सकारात्मक वातावरण बनाना होगा। पराली ही तरह पटाखों उत्पन्न प्रदूषण खतरनाक हैं। पराली-पटाखें आज एक राजनीतिक प्रदूषण बन चुका है। इस प्रदूषण से ठीक उसी प्रकार लड़ना होगा जैसे एक नन्हा-सा दीपक गहन अंधेरे से लड़ता है। छोटी औकात, पर अंधेरे को पास नहीं आने देता। क्षण-क्षण अग्नि-परीक्षा देता है। पर हां! अग्नि परीक्षा से कोई अपने शरीर पर फूस लपेट कर नहीं निकल सकता। दिल्ली एवं पंजाब में एक ही दल ही सरकारें है, दूसरों पर आरोप लगाने की बजाय क्यों नहीं आम आदमी पार्टी की सरकार समाधान देती। पराली के प्रदूषण से दीपावली के गौरवपूर्ण सांस्कृतिक अस्तित्व एवं अस्मिता को धुंधलाने की बजाय पराली का स्थायी हल निकाला जाना चाहिए। पराली के प्रदूषण को पटाखों के प्रदूषण के नाम पर ढकने की कुचेष्टा से बचना चाहिए। दीपावली हमारी संस्कृति है, सभ्यता है, आपसी प्रेम है, इतिहास है, विरासत है और दीपों की कतारों का आश्चर्य है। पराली से दीपावली के आसपास होने वाले प्रदूषण को पटाखे का प्रदूषण कहना, अतिश्योक्तिपूर्ण विडम्बना एवं समस्या से मुंह फैरने की पलायनवादी मानसिकता है। वास्तव में यह सरकारों का गैर जिम्मेदाराना व्यवहार है, जिसने सबको जहरीले वायुमंडल में रहने को विवश किया है। सर्दियों के मौसम में हवा में घातक धातुएं होती हैं, जिससे सांस लेने में दिक्कत आती है। हवा में कैडमियम और आर्सेनिक की मात्रा में वृद्धि से कैंसर, गुर्दे की समस्या और उच्च रक्तचाप, मधुमेह और हृदय रोगों का खतरा बढ़ जाता है। इसमें पराली के प्रदूषण से घातकता कई गुणा बढ़ जाती है। पटाखों का प्रदूषण उससे भी घातक है। 300 से अधिक एक्यूआइ वाले शहरों की संख्या बढ़ती ही जा रही है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में रहने वाले सांस के रूप में जहर खींचने को क्यों विवश है, इसके कारणों पर इतनी बार चर्चा हो चुकी है कि उन्हें दोहराने की आवश्यकता नहीं।

# बच्चे से बुजुर्ग तक मंडराया डायबिटीज का खतरा

डायबिटीज उन गंभीर बीमारियों में से एक है जिसका खतरा काफी तेजी से बढ़ता हुआ देखा जा रहा है। बच्चे से बुजुर्ग में काफी आम हो चुकी यह समस्या अब सभी उम्र के लोगों को भी शिकार बना रही है। आइसीएमआर की एक रिपोर्ट के मुताबिकए भारत में डायबिटीज के मरीजों की संख्या 10़1 करोड़ से ज्यादा है। वर्ष 2019 में यह संख्या 7 करोड़ थी। मसलन सिर्फ चार साल में 4 करोड़ भारतीय डायबिटीक हो चुके हैं। रिपोर्ट अनुसारए गोवा 26़4 प्रतिशतए पुडुचेरी 26़3 प्रतिशत और केरल में 25़5 प्रतिशत में डायबिटीज का उच्चतम प्रसार देखा गया है। मप्र सहित उत्तर प्रदेशए बिहार और अरुणाचल प्रदेश में कुछ सालों में डायबिटीज के मरीजों में वृद्धि देखने को मिल सकती है।

दुनिया भर में डायबिटीज का खतरा घर घर मंडरा रहा है। खानपान और लाइफ स्टाइल में आये बदलाव के कारण यह रोग बच्चे से बुजुर्ग तक को अपना शिकार बना रहा है। खराब जीवनशैली से आज भारत में लोग बड़ी संख्या में बीमारियों का शिकार हो रहे हैंए जिनमें डायबिटीजए हाईपरटैंशनए मोटापा तथा हाई कोलैस्ट्रोल मुख्य हैं। इनमें डायबिटीज के रोगियों की संख्या बहुत तेजी से बढ़ेगी। साइंस पत्रिका लेसेन्ट के एक ताजा शोध के मुताबिक दुनिया में जितने मरीज हैंए उसमें से 17 प्रतिशत से ज्यादा अकेले भारत में हैंण ताजा आंकड़ों के मुताबिक भारत में अभी करीब 101 मिलियन ;10 करोड़द्ध से अधिक लोग डायबिटीज की चपेट में हैं। यूके मेडिकल जर्नल लैंसेट में प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसारए 2019 में 70 मिलियन लोगों की तुलना में भारत में अब 101 मिलियन से अधिक लोग



डायबिटीज के साथ जी रहे हैं। अध्ययन के अनुसारए कम से कम 136 मिलियन लोग प्री.डायबिटीज है। देश में डायबिटीज के मरीज तेजी से बढ़ रहे हैं। भारत की 11़4 फीसदी आबादी डायबिटीज की चपेट में है। आने वाले दिनों में यह संख्या और तेजी से बढ़ सकती है। ऐसे में इसे कंट्रोल करना बेहद जरूरी है। देश के कई राज्यों में डायबिटीज के मरीज तेजी से बढ़ रहे हैं। डायबिटीज के मरीज लाइफस्टाइल और खानपान का ख्याल रखकर इससे छुटकारा पा सकते हैं। देश में डायबिटीज के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ती जा रही है। खानपान और बिगड़ी हुई लाइफस्टाइल डायबिटीज के लिए जिम्मेदार हैं। लेकिन एक कारण और है जिससे डायबिटीज की समस्या हो सकती है। नींद की कमी से डायबिटीज की समस्या बढ़ सकती है। हेल्थ एक्सपर्ट के मुताबिकए अगर आप रोजाना अच्छी नींद ले रहे हैं तो ब्लड शुगर कंट्रोल रहता है और डायबिटीज का खतरा कम होता है।

भारत में डायबिटीज के मरीजों की संख्या हर रोज बढ़ रही हैं। लगभग हर 5 भारतियों में से 2 भारतीय को डायबिटीज की समस्या हैं। डायबिटीज में ब्लड शुगर का लेवल हाई होने के कारण त्वचा शुष्क होती है जिससे शरीर में सूजनए लाल धब्बेए खुजलीए चकत्ते जैसी चीजें हो जाती हैं। डायबिटीज एक ऐसी बीमारी है जिसे हम साइलेंट किलर के तौर पर जानते थे मगर अब वह मेन किलर हो गई है। बच्चे से बुजुर्ग तक हर आयु का व्यक्ति इस बीमारी का शिकार हो रहा है। अस्पतालों और जाँच केंद्रों पर डायबिटीज के रोगी बड़ी संख्या में देखे जा रहे है। भारत में हर पांचवें व्यक्ति को इस बीमारी ने घेर रखा है।

स्वस्थ व्यक्ति में खाने के पहले ब्लड में ग्लूकोस का लेवल 70 से 100 एमजी डीएल रहता है। खाने के बाद यह लेवल 120.140 एमजी डीएल हो जाता है और फिर धीरे.धीरे कम होता चला जाता है। मधुमेह हो जाने पर यह लेवल सामन्य नहीं हो पाता और बढ़ता जाता है।

भारत को डायबिटीज की खान कहा जाता है। डायबिटीज रोग वैश्विक और गैरण्संचारी महामारी का रूप धारण कर चुका है। भारत में व्यस्त एवं भागमभाग वाली जिंदगीए खानपान की खराबी तनावपूर्ण जीवनए स्थूल जीवन शैलीए शीतल पेय का सेवनए धूम्रपानए व्यायाम कम करने की आदत और जंक फुड का अधिक सेवनए मोटापा के कारण डायबिटीज का प्रकोप बढ़ रहा है। बच्चों का अब खेलकूद के प्रति रूझान घटना और मोबाइल कंप्यूटर खेलों की तरफ बढ़ना टीवी से चिपके रहना और जंक फूड खाने से बच्चे भी इस रोग के शिकार हो रहे हैं। डायबिटीज को खत्म तो नहीं किया जा सकता है पर उसे नियंत्रित अवश्य किया जा सकता है। इसके लिए कई इलाज है पर प्राकृतिक इलाज सबसे बेहतर हैए जिसमे योग की बड़ी महत्ता है। रोज सुबह उठकर प्राणायामए व्यायाम व आसन करने से इस पर नियंत्रण किया जा सकता है।

बाल मुकुन्द ओझा
वरिष्ठ लेखक एवं पत्रकार
डी 32ए मॉडल टाउनए मालवीय नगरए जयपुर
मोण. 9414441218

## नदी में गिरे नाले तो आयेगा उबाल

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** बेड़ीपुलिया से मंदाकिनी पुल तक बन रहे नाले की गंदगी एक ओर मुक्तिधाम तो दूसरी ओर पुलघाट में गिराने की तैयारी है। बिना एसटीपी बनाए नाले की गंदगी सीधे मन्दाकिनी में गिराने पर बुंदेली सेना ने गहरा आक्रोश जताया है। नदी की स्वच्छता व अविरलता को खत्म करने के प्रयास हैं। नाला बनाने वाला विभाग सब किए कराए पर पानी फेरने की तैयारी कर रहा है। मुक्तिधाम व पुलघाट मे नाले की गंदगी गिराई तो जन आंदोलन होगा।

मंगलवार को बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि बेड़ीपुलिया से मन्दाकिनी पुल तक हाइवे के दोनों ओर नाला बन रहा है। भई गति सांप छछूंदर जैसी स्थिति वाला ये नाला जिले में चर्चा का विषय है। जहां जगह मिली वहां से नाला घूम गया। सारे मानक व नियम नाले के निर्माण में धता बता दिये गये। नाले के एक छोर को पुलघाट में सिंचाई विभाग की नाली से जोड़ा जा रहा है, जबकि दूसरी ओर के नाले को मुक्तिधाम जाने वाली सड़क के पास गिरा दिया गया है। अभी घरों के गंदे पानी के पाइप नाले में नहीं लगे। नाला निर्माण पूरा होने पर सैकड़ों घरों की गंदगी पुलघाट व मुक्तिधाम के रास्ते में गिरेगी। अजीत सिंह ने बताया कि बिना एसटीपी बनाए नाले को सीधे मन्दाकिनी में गिराने पर हाहाकार मचेगा। पुलघाट में लोगों का नहाना दूभर हो जाएगा। मुक्तिधाम के आसपास नदी भयंकर प्रदूषित हो जायेगी। एक ओर प्रशासन नदी में सीधे गिर रहे नालों को टैप कराने की बात कर रहा है। दूसरी ओर नए दो नाले सीधे नदी में गिराने की तैयारी है। नाला निर्माण कर रहे विभाग ने नालों की गंदगी सीधे नदी में उलेड़ी तो आंदोलन होगा। अंधेरगर्दी विभाग नाले के निर्माण में तो कर सकता है, लेकिन नदी में गंदगी गिराने की मंशा रही तो जन भावनाओं में उबाल आना तय है।

## दस लीटर महुआ शराब समेत एक दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण/बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर श्रीमती रीता सिंह की अगुवाई में दरोगा रविन्द्र कटियार की टीम ने वीरेन्द्र सोनकर पुत्र राजकुमार निवासी बाल्मीकिनगर के कब्जे से दस लीटर महुआ शराब समेत गिररफ्तार किया। टीम में दरोगा रविन्द्र कटियार व दीवान कमलाकान्त द्विवेदी शामिल रहे।

## कांग्रेसियों ने पटेल व इन्दिरा को किया याद



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** कांग्रेस जिला कार्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती व भारत रत्न आयरन लेडी/पूर्व प्रधानमंत्री स्व श्रीमती इंदिरा गांधी का शहादत दिवस पर महापुरुषों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कांग्रेसियों ने याद किया।

मंगलवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल की अध्यक्षता में हुई गोष्ठी में जिलाध्यक्ष ने कहा कि सरदार पटेल ने देश की एकता-अखंडता को काम कर देश के विकास में पटेल का बहुत बड़ा योगदान है। उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उनके बताए मार्ग पर चलकर कांग्रेस के हाथों को मजबूत करें। मप्र में चल रहे चुनाव में कांग्रेस को जितायें। पीसीसी सदस्य रंजना बरातीलाल पांडे ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने साहस-कुशलता से देश को आगे बढ़ने का काम किया था। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष अवधेश करवरिया, राकेश वर्मा, यमुना शुक्ला, विजयमणि त्रिपाठी, शिवगुलाम वर्मा, गज्जू प्रसाद फौजी, कुलदीप मिश्रा, राजेश कुमार सिंह, नीरू गुप्ता, ओमप्रकाश गुप्ता, महेंद्र सिंह, अजय यादव, ओम प्रकाश गुप्ता, इंद्रपाल, चंद्रशेखर सिंह, दल्लू राम आदि मौजूद रहे।

## एएसपी ने सेवानिवृत्ति कर्मियों को दी भावभीनी विदाई



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस कार्यालय स्थित राघव प्रेक्षागार में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी की अध्यक्षता में पुलिस विभाग में सेवा पूरी करने वाले अधिकारी/कर्मचारी की विदाई समारोह में एएसपी ने सेवानिवृत्त कर्मियों को भावभीनी विदाई देते हुए कहा कि अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

मंगलवार को क्षेत्राधिकारी कार्यालय शिवप्रकाश सोनकर, दरोगा संतलाल आजाद व दीवान रामप्रताप सिंह को एएसपी ने माला पहनाकर प्रशस्ति पत्र एवं उपहार भेंटकर भावभीनी विदाई दी। सेवानिवृत हो रहे अधिकारी/कर्मचारी के परिजन मौके पर मौजूद रहे। सभी लोगों का मुंह मीठा कराया। एएसपी ने कहा कि घर जाकर सभी लोग स्वास्थ्य का ध्यान रखें। निरन्तर व्यायाम करते रहें। जीवन का अमूल्य समय पुलिस विभाग को दिया है। सभी लोगों के सुखद जीवन एवं परिवार की तरक्की की कामना की। इस दौरान प्रतिसार निरीक्षक शिवनारायण, प्रभारी मीडिया सेल निरीक्षक विजय सिंह, दरोगा एपी रामदीन, प्रधान लिपिक केशव शुक्ला, पेशकार एएसपी राजकुमार आदि मौजूद रहे।

## डीएम के समक्ष क्रीडा अधिकारी ने पेश की रुपरेखा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला खेल विकास प्रोत्साहन समिति की बैठक स्पोर्टस स्टेडियम में जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द की अध्यक्षता में हुई। सभी सदस्यों ने परिचय दिया। जिलाधिकारी ने क्षेत्रीय कीड़ा अधिकारी को प्रोत्साहन समिति की संक्षिप्त रुपरेखा पेश करने के निर्देश दिये। क्षेत्रीय कीड़ा अधिकारी विजय कुमार ने बताया कि 759000 रुपए जिला खेल विकास प्रोत्साहन समिति के खाते में हैं। मंगलवार को जिलाधिकारी को बताया कि उनकी अनुमति से खेल सामग्री खरीदी गई। प्रोत्साहन समिति में प्रतियोगितायें कराने को उपकरण खरीदने को धनराशि देना आवश्यक है। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी विभाग प्रोत्साहन समिति के सदस्य धनराशि जमा करायें। अत्याधुनिक जिम शुरू करने, ट्रेनर रखने, फीस निर्धारण पर चर्चा हुई। प्रत्येक को 700 फीस व 500 पंजीयन फीस जिम में अभ्यास करने वालों से ली जाए। बैडमिंटन हॉल को तैयार करने व विधायक निधि से क्रिकेट फ्लड लाइट जल्द लगवाने के निर्देश दिये। बैठक में कोआपरेटिव बैंक चेयरमैन पंकज अग्रवाल, सांसद प्रतिनिधि शक्ति प्रताप सिंह तोमर, सीएमओ, डीएसओ, जिला युवा कल्याण अधिकारी, डीईओ, दिव्यांगजन अधिकारी, आरआई पुलिस लाइन, अजय कुमार अग्रवाल, गिरीश अग्रवाल, स्वप्निल अग्रवाल, बीएसए, जिला विद्यालय निरीक्षक, कृष्णा, श्याम सुंदर, अंगद सिंह, फिरोज अंसारी आदि मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय एकता-अखंडता की जगह-जगह दिलाई शपथ

## सीआईसी में सम्मानित हुए चार लोग, बच्चे हुए पुरस्कृत



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पूर्व प्रधानमंत्री सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती जिले में धूमधाम से एकता दिवस के रुप में मनाई गई।

मंगलवार को जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने आधुनिक भारत के शिल्पकार, भारत की एकता को एक सूत्र में पिरोने वाले, राष्ट्रीय एकता-अखंडता के प्रतीक, स्वतंत्र भारत के प्रथम गृह मंत्री/उप प्रधानमंत्री भारत रत्न-लौह पुरुष सरदार वल्लभ झावेर भाई पटेल सरदार पटेल के नाम से प्रसिद्ध की जयंती पर राष्ट्रीय एकता दिवस कलेक्ट्रेट सभागार में चित्र पर माल्यार्पण कर शपथ दिलाई। एडीएम श्रीमती बंदिता श्रीवास्तव समेत कलेक्ट्रेट के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

इसी क्रम में लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल जयंती पर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला, अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी, सीओ प्रज्ञान अनुज दुबे ने पुलिस कार्यालय में पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किये। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक ने सभी लोगों को राष्टीय एकता व अखण्डता की शपथ दिलायी। इस मौके पर प्रतिसार निरीक्षक शिवनारायण, पीआरओ निरीक्षक गुलाब त्रिपाठी, प्रभारी मीडिया सेल निरीक्षक विजय सिंह, वाचक पुलिस अधीक्षक पारितोष दीक्षित आदि मौजूद रहे।

देश की एकता के सूत्रधार सरदार बल्लभ भाई पटेल जयंती पर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सीओ श्रीमती निष्ठा उपाध्याय ने थाना मऊ, सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय ने क्षेत्राधिकारी कार्यालय कालूपुर, सीओ मऊ जयकरन सिंह ने थाना मऊ व जिले के सभी थानों/चैकियों में राष्ट्र के प्रति उनके समर्पण को यादकर पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए।

जिला प्रोबेशन अधिकारी पंकज कुमार मिश्रा के निर्देश पर राष्ट्रीय एकीकरण के शिल्पकार लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस पर पटेल के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर वन स्टाफ सेंटर में चित्रकला प्रतियोगिता हुई। जेएम इंटर कॉलेज कर्वी में शपथ दिलाई। मिशन शक्ति-4 के तहत बालिकाओं को हेल्पलाइन नंबर व लाभकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। चित्रकला प्रतियोगिता में विजेता टीम को बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ शील्ड देकर सम्मानित किया। पेन बिस्किट, नमकीन देकर प्रोत्साहित किया। महिला शक्ति टीम से महिला कल्याण अधिकारी प्रिया माथुर, जिला समन्वयक मीनू सिंह, वन स्टॉप सेंटर से केंद्र प्रभारी अर्चना साहू, केस वर्कर रंजीता पांडे मौजूद रही।

चित्रकूट इंटर कॉलेज कर्वी सभागार में लौह पुरुष सरदार पटेल के चित्र पर पुष्पांजलि व दीप जलाकर आओ करके सीखे ग्रुप ने प्रतिष्ठित पुरस्कार चित्रकूट रत्न जिले के चार विभूतियों को दिया। इनमें शिवलाल राजपूत संस्थापक ज्ञान भारती इंटर कॉलेज, हरिमोहन सिंह संस्थापक हरिमोहन इंटर कॉलेज बछरन, हीरालाल सोनी समाजसेवी व शंकर प्रसाद यादव वरिष्ठ पत्रकार को मिले। संयोजक आओ करके सीखें ग्रुप के संस्थापक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि समारोह में विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र समेत शील्ड, साइकिल, घड़ियां व बैग, थर्मस, टिफिन पाकर बच्चे चहक उठे। 14 बच्चों को साइकिल, 60 बच्चों को घड़ियां, 70 बच्चों को बैग, 84 बच्चों को थरमस, 110 बच्चों को टिफिन मिले। पुरस्कार जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, सांसद पुत्र सुनील सिंह पटेल, बांदा-चित्रकूट डिस्ट्रिक्ट कोऑपरेटिव बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, सांसद प्रतिनिधि शक्ति प्रताप सिंह तोमर, रेल परामर्श समिति सदस्य राजकुमार तिवारी, छैलबिहारी सिंह ने दिये। जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव ने आओ करके सीखे ग्रुप की सराहना की। बच्चों की योग्यता व क्षमता निखारने का मौका मिलता है। संचालन अरुण कुमार श्रीवास्तव व शैलेंद्र कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम में फूलचंद चंद्रवंशी, रामबचन सिंह, विनोद सिंह हाड़ा, लालमन, डॉ रमेश कुमार सिंह, शैलेंद्र कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

## आज से होगी धान खरीद, 2183 रुपये प्रति कुंतल होगी खरीद



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने धान खरीद बाबत कार्यशाला व तैयारियों की समीक्षा में कहा कि धान खरीदते समय सफाई पर विशेष ध्यान दें। धान रिजेक्ट न किया जाये। मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी को जिला खरीद अधिकारी/अपर जिलाधिकारी ने धान क्रय केन्द्र प्रभारियों को निर्देश दिए। जिला खाद्य विपणन अधिकारी ने कहा कि जिले में कुल 14 क्रय केन्द्र खुले हैं। खाद्य विभाग के 4 क्रय केन्द्र, पीसीएफ के 8 क्रय केन्द्र, मंडी समिति के एक क्रय केंद्र एवं भाखानि के एक क्रय केन्द्र हैं। धान खरीद एक नवंबर से शुरू होकर 28 फरवरी तक चलेगी। धान क्रय केन्द्र सवेरे नौ बजे से शाम पांच बजे तक खोले जायेंगे।

किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य 2183 रुपए प्रति क्विंटल से धान खरीदा जायेगा। मूल्य समर्थन योजना के तहत 2023-24 में जिले में क्रय लक्ष्य 20000 मीट्रिक टन है। जब तक किसान क्रय केन्द्रों पर धान लेकर आयेंगे, उनकी खरीद की जायेगी। जिलाधिकारी ने चकबंदी ग्राम के रकबों के सत्यापन में सतर्कता बरतने के निर्देश दिये। रैंडम आधार पर सत्यापन की क्रास चेकिंग कराई जाएगी। उपजिलाधिकारी ने किसानों के बोये रकबे का सत्यापन खतौनी तथा कृषक के नाम मिसमैच सत्यापन आनलाइन पोर्टल पर करते हुये डिजिटल सिग्नेचर से किया जाये। तैयारियों की समीक्षा दौरान क्रय केन्द्रों पर धान खरीद को इलेक्ट्रानिक कांटा, नमी मापक यंत्र, छलना, विनोइंग फैन, विश्लेषण किट, ई पाप मशीन आदि व्यवस्था करने के निर्देश दिये। राजपत्रित एवं रविवार अवकाशों को छोड़कर शेष कार्य दिवसों में धान क्रय केन्द्र खुले रहेंगे। प्रत्येक धान क्रय केन्द्र पर धान का एक मानक नमूना प्रदर्शित किया जाये। क्रय केन्द्रों में किसानों को पीने को पानी, बैठने की व्यवस्था, वाहन पार्किंग को स्थान रखा जाए। किसान के स्वयं उपस्थित न होने की दशा में किसान के पंजीकरण के समय पंजीकरण प्रपत्र में दिये परिवार के सदस्य का बायोमैट्रिक प्रमाणीकरण कराते हुये धान क्रय किया जायेगा। इस मौके पर जिला खाद्य विपणन अधिकारी अविनाश कुमार झा, चारों उपजिलाधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, एआर कापरेटिव, जिला प्रबंधक पीसीएएफ एवं एफसीआई के अधिकारी समेत क्षेत्रीय विपणन अधिकारी एवं गेंहू क्रय केंद्र प्रभारी मौजूद रहे।

## डीएम खफाः लक्ष्य के सापेक्ष नहीं मिल रहे पात्र लाभार्थी

## सीएम विवाह योजना में ढूंढे नहीं मिल रहे लाभार्थी

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने सभी अधिशासी अधिकारियों, खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन से मिले निर्देश में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के ऑनलाइन पोर्टल से पात्रों के सामूहिक विवाह को ऑनलाइन आवेदन व्यवस्था लागू की गई है। प्रमुख सचिव/निदेशक समाज कल्याण लखनऊ स्तर से योजना के तहत निरंतर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जिले को दिये लक्ष्य के सापेक्ष प्राप्त ऑनलाइन आवेदन पत्रों की समीक्षा हो रही है।

मंगलवार को जिलाधिकारी ने कहा कि 19 अक्टूबर को प्रमुख सचिव समाज कल्याण स्तर से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में जिले में लक्ष्य के सापेक्ष कम आवेदन पर नाराजगी जताई गई। 27 अक्टूबर तक जिले में लॉगिन से मिले आवेदन पत्रों में विकासखंड कर्वी में लक्ष्य 220 के सापेक्ष आवेदन 12, मानिकपुर में 155 लक्ष्य के सापेक्ष तीन, मऊ में 144 लक्ष्य के सापेक्ष 18, पहाड़ी में लक्ष्य 183 के सापेक्ष 22, रामनगर में 95 लक्ष्य के सापेक्ष 5, नगर पालिका कर्वी में 59 लक्ष्य के सापेक्ष दो, नगर पंचायत मानिकपुर में 14 लक्ष्य के सापेक्ष 4, राजापुर में 12 लक्ष्य के सापेक्ष शून्य एवं मऊ में 16 लक्ष्य के सापेक्ष 4 आवेदन ऑनलाइन पोर्टल पर भरे गए हैं। जिले में 898 आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष मात्र 70 आवेदन जमा हुए हैं।

उन्होंने कहा कि जाहिर है कि योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार नहीं हुआ। पात्रों को आवेदन के प्रति प्रोत्साहित नहीं किया जा रहा। योजना के तहत निदेशालय समाज कल्याण विभाग ने 250 जोड़ों का विवाह कराने को बजट दिया है। 23-24 नवंबर को 250 जोड़ों का विवाह कराना है। निदेशालय समाज कल्याण विभाग के निर्देश के क्रम में विकासखंड एवं नगर निकाय स्तर पर कैम्प में योजना का प्रचार-प्रसार करने एवं इच्छुक लाभार्थियों का ऑनलाइन आवेदन मौके पर लेने के निर्देश मिले है।। एक नवंबर को मातहत कर्मियों की ड्यूटी लगाकर विकासखंड नगर निकाय स्तर पर प्रचार प्रसार कर इच्छुक लाभार्थियों के ऑनलाइन आवेदन मौके पर लें, ताकि योजना के तहत आवंटित लक्ष्य की पूर्ति हो सके।

## दिल्ली विश्वविद्यालय के हिंदू कॉलेज ने 15 छात्रों को 4 महीने के लिए निष्कासित किया




**नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय** के नॉर्थ कैंपस स्थित हिंदू कॉलेज ने 15 छात्रों को अनुशासनहीनता के आरोप में निष्कासित किया है। इन छात्रों पर छात्र संघ चुनाव के दौरान अनुशासनहीनता करने का आरोप है। इसके अलावा कॉलेज का कहना है कि अनुशासनहीनता के मामले में तीन अन्य छात्रों के खिलाफ शिकायत पर अभी कार्रवाई चल रही है।

कॉलेज प्रशासन के मुताबिक अनुशासनात्मक समिति ने सभी 15 छात्रों को चार महीने के लिए निष्कासित किया है। निष्कासित छात्रों को एक शपथ पत्र में वचन देने के लिए कहा गया है कि वे भविष्य में ऐसी किसी भी गतिविधि में शामिल नहीं होंगे। हिंदू कॉलेज के मुताबिक कॉलेज की अनुशासनात्मक संसाधन समिति की सिफारिशों पर इस मामले का संज्ञान लिया गया था। जांच में पता लगा कि यह छात्र स्टूडेंट यूनियन इलेक्शन के दौरान चुनाव प्रक्रिया में व्यवधान कर रहे थे।

हिंदू कॉलेज के प्रिंसिपल ने इस संबंध में जानकारी देते हुए सोमवार को बताया कि तीन अन्य छात्रों के खिलाफ भी कार्रवाई चल रही है। हिंदू कॉलेज की प्रिंसिपल प्रोफेसर अंजू श्रीवास्तव के मुताबिक छात्रों को व्यवधान उत्पन्न करने के लिए एक सीमित अवधि तक रस्टीकेट किया गया है।

कॉलेज के मुताबिक तीन दिन पहले 27 अक्टूबर को एक ई-मेल के जरिए, कॉलेज की अनुशासनात्मक संसाधन समिति ने छात्रों को इस संबंध में सूचित किया था। आरोपी छात्रों को बताया गया कि 15 से 18 सितंबर के बीच छात्र संघ के चुनाव के दौरान छात्रों द्वारा अनुशासनहीनता की गई।

जानकारी के मुताबिक छात्रों को इन कथित घटनाओं व उसमें उनकी संलिप्तता की तस्वीरें और वीडियो भी दिखाए गए। इसके लिए समिति ने इसी महीने एक बैठक की थी। साथ ही समिति ने यह फोटो और वीडियो ईमेल के जरिए छात्रों को भी भेजे हैं।

गौरतलब है कि हिंदू कॉलेज के कई छात्रों ने सितंबर में कॉलेज में केंद्रीय पार्षदों व प्रधानमंत्री के पद के नामांकन खारिज होने पर भूख हड़ताल की थी। हिंदू कॉलेज में छात्र संघ के प्रमुख को प्रेसिडेंट न बुलाकर 'प्रधानमंत्री' कहा जाता है। कॉलेज का तर्क था कि आवेदन करने वाले छात्रों की कॉलेज की कक्षाओं में उपस्थित कम है।

यही कारण बताते हुए नामांकन रद्द किया गया था। इस घटना के बाद कॉलेज में विवाद काफी बढ़ गया था। आरोपी छात्रों में से कुछ ने पहचान न बताए जाने की शर्त पर कहा कि कॉलेज ने कक्षाओं में अनुपस्थित का मुद्दा उठाया और प्रैक्टिकल में उनकी उपस्थिति पर विचार नहीं किया।

कॉलेज में इस दौरान केवल थ्योरी कक्षाओं में उपस्थिति का रिकॉर्ड चेक किया। इन छात्रों ने कॉलेज व विश्वविद्यालय प्रशासन से उनकी उपस्थिति पता करने के लिए एक नोटिस जारी करने की मांग की है।

## अवैध वसूली में लिप्त बाइक समेत गिरफ्तार




**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में सीओ राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय की देखरेख में प्रभारी निरीक्षक राजापुर भाष्कर मिश्रा की अगुवाई में दरोगा प्रभाकर उपाध्याय की टीम ने वांछित पंकज उर्फ विमल शुक्ला पुत्र रूद्र नारायण निवासी हन्ना विनैका को मोटरबाइक समेत गिरफ्तार किया है।

ज्ञात है कि 28 अक्टूबर को मऊ थाने के मंडौर गांव के धर्मेन्द्र स्वरूप पुत्र सत्यस्वरूप त्रिपाठी ने राजापुर थाने में सूचना दी कि सिरावल गांव के पंचायत भवन के पास हन्ना विनैका के पंकज उर्फ विमल ने पुरानी रंजिश से लाठी-डण्डे से मारपीट कर भैस खरीदने को झोले में रखे पचास हजार रुपए व मोटरबाइक छीनकर अवैध वसूली कर रहा है। पुलिस ने उचित धाराओं में मामला दर्जकर दरोगा प्रभाकर उपाध्याय ने नांदी तिराहा से पंकज उर्फ विमल शुक्ला पुत्र रूद्र नारायण को वादी की मोटरबाइक समेत गिरफ्तार किया। टीम में दरोगा प्रभाकर उपाध्याय व सिपाही मनोज कुमार शामिल रहे।

## फिरका परस्तों से लडने को पीडीए जरूरीः शिवशंकर




**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सपा जिला कार्यालय में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 148वीं जयंती पर सपाइयों ने माल्यार्पण कर जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव की अध्यक्षता में गोष्ठी की।

मंगलवार को गोष्ठी में जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव ने कहा कि सरदार पटेल ने अनेकता में एकता का संदेश दिया, मौजूदा समय में इसकी बहुत जरूरत है। फिरका परस्त ताकतों से लड़ने को पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक, पीडीए को एकजुट होने की जरूरत है। इस मौके पर लोहिया वाहनी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष निर्भय सिंह पटेल, पूर्व विधायक वीर सिंह पटेल, अनिल शर्मा, नरेंद्र यादव, सत्यनारायण पटेल, सीताराम कश्यप, सियाराम गुप्ता, श्रीमती रमा यादव, डॉ सची गुप्ता, कुचारम प्रधान श्रीमती ऊषा वर्मा, मानिकपुर विधानसभा अध्यक्ष श्याम बिहारी यादव, कर्वी विधानसभा अध्यक्ष राजाबाबू यादव, एजाज हसन सिद्दीकी, अमरजीत यादव, निर्भय सिंह संतू, जागेश्वर यादव, हरिमोहन सिंह यादव, संदीप प्रजापति, निजाम सिद्दीकी, जलाल खान, मंगल सिंह यादव, रामसागर यादव, राजा यादव, शीलू यादव, सरनाम सिंह यादव, गोपीचंद, अश्वनी यादव, विक्की, विजय गौतम, शालिग राम कुशवाहा, राजीव लोचन त्रिपाठी, विनय सिंह यादव आदि सपाई मौजूद रहे।

## तीन चोर दबोच किया चोरी का खुलासा, चोरी का माल बरामद




**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी धरपकड अभियान में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ मऊ जयकरन सिंह की देखरेख में प्रभारी निरीक्षक मऊ राजेश कुमार द्विवेदी की अगुवाई में मऊ पुलिस ने चोरी का खुलासा कर तीन चोर को चोरी की नकदी, सोने-चांदी के जेवर, मोबाइल फान समेत गिरफ्तार किया।

ज्ञात है कि थाने के बरियारीकला गांव के खिलाड़ी राम पुत्र इन्द्रपाल ने 29 अक्टूबर को अज्ञात चोर घर से नकदी, सोने-चांदी के जेवर चुरा ले गये हैं। पुलिस ने मामला दर्जकर घटना के खुलासे की जिम्मेदारी दरोगा इन्द्रजीत गौतम को सौंपी। दरोगा की टीम ने बरियारी खुर्द पुलिया से रामभरोसे वर्मा पुत्र रघुवा निवासी बरियारीकला को कीपैड मोबाइल सैमसंग व एक जोडी पायल चांदी तथा ढाई हजार रुपये नगद, राजकिशोर उर्फ लाला पुत्र लवकुश निवासी बरियारीकला से एक स्मार्ट फोन, एक मंगलसूत्र, 35 सौ रुपये नकद तथा अरूण रैदास पुत्र भीमप्रकाश निवासी बरियारीकला से एक जोडी पायल, तीन हजार रुपये नगद समेत गिरफ्तार किया। बरामदगी पर धारायें बढ़ाई। टीम में दरोगा इन्द्रजीत गौतम, दीवान जुबैर अली, सिपाही रविन्द्र कुमार, अनुज कुमार शामिल रहे।

## खसरा दुरुस्त करने पर लेखपाल मांग रहा रुपये



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मानिकपुर तहसील के बराछीमाफी लौढिया गांव के केशवचन्द्र उर्फ भोंडा पुत्र मैकू व सुबिहिती पत्नी मैकू ने जिलाधिकारी को दिये पत्र में कहा कि खसरा दुरुस्त करने के नाम पर लेखपाल 25 हजार रुपये रिश्वत की मांग कर रहा है। पीडित ने जिलाधिकारी से शिकायत की बात कही तो लेखपाल ने कहा कि वह उसकी जमीन डूब क्षेत्र में नहीं चढायेगा। चढाने पर पचास हजार रुपये लेगा। मंगलवार को मानिकपुर तहसील के बराछीमाफी लौढिया गांव के केशवचन्द्र उर्फ भोंडा पुत्र मैकू व सुबिहिती पत्नी मैकू ने जिलाधिकारी को दिये पत्र में कहा कि उसकी बराछी गांव में भूमि है। भूमि गुन्ता बांध में कई वर्ष पहले डूब चुकी है। आज तक खसरे में अंकित नहीं किया। खसरा में भू-खंडों में गैरकानूनी ढंग से लाही फसल अंकित है। हल्का लेखपाल दिनकर वर्मा ने कहा कि खसरा दुरुस्त करने पर वह 25 हजार रुपये लेगा। ऐसा न करने पर वह चक्कर ही लगाता रहेगा। पीडित ने कहा कि लेखपाल उसके रुपये न देने पर भगा देता है। पीडित ने जिलाधिकारी से भू-खंडों का खसरा दुरुस्त कराने की मांग की है।

# यूएन में इजरायल के तीखे तेवर, 'येलो बैज' पहन जताया विरोध



**संयुक्त राष्ट्र**

इजरायल-हमास युद्ध का आज 25वां दिन है। इजरायली सेना लगातार हमास के ठिकानों को निशाना बना रही है। हालांकि, युद्ध के बीच संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में इजरायल-हमास युद्ध पर चर्चा हुई। इस दौरान इजरायली राजदूत संयुक्त राष्ट्र में येलो बैज पहने नजर आए।

**संयुक्त राष्ट्र की बैठक में भड़के इजरायली राजदूत**

दरअसल, संयुक्त राष्ट्र की बैठक में इजरायल के राजदूत अपनी टीम के साथ येलो बैज पहनकर पहुंचे।

इस दौरान उन्होंने हमास के हमलों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि जब तक संयुक्त राष्ट्र के सदस्य हमास के अत्याचारों की निंदा नहीं करेंगे, तब तक वह अपना बैज पहने रहेंगे।

**पिछले 80 सालों में कुछ नहीं सीखा- इजरायली राजदूत**

इजरायल के राजदूत गिलाद एर्डन ने कहा कि आपमें से कुछ लोगों ने पिछले 80 सालों में कुछ नहीं सीखा है। आप भूल गए हैं कि इसकी स्थापना क्यों की गई थी। इजरायली राजदूत ने 7 अक्टूबर को हमास आतंकियों द्वारा किए गए हमलों पर चुप रहने के लिए सुरक्षा परिषद की निंदा की।

**'मैं और मेरी टीम आज से पहनेगी येलो बैज'**

राजदूत ने कहा कि मैं आपको आज से यह बात याद दिलाता रहूंगा कि बुराई के सामने चुप रहने का क्या मतलब होता है। उन्होंने कहा कि अब से मैं और मेरी टीम येलो बैज पहनेगी। क्योंकि यहूदियों को नाजियों द्वारा येलो बैज पहनने के लिए मजबूर किया गया था। राजदूत ने कहा कि हम इसे गौरव के प्रतीक के रूप में पहनेंगे।

# स्पेस में 6 महीने बिताकर वापस लौटे 3 अंतरिक्ष यात्री, नए दल को भेजने की तैयारी शुरू



**ताइपे**

चीन के तीन अंतरिक्ष यात्री छह महीने तक चीन के परिक्रमा अंतरिक्ष स्टेशन में रहने के बाद मंगलवार की सुबह पृथ्वी पर लौट आए हैं। आधिकारिक शिन्हुआ समाचार एजेंसी ने कहा कि जिंग हैपेंग, झू यांग्झू और गुई हाई चाओ गोबी रेगिस्तान के किनारे जिओ क्वान सैटेलाइट लॉन्च सेंटर के पास रिटर्न कैप्सूल से निकले। स्टेशन का नया दल पिछले सप्ताह तियांगोंग स्टेशन पर पहुंच गया है। स्टेशन का का पूरा हो गया है, अब नया दल चिकित्सा और वैज्ञानिक प्रयोग करेगा और उपकरणों को इसके अनुसार रखेगा।

**2023 तक चांद पर यात्री भेजने का प्लान**

चीन ने 2003 में अपना पहला मानवयुक्त अंतरिक्ष मिशन बनाया और 2030 से पहले चंद्रमा पर अंतरिक्ष यात्रियों को भेजने की योजना बनाई है। यह चंद्रमा की सतह से सैंपल वापस लाया है और चंद्रमा के कम खोजे गए सुदूर हिस्से पर एक रोवर उतारा है। भविष्य में योजना बनाई गई है कि ब्रह्मांड की गहराई से जांच करने के लिए एक नई दूरबीन भेजी जाएगी।

अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से बाहर किए जाने के बाद चीन ने अपना खुद का अंतरिक्ष स्टेशन बनाया। इसको निकालने का मुख्य कारण राष्ट्रीय अंतरिक्ष कार्यक्रम पर चीनी सैन्य नियंत्रण पर अमेरिका की चिंताएं थीं।

**अमेरिका का प्रतिद्वंद्वी बनकर उभरा बीजिंग**

बाहरी अंतरिक्ष में नए मील के पत्थर तक पहुंचने के लिए बीजिंग अमेरिका के साथ मुख्य प्रतिद्वंद्वी के रूप में उभरा है। यह प्रौद्योगिकी, व्यापार, सैन्य और राजनयिक क्षेत्रों में दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच प्रभाव की प्रतिस्पर्धा को दर्शाता है।

इसमें दक्षिण चीन सागर पर संप्रभुता का चीन का दावा और स्व-शासित ताइवान विवाद के विशेष बिंदु हैं।

## गाजा में काफी अंदर तक घुसी इजरायली सेना, हमास के कैद से महिला सैनिक को छुड़ाया

**यरुशलम**

इजरायली सेना गाजा में काफी अंदर तक घुस गई है। उसने कार्रवाई के दौरान अपनी एक बंधक महिला सैनिक को छुड़वा लिया। इस सैनिक को सात अक्टूबर को हमास के लड़ाकों ने इजरायल से अगवा कर लिया था और तभी से वह बंधक बनी हुई थी।

**महिला सैनिक को स्वास्थ्य जांच के लिए भेजा गया**

इस महिला सैनिक का नाम ओरी मेगिदिश बताया गया है। इस सैनिक को स्वास्थ्य जांच के लिए भेजा गया है, लेकिन दूर से देखने में वह स्वस्थ प्रतीत हो रही है।

**जर्मनी की बंधक युवती की मौत**

इस बीच जर्मनी की एक बंधक युवती शानी निकोल लुक के गाजा में लड़ाई की चपेट में आकर मारे जाने की सूचना है। इस युवती को सात अक्टूबर को इजरायल में चल रहे संगीत उत्सव से अगवा कर गाजा में बंधक बनाया गया था। जर्मनी के चांसलर ओलफ शुल्ज ने शानी की मौत पर दुख जताया है और उसकी हत्या को हमास का बर्बर कृत्य करार दिया है।

**हमास ने 229 लोगों का किया था अपहरण**

सात अक्टूबर के हमले में हमास लड़ाकों ने इजरायल से 229 लोगों का अपहरण किया था और उन्हें गाजा में विभिन्न स्थानों पर बंधक बनाकर रखा गया है। इनमें कई विदेशी नागरिक हैं। इनमें से चार महिलाओं को हमास ने रिहा कर दिया है, जबकि 50 के इजरायली हमलों में मारे जाने की जानकारी दी है।

**हमास ने बंधकों की रिहाई के लिए युद्धविराम की रखी शर्त**

बाकी सभी गैर सैन्य बंधकों की रिहाई के लिए कतर इजरायल और हमास के बीच बातचीत करवा रहा है। बातचीत में हमास गाजा में राहत सामग्री और डीजल-पेट्रोल की आपूर्ति के लिए पांच दिनों के युद्धविराम की शर्त रख रहा है। इजरायली सरकार के अनुसार, बंधकों में आधे से ज्यादा विदेशी हैं जो 25 देशों से आए थे।

## पाकिस्तान में कल से निकाले जाएंगे 17 लाख अफगान शरणार्थी, सरकार ने दिया था अल्टीमेटम

**इस्लामाबाद**

पाकिस्तान में अवैध रूप से रह रहे करीब 17 लाख अफगान नागरिकों समेत सभी शरणार्थियों के लिए स्वैच्छिक रूप से बाहर चले जाने की समय सीमा मंगलवार (31 अक्टूबर) को समाप्त हो रही है। ऐसे लोगों को बुधवार से देश से बाहर किया जाएगा। पाकिस्तान ने ऐसे सभी विदेशी नागरिकों को 31 अक्टूबर तक देश छोड़ने को कहा था। कार्यवाहक गृह मंत्री सरफराज बुगती ने सोमवार (30 अक्टूबर) को कहा कि जिन लोगों ने स्वैच्छिक रूप से देश नहीं छोड़ा है उन्हें कार्यवाहक सरकार चरणबद्ध तरीके से निष्कासित करेगी।

**एक नवंबर के बाद अवैध शरणार्थियों को निकालने का काम**

उन्होंने कहा, 'एक नवंबर के बाद सरकार चरणबद्ध तरीके से अवैध शरणार्थियों को निकालने का काम शुरू कर देगी।' कार्यवाहक गृह मंत्री ने पिछले तीन दिन के दौरान 20,000 से ज्यादा अवैध विदेशियों के स्वैच्छिक रूप से पाकिस्तान छोड़ने की पुष्टि की।

**प्रांतीय सरकारें इस अभियान में सक्रिय भूमिका निभाएंगी**

सरफराज बुगती ने कहा कि सभी प्रांतीय सरकारें इस अभियान में सक्रिय भूमिका निभाएंगी। पहले चरण में ऐसे लोगों को डिपोर्ट किया जाएगा, जिनके पास यात्रा दस्तावेज नहीं हैं। पाकिस्तान में वर्षों से रह रहे अवैध शरणार्थियों को अस्थायी केंद्रों में रखा जाएगा।

## यूक्रेन युद्ध को एशिया-प्रशांत क्षेत्र तक बढ़ाना चाहता है पश्चिम', रूस के रक्षा मंत्री ने लगाया आरोप

**बीजिंग**

रूस के रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगू ने आरोप लगाया कि पश्चिमी देश यूक्रेन युद्ध का विस्तार एशिया-प्रशांत क्षेत्र तक करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि नाटो इसको बढ़ावा दे रहा है। एशिया-प्रशांत क्षेत्र में संवाद की इच्छा जताना मात्र दिखावटी है। चीन में सबसे बड़े रक्षा राजनयिक जियांगशान फोरम में सोमवार को सर्गेई ने आरोप लगाया कि नाटो देश क्षेत्र में सैन्य मौजूदगी और रक्षा अभ्यास के जरिये हथियारों की दौड़ को सह दे रहे हैं।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# मानव शील्ड बना रहा हमास', अमेरिका का दावा- गाजा में आम नागरिकों की रक्षा की कोशिश में जुटा इजरायल



**वॉशिंगटन**

इजरायल हमास युद्ध का आज 25वां दिन है। इस युद्ध में अब तक 8,306 फलस्तीनी मारे जा चुके हैं। वहीं, 1400 से ज्यादा इजरायली लोगों की मौत हो चुकी है। गाजा पट्टी पर लगातार इजरायली सेना द्वारा बमबारी और सैन्य अभियान चलाई जा रही है।

युद्ध की वजह से गाजा में मौजूद कई निर्दोष नागरिकों की भी मौत हो चुकी है। गाजा में ना तो राहत शिविर सुरक्षित है और ना ही अस्पताल।

**गाजा के हालात पर अमेरिका ने जताई चिंता**

इजरायली सैनिकों द्वारा किए जा रहे बमबारी और गोलीबारी की वजह से गाजा में लोग हर पल मौत के साये में जीने के लिए मजबूर हैं। इस बात पर अमेरिका सहित पूरी दुनिया चिंतित है। कुछ दिनों पहले अमेरिका ने इजरायल से यह अनुरोध किया था कि इजरायली सैनिक निर्दोष नागरिकों पर हमला न करें। वहीं, जरूरी है कि इजरायल, गाजा में मौजूद आतंकियों और नागरिकों के बीच अंतर समझे।

**गाजा में निर्दोष लोगों के प्रति सहानुभूति रखता है इजरायलः जॉन किर्बी**

वहीं, अब सोमवार (30 अक्टूबर) को व्हाइट हाउस में नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल के प्रवक्ता जॉन किर्बी ने कहा कि उन्हें लगता है कि इजरायल, गाजा में मौजूद निर्दोष लोगों के प्रति सहानुभूति रखता है। वहीं, इजरायल की कोशिश है कि गाजा में कम से कम मानवीय क्षति पहुंचाई जाए। उन्होंने आगे कहा कि इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि इजरायल की लड़ाई गाजा में मौजूद निर्दोष नागरिकों से नहीं बल्कि आतंकवादियों से है। हमारा लक्ष्य सिर्फ हमास को खात्मा करना है।

**युद्ध की वजह से कई निर्दोष लोगों ने गंवाई जानः जॉन किर्बी**

जॉन किर्बी से जब पूछा गया कि क्या अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन को लगता है कि इजरायल युद्ध नियमों का पालन कर रहा है तो उन्होंने इसका सीधा जवाब नहीं दिया, लेकिन उन्होंने कहा कि इसमें कोई दो राय नहीं कि इस युद्ध में कई निर्दोष लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी है। जॉन किर्बी ने आगे कहा कि इजरायल का सिर्फ एक ही लक्ष्य है, वो है हमास को मिटाना। हमास फलस्तीनी नागरिकों को सुरक्षा ढाल (मानव शील्ड) के रूप में इस्तेमाल कर रहा है।

**नागरिकों को सुरक्षित ठिकानों पर जाने से रोक रहा हमासः इजरायल**

द टाइम्स ऑफ इजराइल की रिपोर्ट के अनुसार, इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि हमास नागरिकों को दक्षिणी गाजा में सुरक्षित क्षेत्र में जाने से रोक रहा है।

एक प्रेस ब्रीफिंग को संबोधित करते हुए नेतन्याहू ने कहा, "हमारी कोशिश है कि एक भी गाजा में मौजूद एक भी निर्दोष लोगों की मौत ना हो। हमास निर्दोष नागरिकों को सुरक्षित ठिकानों पर जानें दे।

निर्दोष नागरिकों की हत्या को लेकर हमास से सवाल से पूछे जाने की आवश्यकता है।"

## सीजफायर के लिए कहना, इजरायल को हमास के सामने सरेंडर करने के लिए कहने जैसा हैः नेतन्याहू



**तेल अवीव**

इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि इजरायल और गाजा के बीच सीजफायर के लिए कहना, मतलब हमास के सामने सरेंडर करना है। हम ऐसा बिल्कुल नहीं करेंगे।

**नेतन्याहू की दो टूक**

बेंजामिन नेतन्याहू ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि मैं युद्ध विराम को लेकर इजरायल की स्थिति स्पष्ट करना चाहता हूं। जिस तरह पर्ल हार्बर पर बमबारी के बाद या 9/11 के हमले के बाद अमेरिका युद्धविराम के लिए सहमत नहीं होगा। उसी तरह सात अक्टूबर के हमले के बाद इजरायल शत्रुता समाप्त के लिए सहमत नहीं होगा।

**'सीजफायर नहीं होगा'**

नेतन्याहू ने कहा कि सीजफायर के लिए कहना इजरायल से हमास, आतंक और बर्बरता के सामने आत्मसमर्पण करने के लिए कहने जैसा है। ऐसा नहीं होगा।

इजरायली पीएम ने कहा कि अब हर किसी के लिए यह तय करने का समय आ गया है कि वे आशा और वादे के भविष्य के लिए लड़ने को तैयार हैं या अत्याचार और आतंक के सामने आत्मसमर्पण करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि इजरायल सात अक्टूबर से युद्ध की स्थिति में है।

**'उनका लक्ष्य स्पष्ट है'**

नेतन्याहू ने कहा कि हमास के द्वारा सात अक्टूबर को की गयी भयावहता हमें याद दिलाती है कि हम बेहतर भविष्य के वादे को तब तक साकार नहीं कर पाएंगे, जब तक कि हम बर्बर लोगों से लड़ने के लिए तैयार नहीं होते, क्यों कि बर्बर लोग हमसे लड़ने के लिए तैयार हैं। उनका लक्ष्य स्पष्ट है।

वे हमें बर्बाद करना चाहते हैं। इजरायली पीएम ने कहा, हमास ने नरसंहार के बाद से हमारे लोगों द्वारा देखी गई सबसे खराब बर्बरता को अंजाम देकर यह युद्ध शुरू किया है। हमास ने बच्चों को उनके माता-पिता के सामने मार डाला, माता-पिता को उनके बच्चों के सामने मार डाला। उन्होंने लोगों

# आधुनिक समय का नाजी है हमास, पिछले 16 साल से फलस्तीनियों पर कर रहा अत्याचारः इजरायल



**न्यूयार्क**

'**हमास** आधुनिक समय का नाजी है। यह आतंकी समूह युद्ध का समाधान नहीं चाहता है। यह यहूदी लोगों के विनाश में रुचि रखता है।' ये बातें संयुक्त राष्ट्र में इजरायल के स्थायी प्रतिनिधि गिलाद एर्दान ने कही।

**'यहूदी लोगों के विनाश में है हमास की रूचि'**

इजरायल-हमास युद्ध पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक को संबोधित करते हुए गिलाद एर्दान ने कहा कि हमास आधुनिक समय का नाजी है।

हमास संघर्ष का समाधान नहीं ढूंढ़ रहा है। उन्हें बातचीत में कोई दिलचस्पी नहीं है। उसकी रूचि जिस एकमात्र समाधान में है, वह है यहूदी लोगों का विनाश।

**'16 सालों से फलस्तीनियों पर अत्याचार कर रहा हमास'**

एर्दान ने इस बात पर जोर दिया कि दुनिया नाजीवाद के उदय की तरह की तरह ही हमास पर भी बेहद खामोश है। हमास पिछले 16 सालों से फलस्तीनियों पर अत्याचार कर रहा है। उसने 2007 में जब गाजा में सत्ता संभाली तो सैकड़ों फलस्तीनियों की हत्या कर दी।

**'विरोध करने वालों को उतारा मौत के घाट'**

संयुक्त राष्ट्र में इजरायल के स्थायी प्रतिनिधि ने इस बात पर जोर दिया कि हमास नाजियों ने पिछले 16 साल गाजा पर शासन करते हुए बिताए हैं। इन 16 सालों में उन्होंने फलस्तीनियों के साथ दुर्व्यवहार किया और उनका विरोध करने वाले व्यक्तियों को मौत के घाट उतार दिया।

**'हमास ने फलस्तीनियों को ढाल के रूप में किया इस्तेमाल'**

एर्दान ने कहा कि हमास ने फलस्तीनियों को मानव ढाल के रूप में इस्तेमाल किया, अस्पतालों के नीचे आतंकी अड्डे बनाए और स्कूलों के बगल में मिसाइल लांचर बनाए। आप हमसे क्या करने की उम्मीद करते हैं?